वर्ष : 17 अंक : 235 लखनऊ गुरुवार, 4 सितंबर, 2025 पृष्ठ : 12, मूल्य: ₹4/-

# विश्ववार्ता

www.vishwavarta.com

सच्ची ख़बर, पैनी नज़र

नगर संस्करण **

मूल्य ₹4

मौसम

| | | |
|---|---|---|
| सूर्योदय | : | 5:46 |
| सूर्यास्त | : | 6:25 |
| अधिकतम | : | 31:00° |
| न्यूनतम | : | 26:00° |

ई-पेपर पढ़ने के लिए स्कैन करें हमारा क्यू आर कोड



बिना इजाजत ब्रांड्स ने इस्तेमाल कीं सोनाक्षी की फोटोज 10

हार्ले की सवारी से ब्रिक्स तक भारत.. 6 | 'आइए मिलकर तय करें भारत और यूपी... 12 | हॉकी एशिया कप में भारत Vs कोरिया 10

### कविता का पार्टी और एमएलसी पद से इस्तीफा

**हैदराबाद।** बीआरएस (भारत राष्ट्र समिति) नेता के. कविता ने बुधवार को पार्टी और एमएलसी पद से इस्तीफा दे दिया। इससे एक दिन पहले ही उन्हें बीआरएस से अनुशासनहीनता और पार्टी-विरोधी कामों के आरोप में निलंबित किया गया था।

कविता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने भाई और पार्टी नेता केटी राम राव (केटीआर) को चेतावनी दी कि वह चचेरे भाइयों हरीश राव और संतोष राव पर भरोसा न करें। उन्होंने कहा, इन्हीं दोनों की वजह से सीबीआई उनके पिता और पार्टी प्रमुख के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की जांच कर रही है। ऐसे नेता ही निजी फायदे के लिए परिवार को तोड़ रहे हैं। दरअसल, कविता ने 1 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के सहयोगियों पर केसीआर की छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। इसके बाद 2 सितंबर को केसीआर ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था।

# पाक-अफगान-बांग्लादेश से 2024 तक आये अल्पसंख्यक भारत में रह सकेंगे

## पहले वर्ष 2014 तक आये लोगों को थी इजाजत, सीएए के तहत केन्द्र सरकार का बड़ा फैसला

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने बुधवार को अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से 31 दिसंबर 2024 तक भारत आए वहां के अल्पसंख्यकों को राहत दी है। अब ये शरणार्थी (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) बिना पासपोर्ट के भारत में रह सकेंगे।

केंद्र ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत पासपोर्ट नियमों में बदलाव किया है। गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि इन समुदायों के लोग अगर वैध पासपोर्ट या दस्तावेजों के साथ भी आए थे और उनकी वैधता खत्म हो चुकी है, तब भी उन्हें रहने की छूट मिलेगी। पहले 2014 तक आए लोगों को परमिशन थी।

केंद्र सरकार ने 11 मार्च 2024 को देशभर में सीएए लागू किया था। सीएए के तहत इसी साल मई में पहली बार 14 लोगों को भारत की नागरिकता दी गई थी। केंद्र ने आज के आदेश में साफ किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां रहने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं होगी, बशर्ते वे भारत में सीमा मार्ग से प्रवेश करें। यह व्यवस्था पहले की तरह ही जारी रहेगी। हालांकि अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसके पास मान्य पासपोर्ट होना अनिवार्य होगा। भारतीय नागरिकों को भी नेपाल या भूटान की सीमा से भारत आने-जाने के लिए पासपोर्ट या वीजा की आवश्यकता नहीं





है लेकिन अगर वे नेपाल या भूटान के अलावा किसी अन्य देश से भारत लौटते हैं (चीन, मकाऊ, हॉन्गकॉन्ग और पाकिस्तान को छोड़कर), तो उन्हें मान्य पासपोर्ट दिखाना होगा।

भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के कर्मियों को जो ड्यूटी पर भारत में एंट्री या बाहर जा रहे हैं, उनके परिवार के सदस्यों को (अगर वे सरकारी परिवहन के साथ यात्रा कर रहे हों) पासपोर्ट या वीजा की जरूरत नहीं होगी। 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जा सकती है। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। भारतीय नागरिकों से सीएए का कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।

सीएए के तहत नागरिकता के लिए आवेदन ऑनलाइन करना होता है। आवेदक को बताना होता है कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर कर सकते हैं। इसके तहत भारत में रहने की अवधि 5 साल से अधिक रखी गई है। इस कानून से इतर नागरिकता हासिल करने के लिए यह अवधि 11 साल से अधिक है।

2016 में नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 (सीएए) पेश किया गया था। इससे 1955 के कानून में कुछ बदलाव किया जाना था। 12 अगस्त 2016 को इसे संयुक्त संसदीय कमेटी के पास भेजा गया। कमेटी ने 7 जनवरी 2019 को रिपोर्ट सौंपी थी। सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल को गृहमंत्री अमित शाह ने 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में पेश किया था। 11 दिसंबर 2019 को राज्यसभा में इसके पक्ष में 125 और खिलाफ में 99 वोट पड़े थे। 12 दिसंबर 2019 को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई।

### भारत और चीन से ऐसे कोई बात नहीं कर सकता : पुतिन

**बीजिंग।** रूस से तेल आयात को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर काफी नाराज हैं। उन्होंने 50 फीसदी टैरिफ लगाया हुआ है। साथ ही, चीन से भी ट्रंप के संबंध अच्छे नहीं हैं। बुधवार को चीन में सैन्य परेड में भाग लेने के बाद रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप और उनके प्रशासन को अच्छी तरह से समझाते हुए कह दिया कि कोई भी देश भारत और चीन से इस तरह से बात नहीं कर सकता है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप और उनके प्रशासन की ओर से लगातार दोनों देशों के खिलाफ बातें कही जा रही हैं।

पुतिन ने दोनों देशों को अपना साझेदार बताते हुए कहा कि टैरिफ व्यवस्था इन देशों के नेतृत्व को कमजोर करने का एक तरीका है। उन्होंने कहा कि ऐसा करना एक गलती है। पुतिन ने कहा कि बीजिंग और नई दिल्ली, दोनों के अपने घरेलू राजनीतिक तंत्र और कानून हैं और दोनों देशों ने अपने इतिहास में कठिन दौर देखे हैं।

# जीएसटी की अब दो दरें, 5% और 18%

## वित्तमंत्री बोलीं- रोटी, पिज्जा GST फ्री, हेल्थ-लाइफ इंश्योरेंस पर कोई टैक्स नहीं

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में 12% और 28% टैक्स स्लैब हटाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। यह जानकारी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि मौजूदा स्ट्रक्चर को सरल करने के लिए दो स्लैब 5% और 18% ही नवरात्रि के पहले दिन यानी 22 सितंबर से लागू किए जाएंगे। इससे करीब 175 आइटम्स सस्ते होंगे। हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी जीएसटी खत्म कर दिया गया है।

निर्मला सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पिज्जा ब्रेड, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। इसके अलावा सीमेंट पर टैक्स 28% से घटाकर 18% कर दिया गया है। इसके अलावा लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर 40% जीएसटी लगाया जाएगा। यह मीटिंग दो दिन (3-4 सितंबर) होनी थी, जिसे एक दिन में ही खत्म कर दिया गया है।

जीएसटी परिषद ने बुधवार को

**जीएसटी की नयी दरें 22 सितम्बर से लागू होंगी**



फुटवियर एवं परिधानों को पांच प्रतिशत कर के स्लैब में रखने का निर्णय लिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। अभी तक केवल 1,000 रुपये तक की कीमत वाले जूते-चप्पल एवं परिधान पर ही पांच प्रतिशत की दर से जीएसटी लगता था जबकि इससे अधिक कीमत वाले उत्पादों पर 12 प्रतिशत कर लगाया जाता था। माल एवं सेवा कर से संबंधित मामलों में निर्णय लेने वाले सर्वोच्च निकाय जीएसटी परिषद में लिए गए इस फैसले और परिधान अब सस्ते हो जाएंगे।

अब माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज और स्टार्टअप्स के लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन में लगने वाला समय 30 दिन से घटाकर सिर्फ 3 दिन कर दिया गया है। निर्यातकों को अब जीएसटी रिफंड ऑटोमेटिक मिलेगा। इस प्रस्ताव को भी मंजूरी मिल गई है, जिससे उनका काम आसान होगा। जीएसटी काउंसिल ने बीमा प्रीमियम की दरों में कटौती करने पर सहमति जताई है, जिससे स्वास्थ्य बीमा लेना सस्ता हो जाएगा। इसके साथ ही, जीवन रक्षक दवाओं पर भी जीएसटी दरें कम होने की उम्मीद है।

जीएसटी परिषद ने ऑटोमेटिक रिटर्न फाइलिंग सिस्टम लाने का प्रस्ताव भी रखा है, जिससे जीएसटी से जुड़े नियमों का पालन करना और भी आसान हो जाएगा। 20 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली लग्जरी इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर जीएसटी दर 5% से बढ़कर 18% हो सकती है। अगर यह प्रस्ताव मंजूर हो जाता है, तो टाटा मोटर्स, महिंद्रा, टेस्ला और मर्सिडीज-बेंज जैसी कंपनियों के लिए यह एक चुनौती बन सकता है। करीब 175 आइटम्स पर जीएसटी दरों में कटौती हो सकती है। जिनमें फूड इंग्रेडिएंट्स, बादाम, स्नैक्स, रेडी-टू-ईट आइटम, जैम, घी, मक्खन, अचार, मुरब्बा, चटनी, ऑटोमोबाइल, ट्रैक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एसी और रेफ्रिजरेटर आदि चीजें शामिल हैं।

### बदलाव जिंदगी को बेहतर बनाएंगे: मोदी

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'स्वतंत्रता दिवस पर दिए गए अपने भाषण में मैंने कहा था कि हम जीएसटी में अगली पीढ़ी के सुधार लाने का इरादा रखते हैं। केंद्र सरकार ने जीएसटी की दरों में बदलाव और प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया था। इसका मकसद आम लोगों की जिंदगी आसान बनाना और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। मुझे खुशी है कि जीएसटी काउंसिल (जिसमें केंद्र और सभी राज्य शामिल हैं) ने केंद्र सरकार के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसमें जीएसटी दरों में कटौती और कई सुधार शामिल हैं। जिनसे आम जनता, किसान, एमएसएमई, मध्यम वर्ग, महिलाएं और युवा सभी को फायदा होगा। ये बड़े बदलाव हमारे नागरिकों की जिंदगी बेहतर बनाएंगे और कारोबार करना आसान करेंगे। खासकर छोटे व्यापारियों और व्यवसायों को मदद मिलेगी।'

### जेलेंस्की के साथ बैठक के लिए मॉस्को तैयार

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि उन्होंने यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से मुलाकात की संभावना को खारिज नहीं किया है, लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि क्या कीव की मौजूदा राजनीतिक और संवैधानिक स्थिति को देखते हुए ऐसी बातचीत का कोई महत्व होगा। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि कीव और पश्चिमी देश व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएं तो इस संघर्ष का राजनीतिक समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि यदि समझदारी से काम लिया जाए तो यूक्रेन संघर्ष को समाप्त किया जा सकता है। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो हमें अपने लक्ष्यों को सैन्य तरीकों से हासिल करना होगा।

व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि मैंने कभी भी जेलेंस्की से मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया, लेकिन सवाल यह है कि क्या यह सार्थक होगा। रूसी नेता ने तर्क दिया कि यूक्रेन एक 'अवैध नेता' के कारण रुकावटों का सामना कर रहा है, एक ऐसा संविधान जो जनमत संग्रह और मार्शल लॉ प्रावधानों की मांग करता है, जिसे 'हमेशा के लिए' बढ़ाया जा सकता है। पुतिन ने जोर देकर कहा कि रूस का युद्ध का मकसद जमीन पर कब्जा करना नहीं, बल्कि विवादित क्षेत्रों में सांस्कृतिक और भाषाई अधिकारों की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि हम जमीन के लिए नहीं लड़ रहे।

# इंडस्ट्री—एकेडमिया समन्वय से देश बनेगा तकनीक व विकास का केंद्र

## आईआईटी कानपुर के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सीएम योगी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को आईआईटी कानपुर के 'समन्वय' से उद्योग-अकादमिक जुड़ाव कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि आज इंडस्ट्री और अकादमिक संस्थानों के सहयोग का मुद्दा केवल शोध और नवाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे-सीधे आम नागरिक के जीवन स्तर, वैश्विक चुनौतियों और सतत विकास से जुड़ा हुआ है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और सस्टेनेबिलिटी जैसे विषयों पर मंथन भारत को न केवल आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाएगा, बल्कि तकनीक और विकास का वैश्विक केंद्र स्थापित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम जिस विषय पर एकत्र हुए हैं, वह केवल इंडस्ट्री—एकेडमिया सहयोग का 'समन्वय' ही नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया के सामने खड़ी चुनौतियों से जुड़ा हुआ है। ये चुनौतियां सीधे-सीधे आम नागरिक के जीवन स्तर को प्रभावित करती हैं। इसीलिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और सतत विकास (सस्टेनेबिलिटी) जैसे तीन महत्त्वपूर्ण स्तंभों पर तकनीकी सत्र होंगे और चर्चा होगी। कभी 17वीं शताब्दी तक भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। वैश्विक जीडीपी में हमारा योगदान 25 प्रतिशत तक था। लेकिन 150-200 वर्षों में ऐसा क्या कुछ हुआ कि यह लगातार गिरता गया और 1947 तक आते-आते भारत का योगदान केवल 2 प्रतिशत रह गया।

### यूपी बनेगा डीपटेक हब

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में भारत के पहले राष्ट्रीय डीपटेक सम्मेलन (डीपटेक भार 2025) का भव्य शुभारंभ आईआईटी कानपुर से हुआ। इस दौरान आईआईटी कानपुर के डायरेक्टर प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को डीप–टेक लैब की स्थापना के संबंध में प्रस्तुतिकरण के जरिए जानकारी दी। मालूम हो कि यह ऐतिहासिक आयोजन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), सेमीकंडक्टर, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक और बायोसाइंसेज जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों पर केंद्रित है। सम्मेलन का उद्देश्य भारत को डीपटेक शक्ति के रूप में स्थापित करना और उत्तर प्रदेश को देश का पहला डीपटेक–रेडी राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाना है। यह पहल प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में भी सहयोग करेगी। साथ ही डीपटेक इकोसिस्टम का लाभ अब केवल महानगरों तक सीमित न रहकर टियर–2 और टियर–3 शहरों तथा वहां के युवाओं और स्टार्टअप्स तक पहुंचेगा। इससे छोटे शहरों के नवाचार सीधे राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर से जुड़ सकेंगे। सम्मेलन मंट डीपटेक पॉलिसी 2035, देश का पहला डीपटेक एक्सेलेरेटर और भारत का पहला एआई को–पायलट लॉन्च किया गया।

# नक्सलियों के सफाये तक चैन से नहीं बैठेंगे

## जवानों से मुलाकात कर अमित शाह ने दे दिया संदेश, बड़ी तैयारी

**एजेंसी**

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में शामिल जवानों से मुलाकात की। अमित शाह ने जवानों को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक सभी नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता। छत्तीसगढ़ के कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' को सफलतापूर्वक अंजाम देने वाले सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस, जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और 'कोबरा' बल के जवानों को शाह ने बधाई दी।

अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार भारत को नक्सल मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, ''मोदी सरकार तब तक चैन से नहीं बैठेगी, जब तक सभी



नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर देते, पकड़े नहीं जाते या उनका सफाया नहीं हो जाता।'' अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट के दौरान जवानों द्वारा दिखाई गई बहादुरी और पराक्रम को नक्सल विरोधी अभियानों के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्मी, ऊंचाई और हर कदम पर आईईडी के खतरे के बावजूद, सुरक्षा बलों ने ऊंचे मनोबल के साथ अभियान चलाया और एक प्रमुख नक्सल बेस कैंप को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर से नक्सलियों के सामग्री भंडार और आपूर्ति श्रृंखला को छत्तीसगढ़ पुलिस, सीआरपीएफ, डीआरजी और कोबरा के जवानों ने बहादुरी से नष्ट कर दिया। शाह ने कहा कि नक्सलियों ने देश के कुछ सबसे कम विकसित क्षेत्रों को भारी नुकसान पहुंचाया है, स्कूलों, अस्पतालों को बाधित किया है और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में बाधा डाली है। उन्होंने कहा कि निरंतर नक्सल विरोधी अभियानों के कारण, पशुपतिनाथ से तिरुपति तक फैले पूरे क्षेत्र में 6.5 करोड़ लोगों के जीवन में एक 'नया सूर्योदय' हुआ है। शाह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार नक्सल विरोधी अभियानों के दौरान गंभीर रूप से घायल हुए सुरक्षाकर्मियों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है।

# राज्यपाल का कानून बनाने में कोई रोल नहीं

## बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश की सुप्रीम कोर्ट में दलील

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** विधानसभा से पास बिलों पर राष्ट्रपति और राज्यपाल की मंजूरी की डेडलाइन तय करने वाली राज्यों की याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में लगातार सातवें दिन बुधवार को सुनवाई हुई। पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल की सरकारों ने विधेयकों को रोककर रखने की विवेकाधिकार शक्ति का विरोध किया। राज्यों ने कहा कि कानून बनाना विधानसभा का काम है, इसमें राज्यपालों की कोई भूमिका नहीं है। वे केवल औपचारिक प्रमुख होते हैं। वहीं, कोर्ट ने मंगलवार को कहा था कि गवर्नर बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते।

चीफ जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा और जस्टिस ए.एस. चंदुरकर की बेंच ने सुनवाई की। अगली



सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

पश्चिम बंगाल के वकील कपिल सिब्बल ने कहा, ₹अगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है, तो उन्हें उस पर हस्ताक्षर करना ही होगा। सिब्बल ने तर्क दिया कि संविधान की धारा-200 में गवर्नर के लिए संतोष (सैटिस्फैक्शन) जैसी कोई शर्त नहीं है।₹ उन्होंने कहा, ₹या तो वे बिल पर हस्ताक्षर करें, या उसे राष्ट्रपति को भेज दें। लगातार रोके रखना संविधान की भावना के खिलाफ है। अगर गवर्नर मनमर्जी से बिल अटका दें तो यह लोकतंत्र को असंभव बना देगा।₹

हिमाचल सरकार के वकील आनंद शर्मा ने कहा, ₹संघीय ढांचा (फेडरलिज्म) भारत की ताकत है और यह संविधान के बुनियादी ढांचे का हिस्सा है। अगर गवर्नर बिल रोकेंगे तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा और यह लोकतंत्र के लिए खतरनाक होगा। गवर्नर का ऑफिस जनता की इच्छा को नकारने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। कर्नाटक सरकार के वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि राज्य में दोहरी सरकार (डायार्की) की व्यवस्था नहीं हो सकती। गवर्नर को हमेशा मंत्रिपरिषद की सलाह पर ही काम करना होगा।उन्होंने कहा कि संविधान गवर्नर को सिर्फ दो स्थितियों में ही विवेकाधिकार देता है।

### महाराष्ट्र में 10 घंटे करना होगा प्राइवेट कर्मियों को काम

**मुम्बई।** महाराष्ट्र सरकार ने बुधवार को प्राइवेट क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए अधिकतम दैनिक कार्य अवधि को मौजूदा नौ घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे करने के लिए कानूनों में संशोधन को मंजूरी दी।

आधिकारिक बयान के अनुसार, इस कदम का उद्देश्य निवेश आकर्षित करना, रोजगार सृजित करना और श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना है। कैबिनेट फैसले के बाद अब महाराष्ट्र में प्राइवेट कंपनियों के वर्कर्स को दस घंटे काम करना होगा।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में केंद्रीय कार्यबल द्वारा सुझाए गए बदलावों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही महाराष्ट्र अब कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और त्रिपुरा जैसे राज्यों में शुमार हो गया है, जहां ऐसे सुधार पहले ही लागू किए जा चुके हैं।

# दिल्ली में बिगड़े हालात, 340 फ्लाइट्स डिले, गाजियाबाद में एक मंजिल तक घर डूबे

## यमुना 207 मीटर पार, बिस्किट पर गुजारा कर रहे लोग, 12 हजार लोग सुरक्षित स्थान ले जाये गये

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान समेत पूरे उत्तर भारत में बुधवार को तेज बारिश के कारण नदियां उफान पर है। बाढ़ के कारण यहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार, इन राज्यों के कई हिस्सों में अगले 24 घंटे में तेज बारिश होने की आशंका है।

दिल्ली-एनसीआर के कुछ हिस्सों में सुबह की बारिश के बाद पुराने रेलवे पुल पर यमुना का जलस्तर खतरे के निशान (205.33) से ज्यादा 207 मीटर तक पहुंच गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर 340 से ज्यादा फ्लाइट्स डिले हुई हैं। फ्लाइट ट्रैकर एजेंसी फ्लाइटरडार24 के मुताबिक, शाम 5 बजे तक 273 उड़ानों का डिपार्चर और 73 उड़ानों का अराइवल देरी से हुआ।

यमुना बाजार, ओल्ड उस्मानपुर, ओल्ड गढ़ी मेंडू, तिब्बती बाजार, मोनेस्ट्री मार्केट समेत निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घरों में घुस गया है। बुधवार को सभी स्कूल बंद रखे गए हैं। अब तक 12 हजार लोग घर छोड़कर सुरक्षित जगहों पर जा चुके हैं।

यूपी के गाजियाबाद में सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। कारें आधी डूब गईं। 7 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कई जगह एक मंजिल तक घर डूब गए हैं। नोएडा में बुधवार दोपहर अंधेरा छा गया। यहां दोपहर को दो घंटे तेज बारिश हुई। पंजाब में बुधवार को भी तेज बारिश जारी है। 23 जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं। 1200 से ज्यादा गांवों में पानी भरा



है। अब तक 30 लोगों की मौत हुई है। 3 लोग लापता हैं। सभी स्कूल-कॉलेजों को 7 सितंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया है। उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना के जलस्तर के बढ़ने से 1000 फार्महाउस में पानी भर गया। यहां से लोगों को रेस्क्यू किया गया। मथुरा में बाढ़ से करीब 900 परिवार प्रभावित हैं। आगरा में यमुना का पानी ताजमहल की बाउंड्री तक पहुंच गया। शहर के कई घाट और 8 श्मशान घाट पानी में डूब गए। हरियाणा में झज्जर, हिसार, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला के कई हिस्सों में 3-5 फीट तक पानी भरा है। यहां के 200 से ज्यादा स्कूल बंद हैं। अंबाला के सैकड़ों घरों में 2-4 फीट पानी भरा हुआ है। हथिनीकुंड बैराज से 67 घंटे से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। दिल्ली वालों को यमुना की लहरें डरा रही हैं। बाढ़ से हालात बिगड़ने लगे हैं। अपना घरबार छोड़ चुके लोग बिस्किट पर गुजारा कर रहे हैं। यमुना ने बुधवार को जलस्तर का एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। दिल्ली में यमुना दोपहर 1 बजे 207 मीटर के निशान को पार कर गई। 1963 के बाद से यह 5वीं बार है जब यमुना ने 207 मीटर के निशान को पार किया है। केंद्रीय जल आयोग का अनुमान है कि रात 8 बजे तक यमुना का जलस्तर 207.40 मीटर तक पहुंच जाएगा।

दिल्ली के निचले इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए सड़कें नदियां और बाजार तालाब बन गए हैं। यमुना नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर से जान और सामान बचाने के लिए लोग सुरक्षित जगहों की ओर भाग रहे हैं। मजनू का टीला में दुकानदारों से लेकर मदनपुर खादर और बदरपुर में रहने वाले परिवार अब अस्थायी शेल्टरों में रह रहे हैं।

यमुना नदी का बाढ़ का पानी दिल्ली के सबसे पुराने और व्यस्ततम श्मशान घाट, निगमबोध घाट में घुसना शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नदी के किनारे से पानी परिसर में रिसने लगा है। घाट अभी भी चालू है।

### भगोड़े आप विधायक बोले– मुझे एनकाउंटर का डर

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस से फरार घूम रहे आप के विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा ने अपनी ही सरकार पर आरोप लगाया है कि उनका एनकाउंटर भी हो सकता है। उन्होंने बुधवार को एक वीडियो जारी कर रहा है कि पंजाब सरकार ने मेरे पीछे 500 पुलिस वाले लगा रखे हैं। उन्हें पूर्व पत्नी से रेप के मामले में पुलिस खोज रही है। उनकी तलाश में पुलिस करनाल भी पहुंची थी, जहां वह अपने एक रिश्तेदार के यहां ठहरे थे। पुलिस पहुंची तो वह दीवार फांदकर भाग निकले। पुलिस ने उनका पीछा भी किया, लेकिन वह स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर निकल गए। उन्हें पुलिस पकड़ नहीं सकी।

अब उन्होंने एक वीडियो जारी किया है और कहा कि उन्हें एनकाउंटर का डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि पंजाब पुलिस मुझे एक गैंगस्टर घोषित करना चाहती है और एनकाउंटर दिखाकर मेरी हत्या की जा सकती है।

## एक नजर

### बलरामपुर गार्डन में 22वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला आज से




**लखनऊ।** दो दशक से भी आगे का दृश्टिकोण देते हुए किताबों का मेला कल से बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में प्रारम्भ हो जायेगा। ग्यारह दिवसीय 22वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का उद्‌घाटन चार सितम्बर को षाम पांच बजे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। 'विजन 2047 : विकसित भारत, विकसित प्रदेश' थीम पर आधारित इस पुस्तक मेले में राजकमल, लोकभारती, वाणी, भारतीय ज्ञानपीठ, प्रभात, राजकमल, सस्ता साहित्य मण्डल, प्रकाषन संस्थान, दिव्यांष व सेतु प्रकाषन जैसे पांच दर्जन से ऊपर प्रकाषकों और वितरकों के लगभग सवा सौ स्टाल होंगे। मुख्य पण्डाल में साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियां मेले के समापन 14 सितम्बर तक वाटर प्रूफ पाण्डाल में बाल और युवा गतिविधियों के साथ लगातार चलेंगी। हजारों पुस्तकों की विविध शृंखला में हिंदी, अंग्रेजी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में साहित्य, शैक्षणिक पुस्तकें, बाल साहित्य और दुर्लभ पुस्तकों का संग्रह यहां सुधी पाठकों के लिये उपलब्ध रहेगा।

### 6 सितंबर से शुरू होगा आरएसएस का प्रारंभिक वर्ग

**गुरसहायगंज कन्नौज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत 99 वर्ष से व्यक्ति में जगाए राष्ट्र चेतना जनमन संस्कार करें यही साधन है का भाव समाज में जागृत करने का कार्य कर रहा है इसी निमित्त अपने कार्यकर्ताओं के विकास की दृष्टि से अपने व जिले के स्वयं सेवकों हेतु प्रारंभिक वर्ग 2025 आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर सह संचालक शैलेश गुप्ता ने दी उन्होंने बताया कि छिबरामऊ नगर तथा विकासखंड के अलावा गुरसहायगंज नगर व ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों से पांच छात्रों का चयन किया जा रहा है जो कक्षा 9 में अध्यनरत हो और उनकी उम्र लगभग 13 वर्ष हो ऐसे छात्र 6 सितंबर समय 3 :00 से 8 सितंबर तक स्थान बांके बिहारी गेस्ट हाउस महमूदगंज छिबरामऊ कन्नौज में प्रारंभिक वर्ग 2025 कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे उन्होंने बताया कि प्रारंभिक वर्ग में प्रतिभाग करने वाले छात्र बर्तन थाली गिलास बिछाने की दरी तोलिया सहित दैनिक उपयोग की सामग्री अपने साथ लेंगे उन्होंने बताया कि मूल्यवान वस्तुएं जैसे सोने की चेन मोबाइल लैपटॉप घड़ी इत्यादि का प्रयोग ना किया जाएगा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ संचालक बृजेश कौशल ने बताया कि कार्यक्रम में जिला प्रचारक विभाग प्रचारक के अलावा जिला कार्यवाह तथा जिला संघ संचालक प्रतिभाग करेंगे नगर से गीता इंटर कॉलेज मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज सरस्वती शिशु मंदिर जेपी एजुकेशन इंदिरा नगर के छात्र इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं।

### डीडीआर कार्यालय ने भेजी नोशनल वेतन वृद्धि की सूची, 60 शिक्षकों के प्रकरण नहीं हो सके निस्तारित

**गुरसहायगंज कन्नौज।** नोशनल इन्क्रीमेंट का लाभ पाने वाले कन्नौज के शिक्षक प्रधानाचार्य के अधिकतम साथियों के प्रकरण उप शिक्षा निदेशक कानपुर मंडल द्वारा निस्तारित कर दिए गए हैं जिनकी सूची जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय व ट्रेज़री कन्नौज को भेज दी गई है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेशीय संरक्षक मंडल संरक्षक सदस्य श्री कृष्णा यादव ने दी उन्होंने आगे बताया कि 60 शिक्षकों के ऐसे प्रकरण निस्तारित नहीं हो सके हैं जिन्होने वर्ष 2016 में हुए पेंशन पुनरीक्षण का पीपीओ, नहीं प्रस्तुत किया है।



ऐसे 60 शिक्षकों की सूची डीआईओएस कार्यालय में डीडीआर कानपुर कार्यालय से भेज दी गई है। उन्होंने शिक्षकों से आवाहन करते हुए कहा कि ऐसे सम्बंधित साथियों से 2016 में पेंशन पुनरीक्षण वाला पीपीओ सीधे डीडीआर कार्यालय पेंशन पटल सहायक बी,के, यादव के पास पहुंचाना सुनिश्चित करें उन्होंने बताया कि जिन शिक्षकों का सातवां वेतन आयोग का पुनरीक्षण फिक्सेशन नहीं किया गया है ऐसे शिक्षक लेखा कार्यालय से पहले अपना सेवा पंजिका भेज कर फिक्सेशन कराये और उसके बाद प्रधानाचार्य प्रबंधक के हस्ताक्षर करके जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में पत्रावली जमा करें उसके बाद पत्रावली को संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय अग्रसारित किया जाएगा उसके बाद उनका नोशनल वेतन वृद्धि के साथ वेतन अवशेष का भुगतान किया जाएगा।

### जिला जज व जिलाधिकारी ने किया बाल संप्रेषण गृह का निरीक्षण



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद राजकीय संप्रेषण गृह, किशोर का औचक निरीक्षण जनपद न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फर्रुखाबाद जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था का वातावरण स्वच्छ पाया गया। किशोरों हेतु खेलकूद का स्थान, शयन कक्ष तथा अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया गया उचित स्थानों पर वेंटिलेशन एडजेस्ट फैन लगे होने या न होने की स्थिति की भी जाँच की गई ।जो संतोषजनक पाई गई। उक्त निरीक्षण के क्रम में जिला अधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को संस्था के अनुरक्षण एवं लघु निर्माण कार्य हेतु प्रस्ताव शासन को जिला अधिकारी की तरफ से प्रेषित करने के निर्देश दिए।

# कॉर्पोरेट घरानों से मिलीभगत व घोटाला देख निजीकरण का निर्णय निरस्त करने की मांग

## संघर्ष समिति ने निजीकरण पर उठाए पांच सवाल

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**वाराणसी।** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के मामले में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन की निजी घरानों से मिली भगत और बड़े घोटाले की आशंका को देखते हुए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी से निजीकरण के सारे प्रकरण में सीबीआई जांच की मांग की है और कहा है कि निजीकरण का निर्णय प्रदेश हित में तत्काल निरस्त किया जाए।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों संजय सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह गुर्जर, गिरीश पांडेय, महेन्द्र राय, पी.के.दीक्षित, सुहैल आबिद, चंद्र भूषण उपाध्याय, विवेक सिंह, आरवाई शुक्ला, छोटेलाल दीक्षित, आर बी सिंह, मो वसीम, मायाशंकर तिवारी, श्रीचन्द, सरजू त्रिवेदी, योगेन्द्र कुमार, एके श्रीवास्तव, देवेन्द्र पाण्डेय, केएस रावत, प्रेमनाथ राय, शशिकान्त श्रीवास्तव, मो इलियास, रफीक अहमद, पी एस बाजपेई, जीपी सिंह, राम सहारे वर्मा, विशम्भर सिंह ने बताया कि निजीकरण के मामले में प्रारंभ में ही जिस प्रकार अवैध ढंग से ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई उससे बड़े घोटाले की आशंका बलवती हो गई थी।

इसे देखते हुए संघर्ष समिति ने प्रारंभिक तौर पर ही निजीकरण के सारे मामले में बड़े भ्रष्टाचार की आशंका जताई थी। समिति ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने वाली सबसे बड़ी संस्था ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल इंडिया से भी इस बाबत विचार विमर्श किया। विस्तृत विचार विमर्श के बाद ऐसे तथ्य सामने आए हैं जिससे ऐसा लगता है कि निजीकरण के मामले में बहुत बड़ा घोटाला और भ्रष्टाचार होने जा रहा है।

संघर्ष समिति ने आज ऐसे पांच बिंदुओं को सार्वजनिक करते हुए प्रदेश के




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मांग की है कि उत्तर प्रदेश सरकार की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को देखते हुए निजीकरण के सारे मामले की तत्काल सीबीआई जांच कराई जाए।

संघर्ष समिति ने कहा कि पहला बिंदु विगत नवंबर में लखनऊ में विद्युत वितरण निगमों की मीटिंग है जिसमें निजी घरानों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की थी और कार्यक्रम को स्पॉन्सर भी किया था। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की पृष्ठभूमि यही तैयार की गई थी। इस मीटिंग में देश के इतिहास में पहली बार शीर्ष प्रबंधन द्वारा डिस्कॉम एसोशिएशन बनाई है। निजीकरण को अंजाम देने के दृष्टिकोण से पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष गोयल को इसी मीटिंग में डिस्कॉम एसोशिएशन का जनरल सेक्रेटरी बनाया गया।

दूसरा बिन्दु ट्रांजेक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति में हितों के टकराव को शिथिलता देना है। इसके साथ ही झूठा शपथ पत्र देने और अमेरिका में पेनल्टी लगने की बात स्वीकार कर लेने के बाद भी ग्रांट थॉर्टन को नहीं हटाया गया और इसी कंसल्टेंट से निजीकरण के डॉक्यूमेंट तैयार कराए गए।

तीसरी बात बिडिंग हेतु ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 को आधार माना जा रहा है जो डॉक्यूमेंट आज तक पब्लिक डोमेन में ही नहीं है। इसके पूर्व सितंबर 2020 में ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट जारी किया गया था जिस पर ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन सहित कई संस्थानों की आपत्ति आई थी। इन आपत्तियों का आज तक निस्तारण नहीं किया गया है और गुपचुप ढंग से उत्तर प्रदेश में निजीकरण के पहले ड्राफ्ट बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 जारी कर दिया गया। ड्राफ्ट बिडिंग डॉक्यूमेंट 2025 को न पब्लिक डोमेन में रखा गया है न इस पर किसी कीआपत्ती मांग की गई है। उत्तर प्रदेश में निजीकरण करने के लिए यह सब मिली भगत का बड़ा खेल है।

चौथा बिंदु यह है कि निजीकरण के सारे प्रकरण में कॉर्पोरेट घरानों को विश्वास में लेकर काम किया जा रहा है। टाटा पावर के सीईओ प्रवीर सिन्हा ने हाल ही में तीसरी बार बयान देकर इस बात की पुष्टि की है जिसमें उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के डॉक्यूमेंट उनसे चर्चा करके बनाया गए हैं।

पांचवा बिंदु यह है कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को कौड़ियों के मोल पूर्व निर्धारित निजी घरानों को बेचने के लिए इक्विटी के आधार पर बेचने की कोशिश की जा रही है। इक्विटी को लॉन्ग टर्म लोन में कन्वर्ट किए जाने के बाद 42 जनपदों की बिजली व्यवस्था मनचाहे कॉर्पोरेट घरानों को कौड़ियों के दाम मिल जाएगी।

संघर्ष समिति के पदाधिकारी ने कहा कि यह सब बहुत ही गंभीर मामला है। उत्तर प्रदेश में बिजली की लाखों करोड़ रुपए की परिसंपत्तियों को लूट से बचाने के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी को तत्काल हस्तक्षेप कर सारी प्रक्रिया रोकनी चाहिए और चल रहे घोटाले की उच्च स्तरीय सीबीआई कराई जानी चाहिए।

संघर्ष समिति ने कहा कि बिजली कर्मचारी, किसान, उपभोक्ता, व्हीसल ब्लोअर, सरकारी कर्मचारी, राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन सब मिलकर निजीकरण के पीछे हो रहे भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करते रहेंगे। निजीकरण के विरोध में अभियान और संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक निजीकरण का फैसला वापस नहीं लिया जाता।

# मनरेगा को और अधिक पारदर्शी बनाएगा 'युक्तधारा'



» मनरेगा मे पारदर्शिता और निगरानी के लिए किये जा रहे अभिनव कार्य

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे मनरेगा कार्यों में पारदर्शिता व निगरानी के लिए अभिनव कार्य किये जा रहे हैं।की गयी व्यवस्था के बहुत ही सार्थक व सकारात्मक परिणाम निखर कर आ रहे हैं। मनरेगा के कार्यों में पारदर्शिता लाने के लिए और मजदूरों के भुगतान में हेराफेरी न होने पाये, इस दिशा में अभिनव कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में 'युक्तधारा पोर्टल' लांच किया जा रहा है। 'युक्तधारा' पोर्टल महात्मा गांधी नरेगा को और भी पारदर्शी बनाएगा।

वित्तीय वर्ष 2026-27 से मनरेगा के सभी कार्य युक्तधारा पोर्टल पर अपलोड किये जाएंगे। इस पोर्टल पर हर कार्य की कार्ययोजना, स्थान, लागत और प्रगति का पूरा ब्योरा दर्ज होगा। इसकी सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआइएस) आधारित योजना तैयार की जाएगी। यानी किस गांव में, किस जगह, कितने क्षेत्रफल में और कितनी लागत से कार्य होना है, यह पूरी जानकारी मानचित्र पर दर्ज रहेगी। इससे न तो एक ही जगह दोबारा काम दिखाया जा सकेगा और न ही अतिरिक्त भुगतान की कोई संभावना रहेगी। ग्रामीणों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। गांवों में जो भी कार्य होंगे, उनकी जानकारी अब खुले तौर पर उपलब्ध रहेगी।

युक्तधारा पोर्टल से योजनाओं की पारदर्शिता बढ़ेगी और गड़बड़ी को कोई गुंजाइश नहीं बचेगी। ग्रामीणों को भरोसे के साथ समय पर रोजगार और विकास कार्यों का लाभ मिलेगा। यह पोर्टल महात्मा गांधी नरेगा के तहत ग्रामीण विकास कार्यों की योजना और कार्यान्वयन के लिए एक संरचित तथा भागीदारीपूर्ण दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह प्रक्रिया ग्राम पंचायत योजनाकार के सिस्टम में लॉग इन करने और लैंडस्केप परिचयकरण से शुरू होती है-यह एक आवश्यक कदम है, जिसमें गांव की भौगोलिक तथा विषयगत विशेषताओं की खोज कई जीआईएस-आधारित मानचित्र परतों के माध्यम से की जाती है। इनमें प्रशासनिक सीमाएं, भूमि उपयोग पैटर्न, मिट्टी क्षरण क्षेत्र, भूजल उपलब्धता तथा उपग्रह इमेजरी शामिल हैं, जो सामूहिक रूप से सूचित निर्णय लेने में सहायता प्रदान करते हैं। इसके पश्चात, उपयोगकर्ता Geographically Analyzable Works (GIS-आधारित संपत्ति कार्य) तथा गैर-GAW श्रेणियों के अंतर्गत गतिविधियों की पहचान करते हैं।

**सूचना**

मै शिफा शेख सनातन धर्म से प्रेरित होकर मुस्लिम धर्म को त्याग कर सनातन धर्म आपना रही हूं, मै अपनी खुशी से यह सब कर रही हूँ, आज से मुझे सान्वी आर्य के नाम से जाना व पहचाना जायें।

-शिफा शेख
पिता- अजीज शेख
बनपुरवा भियांव, पोस्ट-डीह भियांव, अम्बेडकर नगर, उत्तर प्रदेश, 224139

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम ऐंजल गुप्ता जो जन्म, प्रमाण पत्र में त्रुटि के कारण ऐंजल दर्ज हो गया है जब कि सही नाम ऐंजल गुप्ता है (ANGEL GUPTA) है। जिसकी जन्म तिथि 23/06/2012 है।

शपथकर्ता- चन्दन कुमार
पुत्र हरीराम
निवासी : मोहल्ला आजाद नगर
पत्रालय व नगर पंचायत
इत्तिफातगंज जिला-अम्बेडकरनगर,
उत्तर प्रदेश पिन कोड = 224145

# परीक्षा सकुशल कराने को लेकर मंडलायुक्त व पुलिस कमिश्नर ने की बैठक

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारम्भिक अहर्ता परीक्षा 2025 के दृष्टिगत मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब व पुलिस कमिश्नर श्री अमरेंद्र कुमार सेंगर की अध्यक्षता में उक्त परीक्षा को पारदर्शी,सुचारू एवं सकुशल संपन्न कराए जाने को लेकर आयुक्त कक्ष कार्यालय में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से आयोग द्वारा जारी की गई प्रक्रियाओं का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए परीक्षा को सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने कहा की सभी केंद्र व्यवस्थापक गहनता के साथ आयोग द्वारा जारी गाइडलाइंस का अध्यन करना सुनिश्चित कर ले। सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियो रिकार्डिंग/कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग अच्छे से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।



मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी केंद्रों पर लाइट, पंखे, पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था को सुनिश्चित करा लिया जाए। सभी कमरों में व्यापक प्रकाश की व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। यदि कोई कमी है तो तत्काल उसे पूरा किया जाए। बैठक में मंडलायुक्त द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बारिश के मौसम के दृष्टिगत परीक्षा केंद्र कैंपस में पर्याप्त व्यवस्थाएं, साफ-सफाई आदि की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराया जाए। जिन केंद्रों में जलभराव की संभावना है उनको चिन्हित करते हुए नगर निगम की टीमों की तैनाती कराना सुनिश्चित किया जाए। ताकि अभ्यार्थियों को कोई असुविधा न हो।

उक्त के पश्चात संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है, जनपद में 91 केन्द्र बनाए गए है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा 2 दिन और 4 पालियों में आहूत की जाएगी। दिनाक 06-09-2025 शनिवार एवं 07-09-2025 रविवार को प्रथम पाली प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक होगी।

मंडलायुक्त द्वारा बताया गया की पेपर परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट के द्वारा पुलिस अभीरक्षा में पहुंचाएं जाएं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस बार जनपद लखनऊ में 1,26,912 परीक्षार्थी भाग ले रहे है। उन्होंने बताया की सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की स्थापना समयबद्ध रूप में करा लिया गया है। साथ ही निर्देश दिया की प्रत्येक केंद्र में परीक्षार्थी के मोबाइल आदि जमा कराने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

# कृषि मंत्री ने 25 अक्टूबर तक राजकीय बीज भंडारों पर रबी फसलों के बीज उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

» बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल बीमा का लाभ दिलाने के लिए संयुक्त टीम को कार्यवाही करने के निर्देश

» किसानों तक उन्नतशील बीजों का समय पर वितरण सुनिश्चित करने पर जोर

**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** बुधवार को कृषि निदेशालय में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही तथा माननीय कृषि राज्यमंत्री श्री बलदेव सिंह औलख जी ने कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा बैठक की।

कृषि मंत्री ने समस्त जनपद /मंडल के



अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए कि रबी फ़सलों (गेहूँ, जौ, चना, मटर,मसूर, सरसों, अलसी आदि) के सभी बीज 25 अक्तूबर 2025 तक समस्त राजकीय बीज भंडारों पर कृषकों को वितरण हेतु अपरिहार्य रूप से उपलब्ध करायें। रबी फ़सलों के सभी अनुदानित बीजों का कृषकों को वितरण बुआई से पूर्व 25 नवम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से पूर्ण कर लिया जाये।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में बाढ़ प्रभावित/हानि वाले इलाकों में कृषकों को बीमा का लाभ समय से प्राप्त कराए जाने हेतु राजस्व, कृषि एवं बीमा के जिम्मेदार अधिकारियों/कर्मचारियों की संयुक्त टीम द्वारा अविलंब पूर्ण कर प्रभावित कृषकों को तत्काल लाभ पहुंचाया जाये। इस सम्बंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी।

उक्त बैठक में प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र, सचिव कृषि इन्द्र विक्रम सिंह, विशेष सचिव कृषि टी.के. शीबू, विशेष सचिव कृषि ओ.पी. वर्मा, निदेशक कृषि पंकज त्रिपाठी व अन्य उपस्थित रहे।

## कार्यालय जिलाधिकारी / लाइसेंस प्राधिकारी, जालौन ।

**सख्या 804/जि०आ०अवि०/मध्य सत्र व्यवस्थापन /2025-26/जालौन /** **दिनांकः 03, सितम्बर, 2025**

**(ई-टेण्डर विज्ञप्ति)**

सर्व साधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी / लाइसेंस प्राधिकारी जनपद जालौन के पत्र संख्या 762/जि०आ०अवि०/ दु०निरस्ती०/कम्पो० हरदोई राजा/25-26/दिनांक 25 अगस्त, 2025 के द्वारा कम्पोजिट दुकान हरदोई राजा जनपद जालौन निरस्त की गयी है। कार्यालय आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के अर्द्ध. शासकीय पत्र संख्या संख्या-7017/दस लाइसेंस 307/आबकारी नीति/2025-26 दिनांक प्रयागराज फरवरी 06. 2025 के अनुपालन में उक्त मदिरा दुकान का वर्ष 2025-26 की अवशेष अवधि हेतु स्थायी व्यवस्थापन ई-टेंडर/ऑफर के माध्यम से कराया जाना है। उपरोक्त मदिरा दुकान के सम्बन्ध में विवरण ई-निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in से ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है। मंदिरा दुकान का विवरण निम्नवत है

**मध्य सत्र में कम्पोजिट मदिरा दुकान हरदोई राजा का वर्ष 2025-26 हेतु (ई-टेण्डर/ऑफर) के माध्यम से स्थायी रूप से व्यवस्थापन हेतु विवरण निम्नवत है**

| क्र. सं. | दुकान का नाम | प्रकार | ई-टेण्डर हेतु निर्धारित न्यूनतम वार्षिक लाइसेंस फीस | ई-टेण्डर हेतु न्यूनतम निर्धारित वार्षिक एम०जी०आर० | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विदेशी मदिरा हेतु | बीयर हेतु |
| 1 | कम्पोजिट मदिरा दुकान हरदोई राजा शॉप आईडी-41929 | कम्पोजिट | 225000 | 1500000 | 1100000 |

लाइसेंस फीस का आगणन निम्नानुसार किया जायेगा-

जनपद जालौन के लिए कम्पोजिट मदिरा दुकान हरदोई राजा में विदेशी मदिरा की लाइसेंस फीस की दर-9500/- है एवं बीयर हेतु लाइसेंस फीस की दर-2 7200/- है।

विदेशी मदिरा हेतु लाइसेंस फीस (L1)= प्रस्तावित एम०जी०आर (5000 के गुणांक में) x 9500 (लाइसेंस फीस की दर-1) / 1,00,000

बीयर हेतु लाइसेंस फीस (L2)= प्रस्तावित एम०जी०आर (5000 के गुणांक में) x 7200 (लाइसेंस फीस की दर-2) / 1,00,000

उपरोक्तानुसार आगणित लाइसेंस फीस (L1) एवं लाइसेंस फीस (L2) निकटम रु 5000/- के अगले गुणांक तक राउण्ड ऑफ कर अंतिनीकृत किया जायेगा। इस प्रकार आगणित अंतिमीकृत लाइसेंस फीस (L1) एवं लाइसेंस फीस (L2) का योग कम्पोजिट दुकान की वर्ष 2025-28 हेतु निर्धारित वार्षिक लाइसेंस फीस होगी। उक्त दुकान की प्रतिभूति ई-बैंक गारंटी के रूप में मान्य की जायेगी, एफ०डी०आर० मान्य नहीं कि जायेगी।

**ऑन लाइन ई-टेण्डरिंग हेतु निम्नानुसार समय सारणी निर्धारित की गयी है-**

| | |
|---|---|
| 1. Tender publishing date | 04-09-2025 at 11:00 |
| 2. Bid submission start date | 04-09-2025 at 11:30 |
| 3. Bid submission closing date | 12-09-2025 at 11:00 |
| 4. Technical bid opening date | 12-09-2025 at 01:00 |
| 5. Financial bid opening date | 12-09-2025 at 02:00 |
| 6. The Place of Bid Opening | Collectorate meeting Hall Orai |

उपरोक्त कम्पोजिट दुकान हेतु प्रोसेसिंग फीस (कम्पोजिट दुकान हेतु प्रति आवेदन फीस रू0 55000/- आवेदन प्रति दुकान) ई-टेण्डर हेतु आवेदन करते समय प्रोसेसिंग फीस के भुगतान हेतु 'फी-पेमेन्ट मोड के अंतर्गत 'आनलाइन' (चेक बाक्स) रोलेक्ट किया जायेगा। उसके उपरान्त प्रोसेसिंग फीस ई-टेण्डर पोर्टल पर केवल आनलाइन माध्यम से ली जायेगी।

प्रोसेसिंग फीस को आनलाइन जमा करने हेतु आवेदक के पास दो विकल्प उपलब्ध होंगे (1) इन्टरनेट बैंकिंग (2) चालान, जिनमें से किसी एक माध्यम से आवेदक उक्त धनराशि जमा कर सकेगा।

1- कम्पोजिट मदिरा दुकान हेतु प्राप्त ई-टेण्डर/आफर को स्वीकार किया जायेगा। यदि दो या दो से अधिक समान अधिकतम ई-टेण्डर/आफर प्राप्त होते है, तब जनपद स्तर पर ही मैनुअल लाटरी के माध्यम से ऐसे समान ई-टेण्डर/आफर में से एक को चुन कर व्यवस्थापन कराया जायेगा।

2- आवेदन/व्यवस्थापन से सम्बन्धित प्रक्रिया वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर सम्पादित की जायेगी तथा कम्पोजिट दुकान हेतु उक्त चेवसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आफर/आवेदन किया जा सकेगा। प्रत्येक आवेदक/आफर दाता को DIGITAL SIGNATURE CIRTIFICATE (DSC) भारत सरकार द्वारा अधिसूचित किसी भी एजेन्सी से अनिवार्य रूप से तैयार करानी होगी तथा www.etender.up.nic.in पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। तभी वह कम्पोजिट दुकान हेतु आवेदन कर सकेगा।

3-कम्पोजिट चुकान का टेण्डर अपलोड किया गया है तथा आन-लाइन निविदा सूचना भी अपलोड की गयी है।

4- ऐसे सभी आवेदक/आफरदाता, जिन्हें प्रदेश में आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अनुसार 02 दुकानें पूर्व में अर्थात वर्ष 2025-26 में तृतीय चरण तक, आवंटित हो चुकी है, वह इस प्रक्रिया में अहं नहीं होंगे। उल्लेखनीय है कि आवेदक को टेक्निकल बिय के प्रारूप-1 में पूर्व में आवंटित दुकानों का विवरण देना अनिवार्य होगा। शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी। इसके अतिरिक्त विस्तृत जानकारी जनपद की बेवसाइट jalaun.nic.in से एवं कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जालीन व क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है। उक्त विज्ञप्ति /व्यवस्थापन के सम्बन्ध में यदि मा० न्यायालय में कोई वाद योजित होता है तो सम्बन्धित व्यवस्थापन मा० न्यायालय के अन्तिम निर्णय के अधीन होगा।

**(भूपेन्द्र सिंह)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**जनपद जालीन।**

**(राजेश कुमार पाण्डेय)**
**जिलाधिकारी / लाइसेंस प्राधिकारी**
**जनपद जालौन ।**

**दीपोत्सव-2025** अयोध्या में आगामी 19 अक्टूबर को दीपोत्सव- 2025 पर 1,000 से अधिक ड्रोन से होगा भव्य शो

# दुनिया देखेगी भारत की समृद्ध संस्कृति व नवीन तकनीक का अद्भुत मिलन : जयवीर सिंह




**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी अयोध्या में दीपावली को यादगार बनाने के लिए 'दीपोत्सव 2025' का आयोजन करने जा रही है। इस अवसर पर पर्यटन विभाग द्वारा एक आकर्षक एरियल ड्रोन शो आयोजित किया जाएगा। रामनगरी के आसमान में 1,000 से अधिक रंग-बिरंगे ड्रोन एक साथ उड़ान भरकर भक्ति, अध्यात्म व आधुनिकता का मनोरम झलक प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ड्रोन शो दीपोत्सव की आध्यात्मिक भव्यता को और भी आकर्षक बनाएगा। पिछले वर्ष से भव्य दीपोत्सव की तैयारियां की जा रही है।

उन्होंने बताया कि अयोध्या में 19 अक्टूबर 2025 को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर रामनगरी लाखों दीयों की रोशनी से आलोकित होगी। इस आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की पौराणिक स्मृतियों को जीवंत करना है। इसके तहत पूरे नगर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा और सरयू नदी के घाटों पर लाखों दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। दीपोत्सव में शोभायात्रा के साथ विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और धार्मिक



आयोजन भी होंगे, जो आगंतुकों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

मंत्री ने बताया कि अयोध्या में इस बार होने वाले दीपोत्सव में दर्शकों को मनोरंजन के साथ एरियल ड्रोन शो का दिव्य अनुभव मिलेगा। उन्होंने बताया कि लगभग 15 मिनट तक चलने वाले इस शो में 1,000 से अधिक मेड इन इंडिया ड्रोन मेला की पौराणिक एवं आध्यात्मिक गाथा को कलात्मक रूप में प्रस्तुत करेंगे। ड्रोन शो में प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की धनुर्धारी मुद्राओं का सजीव चित्रण होगा। ड्रोन शो को और आकर्षक बनाने के लिए लेजर लाइट्स, वॉयस ओवर व संगीतमय नैरेशन का विशेष संयोजन किया जाएगा, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देगा। ज्ञात कि, दीपोत्सव-2024 में 500 ड्रोन के जरिए भव्य एरियल ड्रोन शो का आयोजन हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार ही ड्रोन शो का आयोजन होगा। प्रभु रामलला के भव्य मंदिर में विराजित होने के बाद दूसरी बार आयोजित होने जा रहे दीपोत्सव को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए पर्यटन विभाग कोई कसर नहीं छोड़ रहा। दीपोत्सव कार्यक्रम से पूर्व ड्रोन शो का रिहर्सल भी किया जाएगा, जिससे ड्रोन शो के सही क्रम को परखा जाएगा। राम की पैड़ी पर इस ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि अयोध्या दीपोत्सव केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत की आस्था, संस्कृति और आध्यात्मिकता का विश्वस्तरीय प्रतीक बन चुका है। प्रभु श्रीराम की नगरी में दीपोत्सव का यह पर्व हमारे लिए गर्व का अवसर है, जहां परंपरा और आधुनिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। दीपों की यह श्रृंखला न केवल श्रीराम के आदर्शों का स्मरण कराती है, बल्कि विश्व बंधुत्व और सबका साथ-सबका विश्वास और सबका प्रयास का संदेश भी देती है।

## एक नजर

### नायब तहसीलदार ने सरकारी आवास में खुद को गोली मारी, हालत नाजुक

**बिजनौर।** जिले से बुधवार सुबह सनसनीखेज खबर आई है। बिजनौर सदर तहसील में तैनात नायब तहसीलदार राजकुमार ने अपने सरकारी आवास के कमरे में लाइसेंसी रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली,गोली लगते ही तहसील परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल अवस्था में राजकुमार को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

### लखनऊ के बेहटा में फिर विस्फोट, जमीन में दबाए गए विस्फोटक में हुआ धमाका

**लखनऊ।** कुर्सी रोड के बेहटा गांव में बुधवार सुबह छह बजे भयंकर विस्फोट हुआ। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मिले पटाखों को जब्त कर उन्हें करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में दबाकर नष्ट कराया गया था। सुबह इसी में विस्फोट हुआ है। घटना में किसी के हताहत होने की पुष्टि नहीं है।रविवार की दोपहर 11:30 बजे बेहटा में अवैध पटाखा फैक्ट्री के अंदर भीषण विस्फोट हुआ था। इसमें पटाखा फैक्ट्री के संचालक आलम के मकान की दीवारें, छत उड़ गई थी। आलम और उसकी पत्नी की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग घायल हुए थे। धमाके से आसपास के कई मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए थे।रविवार की शाम ही बेहटा में दूसरी जगह विस्फोट हुआ। इसमें एक गाय की मौत हुई और एक भैंस जख्मी हो गई थी।पुलिस ने गांव में छापेमारी कर कई किलो निर्मित और अर्धनिर्मित पटाखे, बारूद जब्त किया। इसे आसपास के तालाब में फेंका और जमीन में दबाकर नष्ट कराया। बुधवार की सुबह जमीन में दबाए गए पटाखों में हुए धमाके से बेहटा फिर दहल गया। गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। विस्फोट की सूचना पर पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुटे हैं। बम निरोधक दस्ता और फारेंसिक टीम भी साक्ष्य जुटा रही हैं। अभी तक घटना को लेकर किसी का आधिकारिक बयान नहीं आया है।

### क्रेडिट कार्ड हैक कर उड़ाए 1.57 लाख

**लखनऊ।** गाजीपुर इलाके में एक कार्ड धारक का क्रेडिट कार्ड हैक कर साइबर जालसाजों ने 1.57 लाख रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर पुलिस ने केस दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के पटेलनगर इंदिरानगर निवासी प्रयाग दत्त बाजपेयी के मुताबिक उनके पास आरबीएल बैंक का क्रेडिट कार्ड है। क्रेडिट कार्ड को हैकर पर जालसाजों ने 1.57 लाख रुपये पार कर दिए। जानकारी होने पर पीड़ित ने बैंक व साइबर सेल को सूचना दी। उसके बाद थाने में तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### युवाओं में वास्तविक शक्ति और बदलाव की क्षमता

**लखनऊ,** । बीबीएयू में संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) की ओर से पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। कुलपति व शिक्षकों ने बिजनेस प्लान, इनोवेशन और स्टार्टअप श्रेणी के विजेताओं को सम्मानित किया। परिषद ने विगत 15 दिनों में करीब 30 कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें अनेक विषयों पर व्याख्यान, कार्यशाला, स्टार्टअप व नवाचार संबंधित संगोष्ठी, एक्सपोजर, फील्ड विजिट, स्टार्टअप समिट, पोस्टर प्रतियोगिता आदि शामिल रहे। कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल नौकरी पाने की मानसिकता से आगे बढ़ें और नौकरी देने वाले बनने का संकल्प लें क्योंकि वास्तविक शक्ति और बदलाव की क्षमता युवाओं में ही है। उन्होंने बताया कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। स्पेस, कृषि, चिकित्सा और स्टार्टअप्स जैसे क्षेत्रों में जो प्रगति हो रही है उसका श्रेय भी युवा शक्ति को जाता है। आईआईसी के चेयरपर्सन प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा ने कहा कि आज के बदलते दौर में युवा वर्ग को केवल पारंपरिक सोच तक सीमित न रहकर नए विचारों और नवीन पहल की ओर अग्रसर होना चाहिए। इस मौके पर कार्यक्रम समन्वयक डॉ. राजश्री, डॉ. सूफिया अहमद, डॉ. पदम जी ओमार, डॉ. अंशुल अग्रवाल, डॉ. ईशान श्रीवास्तव, डॉ. अमित कुमार सिंह आदि रहे।

### होमगार्ड मुख्यालय के बैंड मास्टर की हादसे में मौत

**लखनऊ।** चिनहटा में बैंड बजाकर लौट रहे होमगार्ड मुख्यालय के कर्मी को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में जख्मी कर्मचारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। हमीरपुर के करहिया केसी मोहाल निवासी रेखा सिंह के मुताबिक पति अमर सिंह होमगार्ड मुख्यालय की बैंड टीम में थे। एक सितंबर को उनके पति अयोध्या रोड दयाल स्टेट कॉलोनी में बैंड बजाने के बाद होमगार्ड मुख्यालय के लिए सरकारी वाहन पर बैठ रहे थे, तभी बस ने उनको टक्कर मार दी। जिससे अमर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। उनको लोहिया अस्पताल ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### युवक को दुकान के सामने बुलाकर डंडों से पीटा

**लखनऊ।** सरोजनीनगर में दबंगों ने युवक को फोन करके मोहल्ले की दुकान के सामने सड़क पर बुलाया और लाठियों से पीटकर जख्मी कर दिया। जब उसे एक व्यक्ति बचाने दौड़ा तो उसकी भी पिटाई कर दी। हमले के बाद दबंग जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। अवध विहार कालोनी बाग नंबर तीन निवासी अब्दुल कलाम खान के मुताबिक उनके मोहल्ले के ही निवासी शाहनवाज ने उन्हें फोन करके अंकुर जनरल स्टोर के पास बुलाया। जब वह पहुंचा तो शाहनवाज ने यह कहते हुए गालियां दी कि तुमने मुझे और मेरी पत्नी को गाली दी है। जब अब्दुल कलाम ने विरोध किया तो दबंग शाहनवाज अपने बेटे अनस व आमिर के साथ मिलकर लाठियों से उसकी पिटाई कर दी।

### महिला से अश्लील हरकत कर घर खींच ले जाने की कोशिश

**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र में दूसरे घर जा रही महिला को रोक कर दबंगों ने अश्लील हरकत कर बुरी नियत से घर में खींच ले जाने की कोशिश की। किसी तरह भाग कर बचने के बाद जब वह दोबारा पति के साथ वापस गुजरी तो इन्हीं लोगों ने धमकी दी। आरोप है कि तीसरी बार दबंग उसके घर पर आ गए और पथराव करते हुए दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। घटना को लेकर पीड़िता ने पांच नामजद व नौ अज्ञात पर केस दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला का कहना है कि वह अपने एक घर से दूसरे घर जा रही थी।

### महिला ने उधारी मांगी तो घर बुला लाठियों से पीटा

लखनऊ, । ठाकुरगंज में महिला ने उधारी दी गई रकम वापस मांगी तो आरोपी ने अपने घर बुलाकर भाई व पत्नी के साथ मिलकर लाठियों व लात-घूसों से पिटाई कर दी। हमलावरों ने महिला को जाने मारने की धमकी भी दी। बालागंज कैम्पवेल रोड समनान गार्डेन निवासी तन्ना के मुताबिक वह सोमवार को बाहर से कुछ काम निपटा कर घर जा रही थी। तभी रास्ते में उसे बालागंज के सोना भटठा हुसैन बाड़ी बरौरा निवासी आफताब मिल गया। उसने आफताब से अपने उधर दिए गए 25 हजार रुपये वापस मांगे। इसपर आफताब ने उसे अपने घर बुलाया। महिला का आरोप है कि घर बुलाकर उसने अपने भाई दिलशाद व पत्नी के साथ मिलकर गालियां देते हुए पहले लात-घूसों से मारा, फिर लाठियों से कई वार किए।

# कार से घूम रहा फर्जी आईएएस गिरफ्तार

## वजीरगंज पुलिस ने उसके पास से छह लग्जरी गाड़ियां सचिवालय पास और आईडी कार्ड भी बरामद किए हैं

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** वजीरगंज पुलिस ने बुधवार सुबह लग्जरी कार से घूम रहे फर्जी आईएएस को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से पांच लग्जरी गाड़ियां, लाल-नीली बत्ती, सचिवालय पास, फर्जी आईडी कार्ड व अन्य दस्तावेज बरामद हुए हैं।

इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक गिरफ्तार आरोपी नोएडा सेक्टर 35 गरिमा विहार का रहने वाला सौरभ त्रिपाठी है। आरोपी मूलरूप से मऊ के सराय लखंसी का रहने वाला है। इसका एक घर गोमतीनगर विस्तार स्थित शालीमार वन वर्ड में भी है। इंस्पेक्टर ने



बताया कि वजीरगंज स्थित कारगिल पार्क के पास बुधवार सुबह वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी उन्हें एक संदिग्ध कार दिखी। रुकवाने पर देखा कि ड्राइविंग सीट पर चालक था। जबकि पिछली सीट पर आरोपी सौरभ बैठा था। कार में लाल-नीली बत्ती भी थी।

संदेह होने पर पुलिस ने पूछताछ की तो वह खुद को आईएएस बताते हुए रौब गांठने लगा। साथ ही कई वरिष्ठ अधिकारियों के नाम भी लिए। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उसके पास से आईएएस का फर्जी आईडी कार्ड, सचिवालय पास मिले।

आरोपी के पास कार के जाली पेपर और ड्राइविंग लाइसेंस भी मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### युवक का बाग में फंदे पर लटकता मिला शव



**विश्ववार्ता संवाददाता**


**लखनऊ।** महिमाखेड़ा गांव के पास बुधवार सुबह हरदोई के युवक का शव संदिग्ध हालात में बाग में आम के पेड़ से फंदे पर लटकता मिला। युवक अपने घर से मामा की ससुराल जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन वहां नहीं पहुंचा। उसके पैरों के नाखून से खून रिस रहा था और घटना स्थल के पास मिली बाइक चोरी की बताई जा रही है। जिससे घटना को लेकर कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। युवक नोएडा में ट्रैक्टर चालक था। महिमाखेड़ा गांव से सौ मीटर दूर आम के बाग में युवक का शव फंदे पर लटका देख ग्रामीणों ने पुलिस ने को सूचना दी।

## कागजों पर ही बिजली की शिकायतों का निस्तारण करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** राज्य ब्यूरो, लखनऊ। बिजली कर्मचारियों ने 1912 पर आने वाली कई उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी शिकायतों को हल किए बिना ही कागजों पर निस्तारित कर दी हैं।पावर कारपोरेशन की जांच में इन कर्मचारियों का कारनामा उजागर होने के बाद अध्यक्ष डा. आशीष गोयल ने आरोपित कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सभी अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं कि वह बिजली विभाग में अपने स्तर से किए गए नवाचार व सफलता की कहानी उन्हें भेजें।

मंगलवार को शक्ति भवन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम के आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने मुख्य अभियंताओं को बिजली चोरी रोकने, लाइन हानियां कम करने और बिल



» बिजली बिल वसूलने के कार्य में तेजी लाने के दिए हैं निर्देश

वसूलने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि जो क्षेत्र बिल वसूलने में पीछे है तथा लाइन हानि को कम नहीं कर पा रहे हैं उन क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि 15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में अनुरक्षण माह मनाया जाएगा।

इसलिए इस दौरान सभी आवश्यक अनुरक्षण के कार्य करा लिए जाए। अध्यक्ष ने कहा कि स्मार्ट मीटर के साथ ही चेक मीटर भी लगाकर उसके नतीजे उपभोक्ताओं को दिखाएं, जिससे उन्हें भरोसा हो सके कि स्मार्ट मीटर सही रीडिंग दे रहे हैं। उन्होंने यह निर्देश भी दिए हैं कि सुरक्षा उपकरण पहने बिना अनुरक्षण के कार्य कराने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए संबंधित अवर अभियंता, सहायक अभियंता और अधिशाषी अभियंता को जिम्मेदार माना जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा कि सभी कार्यालयों में बायोमीट्रिक उपस्थिति के आधार पर ही वेतन दिया जाए। उन्होंने प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के मुख्य अभियंता को स्मार्ट मीटर लगाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह ने किया अवंतीबाई अस्पताल का निरीक्षण

### वार्डों में भर्ती महिलाओं एवं शिशुओं से मिलकर उनका लिया हाल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** प्रदेश की महिलाओं की चिकित्सीय स्थिति की जानकारी शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन, गर्भवती महिलाओं व अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित महिलाओं को उपलब्ध करायी जा रही उपचार व्यवस्था तथा टीकाकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी हेतु उ.प्र. राज्य महिला आयोग की मा. अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान द्वारा वीरांगना अवंतीबाई महिला चिकित्सालय (डफरिन) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान इमरजेन्सी ओ.पी.डी., लेबर रूम, किचन, ओ.टी., एस.एन.सी. वार्ड, एच.डी.यू. व पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड का निरीक्षण किया गया साथ ही समस्त वार्डों में भर्ती महिलाओं एवं शिशुओं से मिलकर उनका हाल चाल लिया गया तथा नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव भी मनाया गया। निरीक्षण के दौरान सभी डाक्टर्स एवं नर्सिंग स्टॉफ का कार्य व्यवहार सराहनीय पाया गया। सभी व्यवस्थायें उत्तम पाई गयी तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा गया है। मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा जनसुविधा केन्द्र खोले जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिससे महिलाओं को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ आसानी से मिल सके।

इसके पश्चात क्वीन मैरी महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया जिसमें आई.वी.एफ. सेन्टर, लेबर रूम, इमरजेन्सी, पोस्ट ऑपरेटिव रूम, वेन्टीलेटर यूनिट, रजिस्ट्रेशन काउन्टर, ओ.पी.डी., किचन एवं टॉयलेट का निरीक्षण किया गया तथा वहां पर उपस्थित महिलाओं / मरीजों से वार्ता कर मिल रही सभी सुविधाओं की जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान 40 नवजात कन्याओं को बेबी किट मा. अध्यक्ष द्वारा वितरित की गयी। महिलाओं की संख्या को देखते हुये मा. अध्यक्ष महोदया द्वारा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान डॉ. अंजू अग्रवाल द्वारा बताया गया कि डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टाफ की संख्या पूरी है। डिलीवरी वार्ड में एक बेड पर 02 मरीज देखकर अध्यक्ष द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी इस सम्बन्ध में डॉक्टर अंजू अग्रवाल द्वारा बताया गया कि 200 बेड का प्रस्ताव शासन भेजा गया है।

## श्री जंगलेश्वर जूनियर हाई स्कूल मरोदा की प्रबंध समिति का चुनाव हुआ संपन्न



**विश्ववार्ता संवाददाता लखनऊ ।** लखनऊ में आज रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंदिरा नगर में एक विद्यालय की प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में चुनाव अधिकारी अनिल कुमार सिंह की उपस्थिति में सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों के बीच चुनाव की प्रक्रिया संपन्न हुई। जिसमें संरक्षक के पद पर उमेश कुमार सिंह, अध्यक्ष पद के लिए अनूप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पद पर यशराज सिंह, प्रबंधक सुमन सिंह, मंत्री पद पर राकेश सिंह, अतुल सिंह कोषाध्यक्ष के लिए चुने गए यह चुनाव प्रक्रिया बहुत ही शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए बताया हमारी मौजूदगी में चुनाव प्रक्रिया बहुत ही शांति तरीके से संपन्न हुई है, जिसमें सभी सदस्य और पदाधिकारी चुने गए हैं सभी को शुभकामनाएं दिया।

## लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन की लखनऊ इकाई का पुनर्गठन

### शिव शरण सिंह अध्यक्ष और नितिन श्रीवास्तव महासचिव बने

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** लखनऊ वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन की लखनऊ इकाई का पुनर्गठन कर वरिष्ठ पत्रकार शिव शरण सिंह को अध्यक्ष और नितिन श्रीवास्तव को महासचिव नियुक्त किया गया है। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने लखनऊ स्थित कार्यालय में यह घोषणा की। इस अवसर पर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) के राष्ट्रीय सचिव के. विश्वदेव राव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रजत मिश्रा और यूपी यूनियन के महासचिव देवराज सिंह भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष शिव शरण सिंह ने 35 सदस्यों वाली अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की, जिसमें प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और वेब





मीडिया के पत्रकारों को शामिल किया गया है। पुनर्गठित कार्यकारिणी में पदाधिकारियों का विवरण इस प्रकार हैः

**अध्यक्षः** शिव शरण सिंह, महासचिवः नितिन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्षः शैलेंद्र सिंह

**उपाध्यक्षः** रियाज अहमद, आशीष सिंह, महिमा तिवारी, हिमांशु दीक्षित

**सचिवः** मुकुल मिश्रा, टी. एन. मिश्रा, प्रदीप सिंह 'बागी', अंकित श्रीवास्तव, शिव विजय सिंह, नजम अहसन, रतीश त्रिवेदी

**कार्यकारिणी सदस्यः** अनूप सिंह, पंकज कुमार दीक्षित, अखिलेश श्रीवास्तव, विवेक त्रिपाठी, जे०पी०शुक्ला, दीप चंद्र गुप्ता, राकेश शुक्ला, इतिश्री मिश्रा, आदित्य सिंह बिशन, आदित्य शुक्ला, हुजैफा, रजनीश यादव, विक्रम सिंह, आदेश शुक्ला, अश्वनी सिंह, आशीष वर्मा, दीनदयाल मिश्रा, अतुल शुक्ला, सोनिया सिंह, नासिर खान, आनंद प्रकाश दिवेदी, शिव नरेश।

**विशेष आमंत्रित सदस्यः** हसीब सिद्दीकी, रविंद्र कुमार सिंह, प्रेमकांत तिवारी, के०विश्वदेव राव, रजत मिश्रा, देवराज सिंह एवं रतिभान त्रिपाठी।

### बायोमीट्रिक अटेंडेंस लगाएगा टिकट चेकिंग स्टाफ

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने टिकट चेकिंग स्टाफ के लिए बॉयोमीट्रिक अटेंडेंस की सुविधा शुरू की है, जिसके चलते अब टिकट चेकिंग स्टाफ को अटेंडेंस के लिए कार्यालय आना ही पड़ेगा। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के पीआरओ महेश गुप्ता ने बताया कि लखनऊ, गोरखपुर, ऐशबाग, गोमतीनगर, गोण्डा और सीतापुर जंक्शन पर इस व्यवस्था को शुरू कर दिया गया है। इस व्यवस्था से पारदर्शिता आएगी, चेकिंग स्टाफ की ड्यूटी घंटे, आराम के घंटे आदि की सही गणना हो सकेगी। अभी तक टिकट परीक्षक व निरीक्षक को अपनी अटेंडेंस के लिए रजिस्टर में साइन करना पड़ता था। नई व्यवस्था से न केवल कर्मचारियों की वास्तविक समय (रियल टाइम) अटेंडेंस दर्ज होगी, बल्कि यह सुनिश्चित होगा कि संबंधित कर्मचारी समय पर सही जगह पर मौजूद हैं।

# अपनी प्रतिभा से केजीएमयू डॉक्टर ने दिल जीता

## आंख को चीरकर दिमाग तक धंस गया था कांच का बड़ा टुकड़ा, साढ़े तीन घंटे चली सर्जरी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के चिकित्सकों ने एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। न्यूरो सर्जरी, नेत्र रोग और एनेस्थीसियोलाजी के डाक्टरों ने बेहद मुश्किल सर्जरी को सफल बनाया है। युवक की न सिर्फ आंख बचायी, बल्कि उसका पुनर्जन्म भी कराया है। सड़क हादसे में छह सेंटीमीटर लंबा टुकड़ा मरीज की आंख से होते हुए झिल्ली को पार कर दिमाग तक पहुंच गया था। ऐसी स्थिति में ब्रेन फ्लूइड का खतरा बढ़ जाता है, जिसमें जान बचाना मुश्किल होता है। मैराथन सर्जरी में मरीज की की जान के साथ उसकी आंख की रोशनी भी बचाने में बड़ी कामयाबी मिली है।

केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि मरीज की स्वास्थ्य में तेज सुधार है। जल्द ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी। कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने सर्जरी करने वाली टीम को बधाई दी है।



न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष प्रो. बीके ओझा ने बताया कि सिद्धार्थनगर निवासी रामू यादव आटो चलाते हैं। तीन अगस्त को सड़क दुर्घटना में ऑटो का सामने का शीशा टूट गया। दरअसल, यह नकली शीशा था। यदि असली होता तो सेफ्टी ग्लास की तरह कई छोटे टुकड़े में टूटता, लेकिन यह बड़े और नुकीले टुकड़े में बदल गया। इनमें से एक छह सेंटीमीटर लंबा टुकड़ा ड्राइवर की दाहिनी आंख में धंस गया, जो झिल्ली को पार करते हुए दिमाग तक पहुंच गया।

हादसे के दौरान आंख से काफी रक्त स्त्राव भी हुआ था। चोट का असर गले तक हुआ, जिसकी वजह से मरीज को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। परिवारजन गंभीर स्थिति में रामू को लेकर सिद्धार्थनगर के एक अस्पताल में पहुंचे। डाक्टर ने मरीज को तत्काल बस्ती या गोरखपुर ले जाने की सलाह दी। गोरखपुर में पहुंचे तो डाक्टर ने मरीज को लखनऊ के एक कारपोरेट अस्पताल में भेज दिया। डाक्टरों ने गले में ट्यूब डाल दी, जिससे मरीज को राहत तो मिली, लेकिन आंख व दिमाग में धंसे शीशे के टुकड़े का इलाज नहीं किया। ऐसे में उम्मीद छोड़ चुके परिवारजन मरीज को लेकर केजीएमयू के ट्रामा सेंटर पहुंचे। यहां न्यूरो सर्जरी विभाग के डा. अंकुर बजाज को दिखाया तो उन्होंने एक सीटी स्कैन कराया, जिसमें शीशे का टुकड़ा मरीज के दिमाग तक पहुंच गया था। करीब साढ़े तीन घंटे तक चली मैराथन सर्जरी के बाद मरीज की आंख और जान बचाने में सफलता मिली। सर्जरी करने वाली टीम में प्रमुख रूप से न्यूरो सर्जरी विभाग के प्रो. अंकुर बजाज, डा. मित्रजीत, डा. साहिल, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डा. बृजेश प्रताप सिंह, नेत्र रोग विभाग के डा. गौतम व डा. प्रियंका शामिल रहीं।

### नवनर्मित मकान से लाखों की चोरी, चार पर केस

**लखनऊ।** मड़ियांव क्षेत्र के गाजीपुर बलराम के पास चोरों ने एक नवनिर्मित मकान से जेवर, नकदी सहित लाखों का माल बटोर ले गए। गृहस्वामी ने कुछ लोगों पर शक जताते हुए नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हरदोई के थाना देहात क्षेत्र के खेतई निवासी सुखपाल सिंह के मुताबिक वह मड़ियांव के गाजीपुर बलराम के पास मकान बनाकर रहने लगे हैं। दो अगस्त की रात चोरों ने उनके घर से पत्नी के लाखों के जेवर, 50 हजार की नकदी सहित लाखों का सामान चोरी कर ले गए।

उसने पूर्व में भवन निर्माण में काम कर चुके मजूदरों व राजगीर पर चोरी करने का शक जताया है। शक के आधार पर उसने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# मुख्तार के कब्जे से खाली कराई गई जमीन पर बने फ्लैटों का फर्जी आवंटन, LDA ने दर्ज कराई FIR

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**लखनऊ।** माफिया रहे मुख्तार अंसारी से खाली कराई गई डालीबाग में सरकारी जमीन पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना में बने फ्लैटों को आवंटित कराने के नाम पर फर्जीवाड़ा सामने आया है। जालसाज ने भवन का जाली आवंटन पत्र व पंजीकरण चालान फर्जी तरीके से बनवा लिया। ऐसे ही बसंतकुंज योजना में जालसाज ने खुद को एलडीए का कर्मचारी बताकर 18 लोगों से 26 लाख 40 हजार रुपये ऐंठे और उन्हें प्रधानमंत्री आवास का फर्जी आवंटन प्रमाण पत्र थमा दिया। आवास का कब्जा न मिलने पर पीड़ितों ने एलडीए कार्यालय में संपर्क किया तब प्रकरण का खुलासा हुआ। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के आदेश पर संपत्ति विभाग की ओर से गोमती नगर थाने में एफआइआर दर्ज कराई जा रही है।

जन समस्या निवारण संस्थान के चेयरमैन आलोक दुबे द्वारा पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि अभिषेक, खालिद व राकेश यादव समेत 18 लोगों से प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। पीड़ितों के मुताबिक अनवर नाम के व्यक्ति ने उन लोगों का परिचय मदेयगंज के अलीनगर निवासी मोहम्मद तालिब से कराया। तालिब को एलडीए का प्रशासनिक अधिकारी बताकर समझाया कि बसंतकुंज योजना में प्रधानमंत्री आवास यह दिला देंगे। शिकायत मिलने पर एलडीए उपाध्यक्ष ने पूरे प्रकरण की जांच कराई। पता चला कि मोहम्मद तालिब नाम का कोई भी कर्मचारी प्राधिकरण में कार्यरत नहीं है।

पीड़ितों द्वारा प्रस्तुत रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र समेत सभी दस्तावेज जांच में फर्जी पाए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना के



प्रभारी उप सचिव अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि इस मामले में गोमती नगर थाने में एफआइआर दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है।

**झांसे में आकर जमा किया 26 लाख 50 हजार**

मोहम्मद तालिब ने प्रति व्यक्ति 55,000 रुपये जमा करने को कहा, ताकि मकान का रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र दिया जाए। उसके बाद 1,10,000 की अगली किस्त देने पर एलडीए द्वारा आवंटित आवास की बकाया धनराशि की किस्तों का एग्रीमेंट करते हुए मकान का कब्जा दिया जाएगा।

सभी बकाया किश्तों की अदायगी पर आवंटियों के पक्ष में मकान की रजिस्ट्री होगी। पीड़ितों के मुताबिक उन लोगों ने बहकावे में आकर तालिब के बताए बैंक खाते में यूपीआइ के माध्यम से नौ लाख 90 हजार रुपये जमा कर दिया, जिसके बाद उसने 15 लोगों को प्रधानमंत्री आवास का रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र दिया।

इसके बाद 15 लोगों से मकान की अगली किस्त के नाम पर प्रति व्यक्ति 1,10,000 की दर से कुल 16 लाख 50 हजार रुपये और ऐंठ लिये। रुपये लेने के बाद तालिब ने न तो किसी के पक्ष में भवन का एग्रीमेंट कराया और न ही मकान का भौतिक कब्जा दिलाया। पीड़ितों के मुताबिक मकान के बारे में पूछने पर तालिब हर बार आनाकानी करने लगा।

**पंजीकरण खुला नहीं, बना दिया आवंटन पत्र**

एलडीए की ओर से डालीबाग में निर्मित किये जा रहे 72 ईडब्ल्यूएस भवनों का पंजीकरण अभी खोला नहीं गया है। जालसाज इस योजना में भी भवन आवंटित कराने के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे हैं।

हजरतगंज में वीआइपी गेस्ट हाउस के पास झुग्गी में रहने वाले राहुल धानुक के नाम से भवन का जाली आवंटन पत्र व पंजीकरण चालान फर्जी तरीके से बनवाया गया है। उप सचिव ने बताया कि मामला संज्ञान में आने पर राहुल धानुक व अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराई जा रही है।

### लॉटरी से ही मिलते भवन गुमराह न हों लोग

एलडीए उपाध्यक्ष ने लोगों से अपील किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान आवंटित कराने को लेकर किसी भी बाहरी व्यक्ति की बात पर विश्वास न करें। प्राधिकरण आवेदकों की उपस्थिति में लाटरी के माध्यम से भवनों का आवंटन करता है। अन्य किसी भी प्रकार से भवन आवंटित करने की कोई प्रक्रिया नहीं है। एलडीए में प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्रकरणों के लिए पीएमएवाइ सेल गठित है, जिसका कार्यालय प्राधिकरण भवन की नई बिल्डिंग के भूतल पर बना है। योजना से संबंधित जानकारी के लिए सेल के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# जिलाधिकारी ने खन्नौत एवं गर्रा नदी के बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया

» दियूनी बैराज से गर्रा नदी में 48058 क्यूसेक पानी होगा पास



विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविन्द कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, उप जिलाधिकारी सदर संजय पाण्डेय, अधिशासी अभियंता शारदा नहर सुनील भास्कर सहित अन्य अधिकारियों के साथ खन्नौत नदी के हनुमत धाम एवं गर्रा नदी के अजीजगंज, राई खेड़ा तटबंध पहुंचकर बढ़ते जलस्तर का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गर्रा नदी के बढ़ते जलस्तर को गर्रा पुल, अजीजगंज, राई खेड़ा आदि स्थानों से देख तथा बढ़ते जल दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए है।

बाढ़ प्रभारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि 3.9.2025 को दोपहर 12:00 बजे अजीजगंज पुल पर गर्रा नदी का जलस्तर 147.600 मीटर एवं लोदीपुर पुल पर खन्नौत नदी का जलस्तर 144.700 मीटर रिकॉर्ड किया गया है। जनपद शाहजहाँपुर में कठना नदी 17000 क्यूसेक डिस्चार्ज के साथ गर्रा नदी में मिल रही है। दिनांक 02.09.2025 व 03.09.2025 की रात्रि में दियूनी बैराज से 06 घण्टे 54120 क्यूसेक पानी गर्रा नदी में पास किया गया है। आज दिनांक 03.09.2025 को पूर्वान्ह 11 बजे दियूनी बैराज से गर्रा नदी में 48058 क्यूसेक पानी पास हो रहा है। इस पानी का प्रभाव जनपद शाहजहाँपुर में दिनांक 06.09.2025 तक आने की सम्भावना है, जिससे गर्रा नदी का जलस्तर लगभग खतरे के निशान 148.800 के आस-पास वर्तमान जलस्तर 147.600 मी. से लगभग 4 फीट बढ़ने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त खन्नौत नदी के कैचमेंट एरिया में वर्षा होने के कारण लोधीपुर पुल पर भी खन्नौत नदी का जलस्तर भी लगभग खतरे के निशान 145.750 तक पहुंचने की सम्भावना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बढ़ने जलस्तर को देखते हुए, तैयारियां पूर्ण रहें। बाढ़ में बचाव राहत की सभी टीम सक्रिय रहे, प्रभावित होने वाले लोगों को सतर्कता कर दिया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी स्तर कोताही न बरती जाए। सभी राहत की टीमें अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें। बढ़ते जल स्तर की जानकारी से जन सामान्य को अवगत कराते रहें। जिलाधिकारी ने जल स्तर बढ़ने की दृष्टिगत प्रभावित होने वाले लोगों से राहत शिविरों एवं अन्य सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। बाढ़ से संबंधित किसी भी आपात स्थिति में तुरंत संपर्क करें: बाढ़ नियंत्रण कक्ष (Flood Control Room) नंबर 05842-351037, 05842-351038, 05842-462754, 05842-220018 टोल फ्री न. 1077 (24×7 उपलब्ध) है।

# शहीद पार्क में युवा कांग्रेस ने चलाया हस्ताक्षर अभियान, बांटे पंपलेट

विश्ववार्ता संवाददाता



शाहजहांपुर। जिला युवा कांग्रेस ने सोमवार को 'वोट चोरी अभियान' के तहत शहीद पार्क में जोरदार हस्ताक्षर अभियान चलाया। जिलाध्यक्ष रामजी अवस्थी के नेतृत्व में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। जिला कोऑर्डिनेटर कौशलेंद्र यादव ने कहा कि वोट चोरी कर बनाई गई सरकार जनता के भरोसे से अब पूरी तरह अस्थिर हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने पम्पलेट वितरित कर जनता को जागरूक किया। इन पम्पलेट्स में विस्तार से बताया गया कि किस तरह वोट चोरी की जा रही है और किस प्रकार नागरिक निर्वाचन आयोग से निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग कर सकते हैं। जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष रामजी अवस्थी ने कहा कि वोट चोरी लोकतंत्र पर सीधा हमला है। हमारा यह अभियान जनता को मताधिकार की सुरक्षा के लिए जागरूक करने और निर्वाचन आयोग से कठोर कार्रवाई की मांग का प्रयास है। जनता के समर्थन से इस लड़ाई को और मजबूत किया जाएगा।


अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक हस्ताक्षर किए, जिससे साफ झलक रहा था कि जनता पारदर्शी और निष्पक्ष लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए एकजुट है। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान, जिला उपाध्यक्ष फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, तस्दीक अंसारी, युवा जिला उपाध्यक्ष आलोक शर्मा एडवोकेट, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन, शिवओम मिश्रा, शाहनवाज खान, जैद अंसारी, नितिन तिवारी, उस्मान शाह, आमिर खान, हसन खान, इरफान खान, परवेज खान, कमल किशोर मिश्रा, फैजान रजा खान, अली, सत्यम रस्तोगी, उवेश खां, फारूख इदरीसी, नफीस अंसारी, राजू श्रीवास्तव, ओमेंद्र यादव, रामजी शुक्ला, अदीब अहमद, अफजाल खान, इमरान अब्बासी, ऐतेशाम खान समेत तमाम युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्कूली बच्चों ने संभाला अंटा चौराहे का ट्रैफिक, पुलिस ने कराया प्रशिक्षण



शाहजहांपुर। सड़क सुरक्षा और जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को अनोखा नजारा अंटा चौराहे पर देखने को मिला। तक्षशिला स्कूल के छात्र-छात्राओं ने यातायात पुलिस संग मिलकर चौराहे का ट्रैफिक संचालन संभाला। उत्तर प्रदेश शासन के आदेश पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार तथा क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रभारी यातायात विनय कुमार पांडेय ने बच्चों को ट्रैफिक संचालन का प्रशिक्षण दिया। छात्र-छात्राओं ने खुद सड़क पर उतरकर वाहनों को नियंत्रित किया और यातायात नियमों का पालन कराने का अभ्यास किया। इस दौरान बच्चों ने कई सवाल भी पूछे, जिनका समाधान प्रभारी यातायात ने विस्तार से किया। प्रभारी यातायात ने आमजन से अपील की कि सभी लोग नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयोग आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि बच्चों और समाज दोनों को यातायात के प्रति जागरूक किया जा सके।

# गर्रा व खन्नौत में बढ़ा जलस्तर, खतरे के निशान के करीब



» खतरे के निशान के पास पानी के पहुंचने की संभावना, प्रशासन का अलर्ट

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में गर्रा और खन्नौत नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। शारदा नहर खंड की रिपोर्ट के अनुसार 3 सितंबर दोपहर 12 बजे अजीजगंज पुल पर गंगा नदी का जलस्तर 147.600 मीटर और लोदीपुल पर खन्नौत नदी का जलस्तर 144.700 मीटर दर्ज किया गया।

जानकारी के मुताबिक 2 से 3 सितंबर की रात में दियुनी बैराज से 54,120 क्यूसेक पानी गर्रा नदी में छोड़ा गया। 3 सितंबर सुबह 11 बजे तक भी 48,058 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। जिसका असर जिले में 6 सितंबर तक दिखेगा। इससे गंगा नदी का जलस्तर 148.800 मीटर यानी खतरे के निशान तक पहुंचने की संभावना है।

फिलहाल गंगा नदी का जलस्तर 147.600 मीटर पर है जो खतरे के निशान से करीब चार फीट नीचे है। उधर, खन्नौत नदी भी तेज बरसात की वजह से उफान पर है और लोधीपुल पर जलस्तर 145.750 मीटर यानी खतरे के निशान से दूर है। जिला प्रशासन ने बाढ़ से निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट रहने और पूर्व तैयारी करने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



# नगर पंचायत कांट में विकास कार्यों का रईस मियां ने किया निरीक्षण

**एक माह से ठप पड़े कार्यों में तेजी लाने के निर्देश**

विश्ववार्ता संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर पंचायत कांट की अध्यक्ष मुनारा बेगम ने कार्यभार ग्रहण करते ही नगर में विकास कार्यों की रफ्तार तेज करने का संकल्प जताया। पावर बहाली के बाद बुधवार को उनके पुत्र रईस मियां ने नगर पंचायत क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान रईस मियां ने अधिशासी अधिकारी व संबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गौरतलब है कि शासन ने 15 जुलाई 2025 को मुनारा बेगम का पावर सीज कर दिया था। मगर हाईकोर्ट इलाहाबाद ने 11 अगस्त 2025 को आदेश पारित कर उनका पावर बहाल कर दिया। इसके बाद मंगलवार को उन्होंने बाकायदा चार्ज ग्रहण किया और कार्यभार संभालते ही नगर में सक्रियता दिखनी शुरू हो गई।

# खेलते समय बच्ची को उठा ले गया आरोपी

» घर ले जाकर किया दुष्कर्म, हालत नाजुक

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। फरीदपुर के एक गांव में मंगलवार देर शाम सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला दिया। गली में खेल रही मासूम बच्ची को पड़ोस का युवक अचानक गोद में उठाकर अपने घर ले गया और वहां उसके साथ दरिंदगी की। बच्ची की चीखें सुनकर पड़ोसी को शक हुआ और उसने छत से झांककर देखा तो पूरा मामला साफ हो गया।

सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी के घर का दरवाजा खुलवाकर मासूम को उसके चंगुल से छुड़ाया। बच्ची की हालत बेहद नाजुक थी और शरीर पर चोटों के निशान थे। परिजन उसे तुरंत थाने लेकर पहुंचे, जहां से पुलिस ने अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे बरेली रेफर कर दिया। दरिंदगी करने वाला आरोपी 35 मौका मिलते ही अपने मकान पर ताला डालकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि आरोपी परिवार के साथ हरियाणा के पानीपत में रहकर मजदूरी करता है। छह दिन पहले ही वह अकेला गांव लौटा था। लौटते ही उसने मासूम के साथ हैवानियत कर डाली। घटना से गांव के लोग गुस्से में हैं और आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। फरीदपुर सीओ संदीप सिंह ने बताया कि आरोपी द्रोणपाल के खिलाफ दुष्कर्म समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### अमन कमेटी ने आपसी भाईचारे का दिया संदेश

बरेली। अमन कमेटी ने गणेश चतुर्थी के अवसर पर अनिल पाटिल और उनके साथियों का पुष्पवर्षा व शाल-माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. क़दीर अहमद ने कहा कि बरेली गंगा-जमुनी तहज़ीब के लिए जानी जाती है। हाल ही में आला हज़रत के उर्स में अमन कमेटी के हिंदू भाइयों ने पुष्पवर्षा की थी और आज मुस्लिम भाई यह परंपरा निभा रहे हैं। अनिल पाटिल ने भी अमन कमेटी की सराहना करते हुए आपसी भाईचारे को बरेली की पहचान बताया। कार्यक्रम में डॉ. क़दीर अहमद, डॉ. शहाबुद्दीन, मो. नबी, अफसर खान, पकीज़ा खान, खुशनुमा, शाहरुख खान, नदीम खान, मोनू खान, मो. अनस और सैयद सोनू सहित कई लोग मौजूद रहे। अमन कमेटी के अध्यक्ष ने शाल पहनाकर अनिल पाटिल का स्वागत किया। इस अवसर पर मनोज भारती, राम निवास शर्मा, दिनेश बाजपेयी, अभिनय रस्तोगी, अमरजीत सिंह और हनीप्रीत सिंह का विशेष सहयोग रहा। अंत में डॉ. क़दीर अहमद ने सभी का आभार जताया।

### शिवाजी पार्क में आज बिराजेंगे गणपति बप्पा



बरेली। गणेश चतुर्थी से शुरू हुए गणेश महोत्सव के आयोजन नाथ नगरी में सामाजिक संस्थाओं द्वारा आयोजित किया जा रहे हैं। भगवान गणेश की प्रतिमा गुरुवार को जनकपुरी स्थित शिवाजी पार्क में स्थापित की जाएगी। पत्रकारों से वार्ता के दौरान यह जानकारी ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल एजुकेशन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ रजनीश सक्सैना ने दी। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय गणेश महोत्सव मा गंगा बचाओ वेलफेयर सोसाइटी, महिला कल्याण समिति, भैरव सेवा संघ के सहयोग से किया जा रहा है। गणपति बप्पा को 165 किलो लड्डू का भोग लगाया जाएगा। शाम को भक्तजन सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भजन संध्या का भी आनंद ले सकेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि इस महोत्सव में झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार के साथ ही भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, संजीव अग्रवाल, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, भाजपा नेता प्रशांत पटेल, मनीष अग्रवाल भी कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि 5 सितंबर को प्रात हवन पूजन के साथ ही गणपति बप्पा की विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

बरेली। रामानुज दयाल सरस्वती शिशु मंदिर में संकुल स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में नैनीताल मार्ग स्थित सरस्वती शिशु मंदिर के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाया। 6 से 8 सितंबर तक कासगंज में प्रांतीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश कुमार शर्मा ने दी। अंताक्षरी प्रतियोगिता में पारुल, परिधि, अनुराधा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गीत प्रतियोगिता में योगिता मौर्य, कला प्रतियोगिता में कंचन राजपूत, बौद्धिक प्रश्न मंच में आकृति, पूर्णिमा, और अनंत की टीम दूसरे स्थान पर रही। कथा में ध्रुव गंगवार को तीसरा स्थान मिला।

# छह दिवसीय उर्स-ए-शाहदाना वली का आगाज़ 24 सितंबर से



विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। दरगाह शाहदाना वली में आगामी छह दिवसीय उर्स-ए-शाहदाना वली का आगाज़ 24 सितंबर से होगा, जो 30 सितंबर को कुल की रस्म के साथ संपन्न होगा। बुधवार को दरगाह परिसर में उर्स का पोस्टर जारी किया गया। इस मौके पर दरगाह के मुतवल्ली साहब अब्दुल वाजिद खा नूरी उर्फ़ बब्बू मियां ने बताया कि सरकार शाहदाना वली का सालाना उर्स पाक 24 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर तक जारी रहेगा।

उर्स की तैयारियां तेज़ी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि इस उर्स में हर साल बड़ी तादाद में जायरीन मुंबई, दिल्ली, बनारस, पंजाब, उत्तराखंड सहित कई प्रदेशों से पहुंचकर शिरकत करते हैं। वहीं मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि उर्स के दौरान आने वाले जायरीनों की सुविधा के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था, सफाई, बिजली-पानी की आपूर्ति और दरगाह के आसपास की सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। पोस्टर जारी करने के दौरान वसी अहमद, युसूफ इब्राहिम, तौसीफ खान, गफूर पहलवान, मिर्ज़ा शाहाब बेग, अब्दुल सलाम नूरी, गिलवर खा, खलील कादरी, सलीम रज़ा, शान खा, सईद खा, शहजाद अंसारी, हाजी अजहर बेग, जावेद खा, शिरोज़ सैफ कुरैशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फिरौती के लिए करने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। पंजाब से दर्शन के लिए नानकमत्ता आये एक व्यक्ति का अपहरण कर फिरौती मांगने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस में आज गिरफ्तार कर अपहरण किए गए व्यक्ति को भी बरामद कर लिया गिरफ्तारी अभियुक्त के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर उनके फरार साथियों की तलाश शुरू कर दी।

पंजाब के कपूर थल जिले के गांव सुचेतगढ़ के थाना सुलतानपुर लोधी निवासी दर्शन सिंह पुत्र गुरा सिंह के अपहरणकर्ता कैंट थाना क्षेत्र के गांव कांधरपुर निवासी आकाश पुत्र लालाराम और शेरगढ़ थाने के गांव बियोदा निवासी देवेंद्र पुत्र छत्रपाल को पुलिस में आज कैंट थाना क्षेत्र में उमरसिया बभिया रास्ते पर पड़ने वाले डेलापीर हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार कर लिया उनके पास से अपहरण में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद की गई पुलिस में उनके निशानदेही पर अपहरण किए गए दर्शन सिंह पुत्र गुरा सिंह को भी बरामद किया पुलिस के अनुसार दर्शन सिंह के भाई कुलविंदर सिंह ने केंट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 30 अगस्त को उसके भाई दर्शन सिंह घर से उत्तराखंड के नानकमत्ता गुरुद्वारा मे दर्शन करने आए थे लेकिन बीच रास्ते में ही उनका अपहरण कर लिया गया और उनको लाल फाटक ले जाया गया अपहरण के बाद उन्होंने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए फिरौती की मांग की गई इसके बाद भाई बलविंदर ने यूपीआई के माध्यम से 31 अगस्त को चार बार में 15 लख रुपए अभियुक्तों के खाते में डलवाए लेकिन अपहरणकर्ताओ ने उनसे और रकम की मांग की तब 31 अगस्त को उन्होंने कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए अपहरण कर्ताओं को गिरफ्तार कर अपने भाई को बरामद करने की मांग की पुलिस ने आज दो अपहरण कर्ताओं कैंट के गांव कांधर पुर निवासी आकाश पुत्र लालाराम और शेरगढ़ के गांव बियोदा निवासी वीरेंद्र पुत्र छत्रपाल को गिरफ्तार कर अपहरण किए गए दर्शन सिंह को केंट के गांव उमरसिया बभिया स्थित हनुमान मंदिर के पास से बरामद कर पुलिस में बदायूं की बिनावर थाना क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी देवाराम उर्फ सोनू कांधर पुर में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के पास रहने वाले राहुल, यही के मनोज साहू पुत्र हरी बाबू, अभिषेक पुच्छी पुत्र कुवर पाल को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी गिरफ्तार आकाश ने बताया कि वह पुताई का काम करता है और 31 अगस्त को सुबह देवाराम उर्फ सोनी राहुल पुत्र अशोक मनोज साहू पुत्र हरी बाबू के साथ मोटरसाइकिल से कंधरापुर पुर से बरेली की ओर जा रहा था तभी लाल फाटक पुल के पास उन लोगों ने दर्शन सिंह को खड़े देखा उसने पर उसने बताया कि वह नानकमत्ता दर्शन करने के लिए आया है कुछ स्टैंड की तलाश में है तब उन्होंने बस स्टैंड पहुंचने के बहाने उनको अपनी कार में बैठा और नानकमत्ती ले जाने की बात कही वह उन्हें जंगलों की तरफ ले गए और वहीं पर उनको छोड़ने बदले में पैसे की मांग की और ना मन पैसा ना देने पर ध्यान से मारने की धमकी दी मोबाइल फोन से उनकी पत्नी को व्हाट्सएप कॉल किया और उनके अपहरण की बात बात कर छोड़ने के बदले में रुपए मांगे एक बैंक खाते में रुपए डालने को कहा उनके बताए खाते में डेढ़ लाख रुपए डाल दिए गए उसके बाद 3 लाख की मांग और की गई बहस दर्शन सिंह को अलग-अलग जगह पर रात के समय लेकर घूमते रहे लेकिन इसी दौरान पुलिस में पकड़ लिया और दर्शन सिंह को बरामद कर लिया गिरफ्तार अभियुक्तों को पुलिस ने न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा और उनके फरार साथीयों की तलाश शुरू कर दी।

# एक बार फिर वॉलीबॉल में बना एफ आर इस्लामिया इंटर कॉलेज चैंपियन

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। एफ.आर. इस्लामिया इंटर कॉलेज में जनपदीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर-19 वर्ग की 9, अंडर-17 वर्ग की 5 तथा अंडर-14 वर्ग की 4 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ इस्लामिया इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य तौकीर सिद्दीकी, राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश राजभर, चंद्रशेखर आज़ाद इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं इस्लामिया इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता शाहिद रज़ा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर तीनों प्रधानाचार्यों ने सर्विस कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

अंडर-19 वर्ग का फाइनल मुकाबला इस्लामिया इंटर कॉलेज और राजकीय इंटर कॉलेज के बीच खेला गया, जिसमें इस्लामिया इंटर कॉलेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। वहीं अंडर-17 वर्ग में इस्लामिया इंटर कॉलेज ने भारत इंटर कॉलेज भोजीपुरा को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-14 वर्ग में ट्रायल मैचों के आधार पर मंडल स्तर के लिए टीम चयन की प्रक्रिया पूरी की गई। खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।



फाइनल मैचों के बाद इस्लामिया इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता शाहिद रज़ा ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए और आगामी मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएँ दीं। चयनित खिलाड़ी 8 सितंबर को पीलीभीत में होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। निर्णायक मंडल में मोहम्मद उजैर, कमल तिवारी, सादिक रज़ा, राजा अरबाज, शान अली, जुनैद अश्करी, हैदर और सोहेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम की सफलता में इस्लामिया कॉलेज के स्टाफ नदीम, मुजफ्फर, मुशाहिद रज़ा, बृजेश शर्मा, आर.बी. तिवारी, रोहित कुमार, सुरेंद्र, पंकज, राहुल, अभिषेक एवं आरिफ का विशेष योगदान रहा।

# बिजली क्यूआरटी-1912 करेगी हर समस्या का समाधान

## मंडलायुक्त और जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की व्हिकल टीम

विश्ववार्ता संवाददाता



बरेली। योगी सरकार ने बिजली की दिक्कतों से तुरंत राहत दिलाने के लिए नई व्यवस्था शुरू दी है। बुधवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कमिश्नरी से क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल-1912 को हरी झंडी दिखाकर जनता की सेवा में समर्पित किया। अब बिजली से जुड़े फॉल्ट, ट्रिपिंग या अन्य आपात स्थिति की जानकारी मिलते ही क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) मौके पर पहुंचेगी और समस्या का तत्काल समाधान करेगी। बिजली विभाग ने इसके लिए चार स्पेशल टीमें बनाई हैं। स्पेशल क्यूआरटी शहर और आसपास के इलाकों में सक्रिय रहेंगी। सूचना मिलते ही पहुंचकर शिकायतों का निस्तारण करायेंगी।

कमिश्नर सौम्या अग्रवाल ने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए टोल फ्री नंबर 1912 जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से उपभोक्ताओं को घंटों तक बिजली कटौती की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश और अन्य अधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि यह व्यवस्था बिजली आपूर्ति को और भरोसेमंद बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि इस पहल से बरेली शहर में बिजली उपभोक्ताओं को तेज़, भरोसेमंद और 24 घंटे सेवा उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। अब छोटी-मोटी तकनीकी गड़बड़ियों से घंटों गुल रहने वाली बिजली की समस्या से शहर को छुटकारा मिलेगा। बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतें हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सरकार की मंशा है कि किसी भी नागरिक को मूलभूत सुविधा के लिये परेशान न होना पड़े।

# महिला ने मासूम बच्ची का किया अपहरण

» जीआरपी ने कुछ ही घंटों में कराया सकुशल बरामद



विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। बरेली जंक्शन पर एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, ट्रेन का इंतजार कर रहे दंपति की साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची को एक महिला उठा ले गई। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसके बाद जीआरपी ने तेजी से कार्रवाई करते हुए बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया और अपहरण में शामिल महिला व उसके पति को गिरफ्तार कर लिया।

पत्रकारों को प्रेस वार्ता में बताया मुरादाबाद निवासी मुनीश 28 अगस्त की रात अपनी पत्नी और साढ़े तीन साल की बेटी ऋषिका के साथ दवा लेने के लिए बरेली आया था। रात को जब वे ट्रेन का इंतजार कर रहे थे, तभी अचानक एक महिला बच्ची को उठाकर ले गई। बच्ची के गायब होते ही दंपति घबरा गए और तुरंत जीआरपी को सूचना दी। जीआरपी ने स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें एक महिला बच्ची को लेकर जाती हुई दिखाई दी। फुटेज के आधार पर पुलिस ने तत्काल चेकिंग शुरू कर दी और संदिग्धों की तलाश में दबिशें दीं। कुछ ही घंटों की मशक्कत के बाद पुलिस ने बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया और अपहरण की साजिश में शामिल महिला व उसके पति को गिरफ्तार कर लिया। जीआरपी अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ में आरोपी दंपति ने आर्थिक तंगी और बच्चा न होने की वजह से इस वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। जीआरपी न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा और बच्ची को परिजनों को सौंप दिया गया है।

**आयोजन** आज होगा कुल की रस्म के साथ होगा संपन्न

# 58वां उर्स-ए-शाह शराफ़त में ज़ायरीन की भारी भीड़

विश्ववार्ता संवाददाता

बरेली। उर्स-ए-शाह शराफ़त के तीसरे दिन की शुरुआत सुबह बाद नमाज़ फज्र कुरआन ख्वानी से की गई, देश के कोने-कोने से पहुंचे ज़ायरीन ने बड़ी संख्या में दरगाह पर गुल पोशी और चादर पोशी की रस्म अदा की। मीडिया प्रभारी हमजा सकलानी ने कहा शाम को बाद नमाज़ ईशा अपने रिवायती तौर पर नातिया व तकरीरी प्रोग्राम दरगाह के सज्जादानशीन शाह मोहम्मद ग़ाज़ी मियां की सरपरस्ती में आयोजित हुआ। शाम को बाद नमाज़ ईशा रात 9:30 बजे हमेशा की तरह अपने रिवायती तौर पर शानदार तकरीरी प्रोग्राम आयोजित हुआ, जलसे की शुरुआत तिलावते कलामे पाक से हुआ। जलसे में देश के प्रख्यात उलेमा ए किराम ने शिरकत की।



मौलाना प्रोफेसर मेहमूद उल हसन, मौलाना रिफ़ाकत नईमी ककरालवी, मौलाना मुफ़्ती फ़हीम अज़हरी जैसे नामवर उल्मा ने अपने वक्तव्यों में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव आपसी प्रेम अमन-चैन पर बल दिया और साथ ही हज़रत शराफ़त मियाँ के पवित्र जीवन और उनकी ख़िदमात पर रौशनी डालते हुए बताया कि शराफ़त अली मियां ने तमाम उम्र अल्लाह को राज़ी व खुश करने और उसकी मखलूक की हाजत रवाई करने में गुज़ारी, लाखों मखलूक को सिराते मुस्तकीम यानी सीधे रास्ते पर लाकर गुनाहों से बचाया- ख़ानक़ाह और आसपास के बाज़ारों में ज़ायरीन की उमड़ती भीड़ ने शहर को एक उत्सव का रूप दे दिया। शहर के प्रमुख चौराहों व सड़कों पर चादरों के जुलूस के आगमन से उर्स आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा दिए हैं, उर्स के तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में चादरों के जुलूस आए और जुलूस में शामिल सभी अक़ीदतमंद ज़ायरीन अपने पीर की मोहब्बत व अक़ीदत में डूबकर अदब, सादगी व शांति के साथ दरगाह पर पहुंचते रहे और अपनी मुरादों मन्नतों की चादर पेश करते रहे। देश भर से भारी संख्या में ज़ायरीन उर्स में शामिल होने के लिए दरगाह शरीफ़ पर पहुंचे, देश के अलावा कई अन्य देशों जैसे- दुबई, हॉन्ग कॉन्ग, साउथ अफ्रीका, अमरीका, आदि देशों से भी काफी संख्या में ज़ायरीन आए हुए हैं। प्रोग्राम में सादकैन मियां, हाफ़िज़ गुलाम गौस, गुलाम मुर्तुजा, मोहम्मद हमज़ा, मुनीफ सकलैनी, मुंतासिब सकलैनी, असदक सकलैनी, हाजी लतीफ़ सकलैनी, मौलाना रूम्मान क़ादरी, हाफ़िज़ कादिर सकलैनी, मौलाना नफ़ीस, हाफ़िज़ जाने आलम, हसीब रौनक, मौलाना अनवार दौलपुरी, हाफ़िज़ जाने आलम, मौलाना मुख्तार, हाफ़िज़ आमिल, ज़िया राशिद सकलैनी, इंतज़ार हुसैन, आदि मौजूद रहे। इस संभावित भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन सतर्क है, ज़ायरीन की सुरक्षा एवं सुविधा के दृष्टिगत पी.ए.सी बटालियन एवं स्थानीय पुलिस फ़ोर्स की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और आस पास के प्रमुख चौराहों- नवल्टी, कुतुबखाना, घंटाघर, कोहाड़ापीर, जाटवपुरा, मूर्ति नर्सिंग होम, सरायखाम आदि स्थानों पर पर्याप्त पुलिस फोर्स एवं यातायात व बैरेकेटिंग की समुचित व्यवस्था की गई है।

## एक नजर

### थरिया गांव में लगा विधिक साक्षरता शिविर, 150 ग्रामीण हुए लाभान्वित



**लखीमपुर खीरी।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर बुधवार को ग्राम थरिया, थाना नीमगांव, तहसील मितौली में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण वीरेन्द्र नाथ पाण्डेय, तहसीलदार मितौली व प्राधिकरण के कर्मचारीगण मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों को नि:शुल्क विधिक सहायता, मध्यस्थता के माध्यम से वादों का निस्तारण, राष्ट्रीय लोक अदालत में वादों के सुलह-समझौते से निस्तारण, प्री-लिटिगेशन वादों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 एवं नागरिकों के विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई।तहसीलदार मितौली ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं और ग्रामीणों के अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की। शिविर से लगभग 150 नागरिक लाभान्वित हुए। ग्रामीणों ने इसे उपयोगी बताते हुए ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित करने की मांग की।

### वीडियो में हाईवे पर टहलता दिखा मगरमच्छ

**निघासन खीरी।** लखीमपुर खीरी में भारी बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। मंगलवार रात निघासन तहसील के सिंगाही कस्बे के पास हाईवे पर एक मगरमच्छ दिखाई दिया। एक कार सवार ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर शेयर किया।वन विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने नदी-नालों के किनारे न जाने और जलीय जीवों को देखने पर तुरंत सूचना देने की अपील की है।इससे पहले सिंगाही थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के पास भी मगरमच्छ देखा गया था। कुछ गांवों में मगरमच्छ घरों के अंदर तक पहुंच गए। वन विभाग की टीम ने इन मगरमच्छों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। बारिश से बढ़े जलस्तर के कारण क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

### बेहटा हादसे के बाद पटाखा कारोबारियों में हड़कंप



**निंदूरा (बाराबंकी)।** लखनऊ के बेहटा में हुए भीषण विस्फोट के बाद पटाखों का अवैध कारोबार करने वालों में दहशत फैल गई है। प्रशासनिक कार्रवाई से बचने के लिए कारोबारी लगातार अपना ओवर स्टॉक ठिकाने लगाने में जुट गए हैं। बुधवार को देवा थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के बाहर शारदा नहर किनारे झाड़ियों में तीन बोरियों में भरे सुतली बम लावारिस हालत में मिले। राह निकलते ग्रामीणों की नजर बोरियों पर पड़ी तो जिज्ञासा वश जब उन्होंने देखा तो उसमें सुतली बम भरे थे। यह खबर फैलते ही मौके पर हड़कंप मच गया और आसपास के गांवों से लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल जेसीबी मशीन मंगवाकर बमों को गड्ढा खोदकर उसी में दबवा दिया। पुलिस का मानना है कि बेहटा हादसे के बाद पकड़े जाने के डर से पटाखा कारोबारी ऐसे खतरनाक स्टॉक को इधर-उधर फेंककर छुटकारा पाने की कोशिश कर रहे हैं। गांव में बमों की बरामदगी से दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस अब अवैध पटाखा कारोबारियों पर शिकंजा कसने की तैयारी में जुट गई है।

### पं. कमलापति त्रिपाठी की जयंती पर नमन



**बाराबंकी।** सांसद आवास पर बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी, लेखक व पत्रकार पं. कमलापति त्रिपाठी की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। इस अवसर पर पूर्व सांसद पीएल पुनिया और सांसद तनुज पुनिया ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।पीएल पुनिया ने कहा कि पं. त्रिपाठी का जन्म वाराणसी में हुआ था। वे सच्चे देशप्रेमी, महान राजनेता व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। साहित्य और पत्रकारिता में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।सांसद तनुज पुनिया ने कहा कि पं. त्रिपाठी अपने नैतिक मूल्यों, दूरदृष्टि और सार्वजनिक जीवन में सेवा भाव के लिए हमेशा याद किए जाते हैं। वे उत्तर प्रदेश के सातवें मुख्यमंत्री, कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष और भारत के रेल मंत्री रहे। पत्रकारिता में भी उन्होंने 'आज' और 'संचार' जैसे अखबारों में कार्य किया।

# शारदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

## पलिया में 52 और शारदा नगर में 6 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा पानी





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले में शारदा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। कई इलाकों में बाढ़ का पानी पहुंच गया है। कई मार्ग भी जलमग्न हो गए हैं, जिससे लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। उधर, संपूर्णानगर क्षेत्र के भानपुरी खजुरिया में भी पानी घुस गया। इसके चलते वहां पर बाढ़ राहत दल को तहसील प्रशासन ने लगा दिया है। यहां हालांकि पानी कम है, फिर भी लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए प्रशासन एहतियात बरत रहा है। देर शाम पानी बढ़ व घट रहा था, जिससे आसपास के निचले गांवों के ग्रामीणों में दहशत फैली हुई थी। बनबसा बैराज से छोड़े गए लगभग ढाई लाख क्यूसेक पानी के कारण लखीमपुर खीरी में शारदा नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

पलियाकलां में बुधवार सुबह नदी का जलस्तर 155.11 मीटर दर्ज किया गया। यह खतरे के स्तर 154.59 मीटर से 52 सेंटीमीटर अधिक है।शारदा नगर में भी स्थिति चिंताजनक है। यहां नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 6 सेंटीमीटर ऊपर बह रहा है। प्रशासन ने नदी के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। जल स्तर में लगातार वृद्धि से तटीय क्षेत्रों में बाढ़ की आशंका बनी हुई है।पलिया कस्बे को मुख्यालय से जोड़ने वाले वीर स्टेट हाईवे के रफ्ता पुल पर भी पानी सड़क के ऊपर बह रहा है इसके चलते आवागमन सुरक्षित है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि तटीय गांव में अलर्ट जारी किया गया है और स्थानीय प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई है राहत टीम में भी गांव-गांव जाकर जायजा ले रही हैं।

**स्कूल में भरा बाढ़ का पानी**

तहसील पलिया की ग्राम पंचायत शाहपुर के मजरा नरायनपुरवा में बाढ़ का पानी प्राथमिक विद्यालय नरायनपुरवा में भर गया है। पानी भरा होने से बच्चों की पढ़ाई भी नहीं हो पा रही है। पूर्व प्रधान अवधराम ने बताया कि अब तक प्रशासन से कोई सहायता नहीं मिली है, न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी गांव में आया है।

**बेलहासिकटिहा में बीते साल बने तटबंध के ऊपर चल रहा पानी**

बिजुआ क्षेत्र में बारिश से शारदा नदी के किनारे बसे गांवों में पानी घुस गया है। गांव बेलहासिकटिहा में बीते साल बना तटबंध बाढ़ के पानी की चपेट में आ गया है। तटबंध के ऊपर से पानी चल रहा है। धीरे-धीरे तटबंध भी कट रहा है। बेलहासिकटिहा गांव के अंदर घरों में और रास्तों पर पानी भर गया है। गांव के पश्चिम में शारदा नदी तेजी से कटान कर रही है। गांव से नदी सिर्फ 300 मीटर ही दूर रह गई है। कटान करती हुई नदी लगातार गांव की तरफ बढ़ रही है। इसके अलावा रूरासुल्तानपुर, तनसुखपुरवा, कोरियाना, जौहरा, गुजारा, मेंहदी, ग्राम पंचायत अषाढ़ी ग्राम पंचायत करसौर तथा उसके मजरे हजूरपुरवा, बेंचेपुरवा, चकपुरवा, नयापुरवा में घरों में पानी भरा हुआ है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर, जिला अस्पताल रेफर

**फतेहपुर-बाराबंकी।** क्षेत्र के साढ़ेमऊ पुल पर बुधवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा उसे सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया गया। जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र की के साढ़ेमऊ पुल के पास की है। जहां पर जहांगीराबाद क्षेत्र के निंगरी गांव निवासी रियाज (40) किसी कार्य से कस्बा फतेहपुर रहे थे। इस बीच सामने से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि वह उछलकर सड़क किनारे एक खाई में जा गिरे और अचेत होकर गंभीर रूप से घायल हो गये। इस दौरान आवागमन कर रहे स्थानीय लोगों ने उसे एंबुलेंस द्वारा सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने युवक की हालत को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## जर्जर संजय सेतु पर मरम्मत शुरू होते ही लगा भीषण जाम

### नेपाल व कई जिलों से जुड़ा है अहम सेतु, नया पुल बनाने की उठी मांग

» यात्रियों ने कहा, अस्थायी मरम्मत से खतरा टला नहीं



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रामनगर (बाराबंकी)।** लखनऊ, बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर बना 44 वर्ष पुराना संजय सेतु जर्जर हालत में पहुंच गया है। पुल के बीचोबीच बड़ी दरारें निकल आई थीं, रेलिंग के नट, बोल्ट और कंक्रीट मसाला तक उखड़ चुका था। एप्रोच पर भी गहरी दरारें बन गई थीं। स्थिति यह थी कि वाहन गुजरते ही रेलिंग हिलने लगती थी और बड़ा हादसा होने का अंदेशा बना रहता था। स्थिति की गंभीरता को विश्ववार्ता अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने बुधवार सुबह से ही मरम्मत कार्य शुरू करा दिया। मरम्मत शुरू होते ही पुल के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और भीषण जाम ने यात्रियों को घंटों परेशान किया। मौके पर पहुंची रामनगर पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए एक ओर से यातायात चालू कराया जबकि दूसरी ओर मरम्मत कार्य चलता रहा।

**नेपाल व कई जिलों से सीधा जुड़ाव** - संजय सेतु लखनऊ को बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, अयोध्या होते हुए पड़ोसी देश नेपाल के काठमांडू से जोड़ता है। प्रतिदिन लाखों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, जिससे पुल पर चौबीसों घंटे दबाव बना रहता है। भारी दबाव के चलते हर दो, तीन महीने में इसकी हालत बिगड़ जाती है और मरम्मत करनी पड़ती है।

**स्थायी समाधान की मांग**

स्थानीय लोगों का कहना है कि बार, बार की अस्थायी मरम्मत से हादसे का खतरा टलता नहीं है। जनता की मांग है कि अब जर्जर हो चुके संजय सेतु का स्थायी समाधान निकालते हुए नया पुल बनाया जाए, ताकि क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय यातायात निर्बाध रूप से जारी रह सके।

### कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ का मामला

## एफआईआर दर्ज न होने पर कांग्रेसियों का डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन



**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी में कांग्रेस कार्यालय पर हुई तोड़फोड़ के मामले में एफआईआर दर्ज न होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक एफआईआर की कॉपी नहीं मिलेगी, वे धरना स्थल से नहीं हटेंगे।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी में भाजपा महिला मोर्चा ने कार्यालय में तोड़फोड़ की। उन्होंने एसपी को सीसीटीवी फुटेज के साथ शिकायती पत्र सौंपा। लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। 1 सितंबर को भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की। यह कार्रवाई बिहार की रैली में प्रधानमंत्री की माता पर की गई टिप्पणी के विरोध में की गई। कांग्रेस नेता डॉ रविशंकर त्रिवेदी ने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई निजी नहीं, बल्कि लोकतंत्र और आम जनता के लिए है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ तो वे गांव-गांव में आंदोलन करेंगे। यह आंदोलन प्रादेशिक स्तर तक जा सकता है।

## संदिग्ध हालात में दंपती की मौत, फंदे से लटका मिला पति, बिस्तर पर मिला पत्नी का शव





**विश्ववार्ता ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जनपद के गांव हैदराबाद में दंपती की मौत से सनसनी फैल गई। दोनों के शव बुधवार सुबह अलग-अलग कमरों में मिले हैं। आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। लखीमपुर खीरी जनपद के हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव हैदराबाद में 50 वर्षीय राज बहादुर मिश्रा और उनकी 48 वर्षीय पत्नी सुनीला देवी मिश्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार सुबह सुनीला देवी का शव मकान की छत पर बने कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। जबकि राज बहादुर का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार राज बहादुर मिश्रा और उनकी पत्नी सुनीला देवी के कोई संतान नहीं थी। पति और पत्नी ही मकान में रहते थे। मंगलवार की रात पति और पत्नी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार सुनीला देवी की लाश छत पर कमरे में चारपाई पर पड़ी मिली, जबकि राज बहादुर का शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। घर का सारा सामान सुरक्षित बताया गया है।

> मृतकों के शवों को सील कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस जांच कर रही है। घटना को आत्महत्या से जोड़कर देखा जा रहा है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हकीकत का पता चल पाएगा। वहीं दंपती की मौत से ग्रामीण स्तब्ध हैं। मृतकों के रिश्तेदारों को सूचना दी गई है।
> **सुनील मलिक**, थानाध्यक्ष

> फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> **रमेश तिवारी**, सीओ गोला

## राजस्व वाद निस्तारण में बाराबंकी प्रदेश में पांचवें स्थान पर

### जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दी बधाई



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** राजस्व वाद निस्तारण में जनपद ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश में पांचवां स्थान प्राप्त किया है। बीते एक माह में जिले में कुल 8909 मामलों का निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप चलाए जा रहे अभियान का ही परिणाम है कि वादों के निस्तारण में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण से जनता को समयबद्ध न्याय मिल रहा है और वर्षों से लंबित विवादों से राहत मिल रही है।

आंकड़ों के अनुसार, नवाबगंज तहसील ने सर्वाधिक 4485 मामलों का निस्तारण किया, जबकि फतेहपुर में 882, हैदरगढ़ में 1246, सिरौलीगौसपुर में 590, रामसनेहीघाट में 773, रामनगर में 622 और जनपद स्तरीय न्यायालयों में 311 मामलों का निपटारा हुआ।डीएम ने बताया कि विशेष प्रयासों से पांच साल से अधिक पुराने 2635 वादों का निस्तारण कर अब केवल 828 ही शेष रह गए हैं। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि इसी संवेदनशीलता व तत्परता के साथ प्रयास जारी रहेंगे और जनपद को राजस्व न्यायालयों के क्षेत्र में आदर्श बनाया जाएगा।

## भ्रष्टाचार व अव्यवस्थाओं के खिलाफ किसान संगठनों का हल्ला बोल

### रामस्वरूप यूनिवर्सिटी पर गंभीर आरोप, सीएम को भेजा गया ज्ञापन

» छात्रों पर पुलिस लाठीचार्ज, फर्जी डिग्री व अवैध वसूली का आरोप



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बाराबंकी।** रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में फैले भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं के खिलाफ विभिन्न किसान संगठनों ने संयुक्त मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को भारतीय किसान संगठन, भारतीय किसान यूनियन हरपालगुट, आजाद भारतीय किसान यूनियन, भारतीय किसान यूनियन सरदार भगत सिंह और भारतीय किसान मजदूर संगठन दशहरी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रतिनिधि एसडीएम सदर आनंद तिवारी व सीओ सिटी संगम प्रजापति के माध्यम से भेजा।

**छात्र गंभीर रूप से घायल, इलाज लखनऊ में जारी** - भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि यूनिवर्सिटी प्रशासन अपनी नाकामी छिपाने के लिए छात्रों पर पुलिस से लाठियां चलवाता है। कई छात्र गंभीर रूप से घायल होकर लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने आरोप लगाया कि कॉलेज में एलएलबी और अन्य डिप्लोमा की फर्जी डिग्रियां बांटी जाती हैं, अवैध वसूली होती है और फीस जमा करने के बाद भी छात्रों को समय से भोजन व नाश्ता नहीं मिलता।

**डिग्री न मिलने व अवैध कब्जे के भी आरोप** - प्रदेश अध्यक्ष लाल यादव ने कहा कि कई छात्रों को तीन साल पूरे होने के बाद भी एलएलबी की डिग्री नहीं मिली है और फर्जी दाखिले कर उनसे वसूली की जा रही है। किसान नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी परिसर में सरकारी भूमि पर कब्जा किया गया है।

**मुआवजा, डिग्री और फीस माफी की मांग** - किसान संगठनों ने मांग की कि कब्जा तत्काल हटाया जाए, छात्रों से वसूली गई फीस वापस की जाए, गंभीर रूप से घायल छात्रों को 5 लाख रुपये मुआवजा मिले और जिनकी पढ़ाई पूरी हो चुकी है उन्हें वास्तविक डिग्री उपलब्ध कराई जाए।

**धरना की चेतावनी** - जिलाध्यक्ष के.के. गुड्डू यादव ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो हजारों कार्यकर्ताओं के साथ यूनिवर्सिटी पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।प्रदर्शन के दौरान मंडल अध्यक्ष अयोध्या सतीश चंद्र मौर्य, जिलाध्यक्ष ममता यादव, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जालिम सिंह यादव, राजकुमार यादव, अनिल यादव, उमेश रावत, गौरी कश्यप, प्रियंका वर्मा, रामू यादव, विवेक यादव, देशराज यादव, शैल कुमारी, अंकित यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## घाघरा नदी उफान पर, खतरे के लाल निशान से 45 सेमी ऊपर जलस्तर

### शारदा व गिरजा बैराज से छोड़ा गया साढ़े तीन लाख क्यूसेक पानी

» लगातार बढ़ रहा स्तर, एक हफ्ते से लाल निशान पार

» ग्रामीण इलाकों में बढ़ी चिंता, प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रामनगर (बाराबंकी)।** घाघरा नदी इस समय उफान पर है और खतरे के लाल निशान से ऊपर बह रही है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार बुधवार शाम 5 बजे एल्गिन ब्रिज (संजय सेतु) पर नदी का जलस्तर 106.520 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान से 45 सेंटीमीटर ऊपर है। बीते एक सप्ताह से नदी का बहाव लाल निशान से ऊपर बना हुआ है और प्रति घंटे लगभग एक सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की जा रही है।

केंद्रीय जल आयोग के जूनियर इंजीनियर मुस्तकीम ने बताया कि सोमवार शाम को जलस्तर 106.360 मीटर था, जो खतरे के निशान से 29 सेंटीमीटर ऊपर था। इसके बाद मंगलवार से जलस्तर में फिर से तेजी आई और बुधवार शाम तक यह 106.520 मीटर पहुंच गया। आयोग के कर्मचारी पवन कुमार ने बताया कि बीते 24 घंटों में 2 मिमी वर्षा भी दर्ज की गई, जिससे पानी का स्तर और चढ़ गया।

**बैराजों से छोड़ा गया भारी पानी**

तहसीलदार विपुल सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह गिरजा बैराज से 1 लाख 70 हजार क्यूसेक तथा शारदा बैराज से 1 लाख 90 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया। दोनों बैराजों से कुल 3 लाख 60 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से घाघरा का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

**ग्रामीणों में चिंता, प्रशासन सतर्क**

लगातार बढ़ते जलस्तर से तटवर्ती गांवों में चिंता बढ़ गई है। लोग संभावित बाढ़ की आशंका से सतर्क हो गए हैं। प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## निंदूरा में तीन दिवसीय विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम

» प्रशिक्षु अफसरों ने ओदार व दीनपनाह गांवों का किया भ्रमण

» समस्याओं की जमीनी हकीकत जानी, योजनाओं की दी जानकारी



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**निंदूरा (बाराबंकी)।** भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में कार्यरत 75 सहायक अनुभाग अधिकारियों का तीन दिवसीय विलेज अटैचमेंट कार्यक्रम बुधवार को विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत ओदार और दीनपनाह में आयोजित हुआ। खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों ने गांवों का भ्रमण कर पंचायत स्तर की व्यवस्थाओं और योजनाओं की जानकारी ली।

**ग्रामीणों ने बताई समस्याएं**

भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद किया। ग्राम पंचायत सचिव महमूद अंसारी ने बताया कि पंचायत भवन के डिजिटलीकरण से ग्रामीणों को अब ब्लॉक के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। हालांकि मनरेगा में भुगतान में देरी सबसे बड़ी समस्या है, मजदूरों को छह-छह महीने तक भुगतान नहीं मिलता, जिससे वे मजबूरन निजी कार्य करने लगते हैं। सचिव ने मोबाइल नंबर व ओटीपी से जुड़ी समस्या उठाते हुए कहा कि पोर्टल पर मोबाइल नंबर बदलने का विकल्प मिलना चाहिए।

**अधिकारियों ने दी योजनाओं की जानकारी**

ओदार गांव में एडीओ (कृषि) हरिप्रकाश चौधरी, बीओ (पीआरडी) सोहित मिश्रा और बीएमएम (एनआरएलएम) बद्री प्रसाद ने विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। दीनपनाह में एडीओ (समाज) कुशाग्र सिंह, एपीओ (मनरेगा) मोनिका वर्मा और बीएमएम पूजा सिंह ने प्रशिक्षु अधिकारियों को योजनाओं से अवगत कराया।

**अमृत सरोवर का अवलोकन व पौधारोपण**

टीम ने ग्राम पंचायत दीनपनाह में अमृत सरोवर का अवलोकन किया और पौधारोपण भी किया। इसके साथ ही पंचायत भवन, जनसेवा केंद्र की कार्यप्रणाली, कौशल विकास केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आईटीआई की दूरी की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर ग्राम प्रधान ओदार, पंचायत सचिव महमूद अंसारी, रेनू पांडेय, आनंद सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने ली जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक, खिलाड़ियों को मिलेंगी नई सुविधाएं

## डीएम की पहल पर 14 अक्टूबर को होगा बेटियों को समर्पित खेल इवेंट



**विश्ववार्ता ब्यूरो अनूप कुमार वर्मा**

**लखीमपुर खीरी।** खेल प्रतिभाओं को निखारने और जिले को खेलों में पहचान दिलाने की तैयारी तेज हो गई है। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि खेल प्रतिभाओं को मंच और संसाधन देना ही अब प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी कड़ी में 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल आयोजन किया जाएगा। ताइक्वांडो, कबड्डी, चेस जैसे खेलों की बढ़ती आवश्यकता को देखते हुए इन खेलों के कोच उपलब्ध कराने हेतु मुख्यालय से पत्राचार किया जाए। साथ ही उपक्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए कि इन खेलों में रुचि रखने वाले युवाओं, खिलाड़ियों को सूचीबद्ध कर प्रोत्साहन की दिशा में कार्य करें। स्टेडियम निर्माण कार्यों का नियमित अनुश्रवण कर शीघ्र पूर्ण कराया जाए।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि खिलाड़ियों की जरूरतों को प्राथमिकता से पूरा किया जाए, ताकि जिले की प्रतिभाएं प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें।

बैठक में स्टेडियम में प्रतियोगिताओं के दौरान वायरलेस साउंड सिस्टम, मेज-कुर्सी व बेंच-डायस की उपलब्धता पर चर्चा हुई। साथ ही स्वीमिंग पूल के संचालन हेतु कोच व जीवन रक्षक, जिम ट्रेनर मानदेय प्रशिक्षक रखने का प्रस्ताव भी रखा गया। खिलाड़ियों के लिए आवश्यक खेल उपकरण उपलब्ध कराने और समिति के कोष को मजबूत बनाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, प्रशिक्षु आईएएस मनीषा, उप क्रीड़ा अधिकारी मो. इरफान, बीएससी प्रवीण तिवारी, जीआईसी के प्रधानाचार्य सहित विभिन्न खेलों के कोच मौजूद रहे।

**14 अक्टूबर को होगा बेटियों को समर्पित खेल इवेंट**

जिले में खेल प्रतिभाओं को संवारने और बेटियों को विशेष मंच देने के लिए जिला प्रशासन बड़ी पहल करने जा रहा है। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देश दिए कि 14 अक्टूबर को बेटियों को समर्पित भव्य खेल इवेंट आयोजित होगा। डीएम ने अधिकारियों को तैयारी समय रहते पूरी करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम की रूपरेखा आकर्षक और प्रभावी हो। इसमें अधिक से अधिक बेटियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि उनकी प्रतिभा को सामने लाया जा सके। उन्होंने कहा कि खेल न सिर्फ शारीरिक और मानसिक मजबूती का आधार हैं, बल्कि बेटियों को आत्मविश्वास और नेतृत्व की नई पहचान भी दिलाते हैं।

## संपादकीय

# भारत का सटीक जवाब

शक्ति का दंभ कई बार जल्दबाजी का वाहक बनता है और इस क्रम में जो फैसले लिए जाते हैं, अक्सर उन्हें लेकर ऊहापोह बना रहता है। ऐसी स्थिति में आशंकाओं के घेरे की वजह से विरोधाभासी प्रतिक्रियाएं स्वाभाविक होती हैं। अमेरिका ने जिस तरह एकतरफा तौर पर अपने यहां आयातित वस्तुओं पर शुल्क लगाने का फैसला किया, वह पहले ही सवालों के घेरे में था। उसके बाद जब उसने रूस से तेल खरीदने को लेकर भी भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की, तब यह साफ था कि वह व्यापार वार्ता में अपनी शर्तों पर भारत की हामी चाहता है। मगर पिछले कई दशकों के दौरान भारत और अमेरिका के बीच व्यापार का जो स्वरूप खड़ा हुआ है, उसमें भारत के लिए अमेरिका की हर बात मानना संभव नहीं है। यही वजह है कि अमेरिका के रुख में सख्ती के समांतर भारत ने झुकने के बजाय अपने लिए वैकल्पिक उपायों पर विचार करना शुरू कर दिया। एक शानदार कूटनीति का परिचय देते हुए भारत ने रूस और चीन के साथ बातचीत को आगे बढ़ाया और चीन के तियानजिन में हुए शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन के घोषणापत्र में भी अपने हित के मुद्दे को शामिल कराने में कामयाबी हासिल की। गौरतलब है कि रूस और भारत के बीच लंबे समय से मजबूत संबंध रहे हैं। चीन के साथ सीमा विवाद के कई प्रश्न हैं और उनकी अनदेखी नहीं की जा सकती, लेकिन फिलहाल आर्थिक मुद्दों को केंद्र में रख कर भारत ने जो कूटनीतिक बिसात तैयार की है, उसमें रूस भी अहम भूमिका में है। अगर रूस और चीन के साथ संबंध सकारात्मक दिशा में आगे बढ़े, तब स्वाभाविक ही इससे एक नया समीकरण बनेगा, जो आर्थिक और सामरिक दृष्टि से अमेरिका के लिए चुनौती साबित हो सकता है। यही वजह है कि शुल्क लगाने को लेकर बेहद हड़बड़ी में कदम उठाने के बाद से ही अमेरिका के राष्ट्रपति और अन्य नेताओं के आए दिन ऐसे बयान सामने आ रहे हैं, जिससे ऐसा लगता कि वे दबाव पैदा करके भारत के फैसलों को प्रभावित करना चाहते हैं। अमेरिका की ओर से एक दिन शुल्क लगाने से उपजी समस्या का समाधान निकालने की उम्मीद जताई जाती है, तो अगले ही दिन धमकी या दबाव की भाषा अख्तियार कर ली जाती है। भारत ने अगर चीन में शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में ठोस भागीदारी के साथ-साथ रूस और चीन के साथ संबंधों को एक नया आयाम देने की कोशिश की, तो इसमें अमेरिका के विरोधाभासी रवैये की भी बड़ी भूमिका है। यह विचित्र है कि बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच अमेरिका को यह समझने की जरूरत नहीं लगी कि अब दुनिया एकध्रुवीय नहीं रह गई है। भारत निश्चित रूप से अपने हित में अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता को एक संतुलित आकार देना चाहता है, लेकिन अमेरिका के लिए अपनी शर्तें ज्यादा अहम हो गई लगती हैं। यही वजह है कि भारत ने वैकल्पिक उपाय के रूप में रूस और चीन के साथ सहयोग के मोर्चे की दिशा में ठोस कदम उठाए। जब इसके नतीजे में रूस और चीन की ओर से भारत को लेकर एक विवेकसम्मत प्रतिक्रिया देखने को मिलने लगी है, तो अमेरिका के व्यापार सलाहकार इसे चिंताजनक बता रहे हैं। सवाल यह है कि अगर अमेरिका अपने ही विरोधाभासी फैसलों से घिरा रहता है, तो उसे भारत के अपने हित में उठाए गए कदमों से परेशानी क्यों होनी चाहिए। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बहुध्रुवीय विश्व में अमेरिका सहित किसी भी एक देश की मनमानी नहीं चल सकती। वह दिन चले गये जब दुनिया में सिर्फ अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ (अब रूस) की चौधराहट चलती थी। अब शक्ति प्रदर्शन के लिए जरूरी नहीं कि गोला-बारूद का प्रयोग किया जाये। आर्थिक नाकेबंदी अब उससे बड़ा साधन बन गयी है। काश ट्रम्प ने पोखरण परमाणु परीक्षण के समय अमेरिका द्वारा भारत पर लगाये प्रतिबंधों से सबक लिया होता जो उस समय फेल हो गये थे, तब शायद टैरिफ वार शुरू करने की कोशिश न करते।

## कटाक्ष

हसन जैदी




# हार्ले की सवारी से ब्रिक्स तक: भारत की आर्थिक कूटनीति


प्रो. आरके जैन

> 1903 में विलियम एस. हार्ले और डेविडसन बंधुओं ने एक छोटे से शेड में शुरू की गई यह मोटरसाइकिल आज अमेरिकी संस्कृति का गौरव है, लेकिन भारत में भी इसका जादू कम नहीं। ऑटो विशेषज्ञ टुटू धवन बताते हैं कि हार्ले की अनूठी डिज़ाइन और ऐतिहासिक विरासत इसे भारत में स्टाइल और रुतबे का प्रतीक बनाती है। दिल्ली जैसे शहरों में, जहां फरारी चलाना चुनौतीपूर्ण है, हार्ले सड़कों पर शान और शक्ति का पर्याय है।

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ते एक जटिल और गतिशील तानेबाने की तरह हैं, जहां तनाव और अवसर एक साथ उभरते हैं। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल का जिक्र कर भारत पर ऊंचे टैरिफ का आरोप लगाया, इसे एकतरफा व्यापार नीति वाला देश करार दिया। उनके अनुसार, भारत अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ थोपता है। लेकिन भारत के दृष्टिकोण से यह कहानी सिर्फ टैरिफ की नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता, रणनीतिक कूटनीति और वैश्विक व्यापार में अपनी मजबूत स्थिति कायम करने की है।

ट्रंप का हार्ले-डेविडसन बयान कोई नई बात नहीं। 2018 में भी उन्होंने भारत के टैरिफ को अनुचित ठहराया था, दावा करते हुए कि हार्ले पर 200% टैरिफ था, जो बाद में 50% हुआ। हकीकत में, टैरिफ अधिकतम 100% था, जिसे 2018 में भारत ने घटाकर 50% कर दिया। यह कटौती भारत की लचीली और सहयोगी व्यापार नीति का सबूत थी। फिर भी, भारत के लिए टैरिफ महज राजस्व का साधन नहीं, बल्कि घरेलू उद्योगों खासकर छोटे और मध्यम उद्यमों, किसानों और पशुपालकों के लिए सुरक्षा कवच है। हार्ले-डेविडसन जैसी सुपरबाइक, जिसकी कीमत लाखों में है, भारत के मध्यम वर्ग की पहुंच से परे है। ऐसे लक्जरी उत्पादों पर ऊंचा टैरिफ भारत की उस आर्थिक रणनीति का हिस्सा है, जो स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देती है, आयात पर निर्भरता घटाती है और आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करती है। यहाँ कहानी सिर्फ आंकड़ों की नहीं, बल्कि भारत की उस महत्वाकांक्षा की है, जो वैश्विक मंच पर आर्थिक संप्रभुता और संतुलन को प्राथमिकता देती है।

भारत का दृष्टिकोण न केवल रक्षात्मक, बल्कि दूरदर्शी और रणनीतिक रूप से परिपक्व है। ट्रंप के ऊंचे टैरिफ के आरोपों के जवाब में वाणिज्य मंत्री ने दमदार और स्पष्ट शब्दों में कहा कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक समझौते पर बातचीत जोरों पर है, और नवंबर 2025 तक एक अंतरिम समझौता संभव है। यह कूटनीतिक परिपक्वता भारत की उस महत्त्वाकांक्षा को रेखांकित करती है, जो न केवल अमेरिका के साथ व्यापारिक संतुलन साधती है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत को एक अग्रणी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करती है। इसके लिए भारत ने चतुराई भरे कदम उठाए हैं। मिसाल के तौर पर, अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव को कम करने के लिए भारत ने 40 अन्य देशों के साथ वस्त्र निर्यात को बढ़ावा देने की ठोस रणनीति बनाई है। इसके साथ ही, भारत ने अमेरिकी लॉबिंग फर्म मरक्यूरी पब्लिक अफेयर्स के साथ 225,000 डॉलर का अनुबंध किया है, ताकि ट्रंप प्रशासन के साथ बातचीत को और प्रभावी बनाया जा सके। यह कदम भारत की सधी हुई रणनीति का प्रतीक है—न टकराव की राह, न दबाव में झुकना, बल्कि स्मार्ट कूटनीति और आर्थिक चतुराई के साथ वैश्विक व्यापार में अपनी धाक जमाना। भारत का यह दृष्टिकोण न केवल रक्षात्मक ढाल है, बल्कि एक ऐसी तलवार भी है, जो वैश्विक मंच पर उसकी आर्थिक संप्रभुता को और तेज करती है।

हार्ले-डेविडसन का उदाहरण भारत के लिए न केवल एक व्यापारिक सबक है, बल्कि एक गहरा सांस्कृतिक और आर्थिक संदेश भी देता है। 1903 में विलियम एस. हार्ले और डेविडसन बंधुओं ने एक छोटे से शेड में शुरू की गई यह मोटरसाइकिल आज अमेरिकी संस्कृति का गौरव है, लेकिन भारत में भी इसका जादू कम नहीं। ऑटो विशेषज्ञ टुटू धवन बताते हैं कि हार्ले की अनूठी डिज़ाइन और ऐतिहासिक विरासत इसे भारत में स्टाइल और रुतबे का प्रतीक बनाती है। दिल्ली जैसे शहरों में, जहां फरारी चलाना चुनौतीपूर्ण है, हार्ले सड़कों पर शान और शक्ति का पर्याय है। भारत में इसकी बढ़ती मांग को देखते हुए हार्ले ने स्थानीय उत्पादन शुरू किया, जिसने न केवल टैरिफ के प्रभाव को कम किया, बल्कि स्थानीय रोजगार को बढ़ावा देकर ₹मेक इन इंडिया₹ की भावना को साकार किया। यह भारत की उस दूरदर्शी नीति का प्रतीक है, जो विदेशी निवेश को आकर्षित करते हुए आत्मनिर्भरता को मजबूत करती है।

भारत-अमेरिका व्यापारिक रिश्तों की कहानी टैरिफ की सतही जंग से कहीं गहरी है। भारत अमेरिका को सस्ती जेनेरिक दवाएं, कपड़ा, और रत्न-आभूषण जैसे उत्पाद निर्यात करता है, जो अमेरिकी उपभोक्ताओं के लिए वरदान हैं। 2024 में भारत ने 12.5 अरब डॉलर की जेनेरिक दवाएं निर्यात कीं, जो अमेरिकी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की रीढ़ बनीं। दूसरी ओर, अमेरिका भारत से कृषि और डेयरी क्षेत्रों में अधिक बाजार पहुंच चाहता है, जिसे भारत ने अपनी घरेलू प्राथमिकताओं और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर अस्वीकार किया। यह अस्वीकृति भारत की आत्मनिर्भरता की दृढ़ नीति को रेखांकित करती है। ट्रंप द्वारा रूस से तेल खरीदने पर लगाए गए 25% अतिरिक्त टैरिफ ने तनाव को और गहराया, लेकिन भारत ने इसका जवाब ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे मंचों पर अपनी वैश्विक साख को और मजबूत करके दिया। यह भारत की वह रणनीतिक चतुराई है, जो न केवल आर्थिक संप्रभुता की रक्षा करती है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत को एक सशक्त और स्वाभिमानी शक्ति के रूप में स्थापित करती है।

ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति और भारत की 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टि के बीच का टकराव वैश्विक व्यापार की एक रोमांचक और गतिशील गाथा है। ट्रंप की आक्रामक शैली, जहां वह टैरिफ को हथियार की तरह इस्तेमाल करते हैं, भारत के लिए चुनौती तो लाती है, मगर यह भारत को अपनी कूटनीतिक और आर्थिक रणनीति को और धारदार बनाने का सुनहरा अवसर भी देती है। भारत ने न केवल अमेरिका के साथ बातचीत को अटल रखा है, बल्कि यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते और जापान जैसे देशों के साथ गहरे व्यापारिक रिश्तों के जरिए अपनी वैश्विक साख को अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह भारत की उस बढ़ती ताकत का प्रतीक है, जो वैश्विक व्यापार के मैदान में नई मिसालें गढ़ रही है।

इस पूरे विवाद में भारत का रुख क्रिस्टल की तरह साफ है: न तो वह दबाव में झुकेगा, न ही अनावश्यक टकराव की राह अपनाएगा। भारत की नीति संतुलन, संयम और साझेदारी की मजबूत नींव पर टिकी है। नवंबर 2025 तक प्रस्तावित व्यापार समझौता इस दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित हो सकता है, जो न केवल टैरिफ विवादों को शांत करेगा, बल्कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को नई ऊर्जा देगा। चाहे हार्ले-डेविडसन का सड़कों पर दबदबा हो या व्यापारिक कूटनीति की सधी हुई चाल, भारत अपनी राह पर अडिग और आत्मविश्वास के साथ बढ़ रहा है। यह भारत केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि एक ऐसी वैश्विक शक्ति है, जो व्यापार और कूटनीति के नए नियम लिखने को तैयार है, अपनी शर्तों पर, अपनी ताकत से।

अपनी राय हमें इस मेल पर भेंजे-
vishwavarta.response@gmail.com

# अतिथि शिक्षकों की यह कैसी मेहमाननवाजी

**सरकारी शिक्षण संस्थानों में नियमित शिक्षकों की अपेक्षा अतिथि शिक्षकों की बढ़ती संख्या को देखकर लगता है कि फिर से चलने वाली व्यवस्था अब लंगड़ी व्यवस्था का रूप ले रही है। विभिन्न राज्यों में ऐसे शिक्षकों को अतिथि शिक्षक, शिक्षा मित्र, संविदा शिक्षक, पारा शिक्षक, शिक्षक सेवक और विद्या वालंटियर्स जैसे भावनात्मक नामों से जाना जाता है।**


ओपी सोनिक

ऐसा माना जाता है कि भारतीय समाज के व्यवहार में अतिथि को देवता के समान मानने की भावना समाहित है। पिछले कई वर्षों से भारत की शिक्षा व्यवस्था में शिक्षकों के लिए प्रयुक्त अतिथि शब्द जितना ट्रेंड करता रहा है, उतना पहले कभी नहीं देखा गया। जब शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा विभिन्न माननीय न्यायालयों में सरकारों के गले की फांस बनने लगा तो सरकारों द्वारा शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए एक ऐसा अस्थाई जुगाड़ ईज़ाद कर लिया जिससे देश की डगमगाती शिक्षा व्यवस्था फिर से चलने लगी। सरकारी शिक्षण संस्थानों में नियमित शिक्षकों की अपेक्षा अतिथि शिक्षकों की बढ़ती संख्या को देखकर लगता है कि फिर से चलने वाली व्यवस्था अब लंगड़ी व्यवस्था का रूप ले रही है। विभिन्न राज्यों में ऐसे शिक्षकों को अतिथि शिक्षक, शिक्षा मित्र, संविदा शिक्षक, पारा शिक्षक, शिक्षक सेवक और विद्या वालंटियर्स जैसे भावनात्मक नामों से जाना जाता है। काम चाहें चुनाव का हो या मतदाता सूचियों का या किसी अन्य गैर शैक्षिणिक गतिविधि का, आमतौर पर नियमित शिक्षक उक्त गतिविधियों में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में बच्चों को पढ़ाने का ज्यादा दायित्व अतिथि शिक्षकों के कंधों पर टिका होता है।

अधिकांश राज्यों में शिक्षकों के प्रति राजनीतिक उदासीनता ने उन्हें मजदूरों के स्तर पर लाकर खड़ा कर दिया है। मजदूरों को भी कार्य दिवसों के हिसाब से पारिश्रमिक मिलता है और अतिथि शिक्षकों को भी। जिन राज्यों में मासिक आधार पर निर्धारित धनराशि देने का



प्रावधान है भी तो वह अपर्यात है। मजदूरों और अतिथि शिक्षकों में बस फर्क सिर्फ इतना रह गया है कि अतिथि शिक्षकों को मजदूरों की तरह काम के लिए चौराहों पर खड़ा नहीं होना पड़ता। महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में मजदूरों को वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की सरकारी गारंटी है, लेकिन सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में काम करने वाले अतिथि शिक्षकों को वर्ष में कितने दिन का काम मिलेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। लाला जी की दुकान पर काम करने वालों और घरों में काम करने वाली महिलाओं को महीने की तय धनराशि के आधार पर काम पर रखा जाता है। आमतौर पर इन्हें सप्ताह में एक दिन छुट्टी मिलती है जिसके पैसे नहीं कटते। और इन कार्यो को करने के लिए कोई शैक्षणिक योग्यता भी निर्धारित नहीं है, जो मानवीय पहलू के सकारात्मक पक्ष को दर्शाता है।

शैक्षणिक योग्यता प्राप्त अतिथि शिक्षक विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहे हैं। अधिकांश राज्यों में उन्हें कोई साप्ताहिक अवकाश नहीं मिलता। रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों के पैसे काट लिए जाते हैं। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरने वाले देश में क्या राज्य सरकारें आर्थिक रूप से इतनी कमजोर हो गयी हैं कि अतिथि शिक्षकों को रविवार एवं राजपत्रित अवकाशों के पैसे देने में असमर्थ हैं। अतिथि शिक्षकों पर कभी भी कार्यमुक्त होने का खतरा मंडराता रहता है। ऐसे शिक्षकों के रोजगार की अनिश्चितता शोले फिल्म के उस डायलाग की याद दिलाती है जिसमें गब्बर सिंह बसंती को डांस करने को मजबूर करता है और फिर कहता है, कि जब तक तेरे पैर चलेंगे, तब तक उसकी यानी वीरू की सांसे चलेंगी। अतिथि शिक्षकों की नौकरी भी तभी तक लगातार चल पाती है जब तक कि उस पोस्ट पर कोई नियमित शिक्षक नहीं आ जाता। नियमित शिक्षक के आने पर अतिथि शिक्षक स्वतः ही कार्यमुक्त हो जाते हैं। उन्हें शिक्षक के रूप में फिर से काम करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। प्रायः ग्रामीण क्षेत्रों से शहरों एवं कस्बों की ओर आए बेरोजगार युवक निराश होकर वापस गांव लौट जाते हैं। अतिथि शिक्षकों को उनके निवास से इतनी दूर के स्कूलों में नियुक्त कर दिया जाता है कि उनका अधिकांश समय आने जाने में ही व्यतीत हो जाता है।

जब भी कभी अतिथि शिक्षकों का कोई आंदोलन सक्रिय होता है तो गिद्ध की दृष्टि लगाए बैठी राजनीति आंदोलन का राजनीतिक अपहरण कर उसको निष्प्रभावी बनाने का काम करती है।

## कविता


अभय मौर्य

### कीकर को हो गया है लगाव

कीकर की एक सहेली है,
पास खेत में काम करती है।
हो चूर थकान से दोपहर में,
बैठ छाँव में साँस लेती है।
कीकर को हो गया है लगाव उससे,
वह भी पाती है सुकून इस सहेली से।
नहीं कोई और दुख-दर्द बाँटने को,
कीकर को ही साथिन समझ बैठी है।
कभी-कभी लेते हुए अँगड़ाई
वह कुछ-कुछ बुद-बुदाती है।
शायद अपनी कहानी कहती है,
जो कीकर को झकझोर देती है।
"उठती हूँ मैं तड़के-तड़के,
जब पंछी भी पंख नहीं फड़फड़ाता,
न कूकती कोयल, न थिरकते मोर,
नींद की गोद में होता है जग सारा।
तब डालती हूँ मैं चक्की में दाने,
ले हाथ में हत्था पाट को घुमाती हूँ।
पसीना-पसीना हो पीसती हूँ आटा,
पाते हैं सबल जिससे और बल।
इंतजार कर रही होती है मेरा बिलोनी,
उससे निकलता है मक्खन और लस्सी।
मक्खन से पति और बेटा होते हैं और सबल,
बेटी और मैं कर लेते हैं लस्सी से गुज़ारा।
गाय-भैंसों को चराने ले जाता है 'भूरा' –
मेरा बेटा, पाळी बनकर ही सबल होता है।
बेटी और मैं भरते हैं गोबर टोकरों में,
उससे बनाते हैं गोल-गोल गोस्से (उपले)।
फिर रख सिर पर पानी का घड़ा,
उस पर टिका लस्सी का लोटा,
रोटियों पर रख पिसी मिर्च और गठा,
जाती हूं मैं दो कोस दूर खेत में।
मेरा सबल पति थामकर हल,
आता है पास मेरे नाश्ते के लिए।
मन किया तो खिला देता है मुझे भी
घूसे सबलता अपनी जताने के लिए।
फिर मैं जुट जाती हूं काटने घास,
या हल के आगे साफ करने सूड़ (झाड़-झंखाड),
भरी दोपहर बेटी रोटियाँ लेकर आती है,
अब माँ-बेटी ईख को सबल बनाती हैं।
ढलता है दिन, होता है पहर तीसरा,
रख कर सिर पर ज्वार के भरोटे,
लौटते हैं घर, काटते हैं उन्हें गंडासे से
गाय-भैंसों को सबल बनाने के लिए।
फिर बाल्टी से कुएँ से खींच पानी
भरती है ढेर सारे घड़े, टोकणियाँ।
सिर पर सजा कर एक के ऊपर एक
लाती है सबलों की प्यास बुझाने को।
फिर हम पकाते हैं रोटियाँ,
अक्सर बापू-बेटा पहले खाते हैं।
हमें मिल जाता है बचा-खुचा,
सबलों को देना है और अधिक बल।
देर साँझ को पति अक्सर पीता है गट-गट
मुझे देता है खाने को घूंसे, पीने को आँसू।
टूटी-सी खटिया पर सिसकते-सिसकते
सो जाती हैं दो अबलाएँ – मां और बेटी।
कट जाता है एक और दिन हमारा,
सबल भी भर लेते हैं दो-एक डग।
कल फिर उठना है तड़के-तड़के,
सबलों को और बल देने के लिए।

# यत्र नारी पूज्यन्ते वाले देश में असुरक्षित हैं महिलाएं!


मनोज कुमार अग्रवाल

देश में महिलाओं की सुरक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है देश की राजधानी दिल्ली महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं हैं. हाल ही में जारी राष्ट्रीय वार्षिक महिला सुरक्षा रिपोर्ट एवं सूचकांक 2025 के मुताबिक दिल्ली के साथ-साथ पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर और रांची को महिलाओं ने सबसे असुरक्षित करार दिया है।

आपको बता दें कि भारत के अलग-अलग शहरों में महिलाओं की सुरक्षा, और उन पर खतरों को लेकर बनने वाली इस सालाना रिपोर्ट में कोहिमा, विशाखापट्टनम, भुवनेश्वर, आइजोल, गंगटोक, ईटानगर, और मुम्बई को सबसे सुरक्षित माना गया है। दूसरी तरफ पटना, जयपुर, फरीदाबाद, दिल्ली, कोलकाता, श्रीनगर, और रांची को सबसे असुरक्षित माना गया है। ये आंकड़े अभी दो दिन पहले जारी 2025 के एक सर्वे पर आधारित हैं जिनमें 31 शहरों का सर्वे किया गया था। यहां पर महिलाओं से बात करके यह पूछा गया था कि वे इन शहरों में अपने आपको कितना महफूज महसूस करती हैं। यह सर्वे राष्ट्रीय महिला आयोग ने जारी किया है, और कुछ विश्वविद्यालयों, और कुछ संगठनों ने मिलकर इसे पूरा किया है। सर्वे के कुछ और आंकड़ों को देखें, तो 24 बरस से कम उम्र की महिलाएं सबसे अधिक खतरे में हैं, और इस आयु वर्ग 14 फीसदी ने किसी न किसी तरह का शोषण बताया है। ऐसी घटनाओं पर महिलाओं की प्रतिक्रिया भी समझने की जरूरत है, 28 फीसदी महिलाओं ने हमलावर, या शोषण करने वाले का सामना किया, 25 फीसदी घटनास्थल को छोडकर चली गईं, 21 फीसदी ने भीड़ के बीच जाकर अपनी सुरक्षा की, और 20 फीसदी ने पुलिस या अधिकारियों तक इसकी शिकायत की। शिकायत करने वाली महिलाओं में से कुल एक चौथाई को यह भरोसा है कि उनकी शिकायत पर कार्रवाई होगी। महिलाओं में से आधी से अधिक को इस बात की पक्की जानकारी नहीं है कि उनके कामकाज की जगह पर यौन शोषण के खिलाफ कोई नीति लागू है, या नहीं। ऐसे और भी बहुत से आंकड़े इस सर्वे से सामने आए हैं, और अलग-अलग प्रदेशों या शहरों को, या विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को अपने-अपने इलाकों के बारे में अधिक खुलासे से समझना चाहिए, और कुछ करना चाहिए।

यह राष्ट्रव्यापी सूचकांक 31 शहरों की 12,770 महिलाओं पर की गई रायशुमारी पर आधारित है. इसमें राष्ट्रीय सुरक्षा स्कोर 65 फीसदी रखा गया है और शहरों को उक्त मानक से 'काफी ऊपर', 'ऊपर', 'समान', 'नीचे' या 'काफी नीचे' श्रेणियों में बांटा गया है.सूचकांक में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले कोहिमा और विशाखापत्तनम जैसे शहरों के अच्छे प्रदर्शन के पीछे मजबूत लैंगिक समानता, नागरिक भागीदारी, पुलिस व्यवस्था और महिला-अनुकूल बुनियादी ढांचे का हाथ बताया गया है।

सर्वेक्षण में शामिल 10 में से छह महिलाओं ने अपने शहर में "सुरक्षित" महसूस करने की बात कही, लेकिन 40 प्रतिशत ने अब भी खुद को "उतना सुरक्षित नहीं" या "असुरक्षित" माना.सात प्रतिशत महिलाओं ने कहा कि 2024 में उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। 24 साल से कम उम्र की महिलाओं के मामले में यह आंकड़ा 14 प्रतिशत पाया गया.सर्वेक्षण में आस-पड़ोस (38 प्रतिशत) और सार्वजनिक परिवहन (29 प्रतिशत) को उन जगहों के रूप में चिह्नित किया गया, जहां महिलाओं को अधिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। इसमें पाया गया कि सिर्फ हर तीन में से एक पीड़ित ही उत्पीड़न की घटनाओं की शिकायत करने के लिए आगे आती है। सर्वेक्षण से पता चला है कि रात में सुरक्षित महसूस करने की धारणा में भारी गिरावट आई है, खासकर सार्वजनिक परिवहन में और मनोरंजन स्थलों पर। इसमें पाया गया है कि शैक्षणिक संस्थानों में 86 फीसदी महिलाएं दिन में सुरक्षित महसूस करती हैं, लेकिन रात में या परिसर के बाहर वे अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता में घिरी रहती हैं।

महिलाएं जहां अपने आपको सबसे अधिक असुरक्षित पाती हैं, उनमें दो शहर ध्यान खींचते हैं, जयपुर, और दिल्ली। एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार भारत आने वाले विदेशी पर्यटकों में से शायद आधे ऐसे रहते हैं जो भारत के एक पर्यटन गोल्डन ट्रेंगल को घूमकर वापिस चले जाते हैं। दिल्ली, आगरा, और जयपुर, ये तीनों शहर सडक, ट्रेन, और प्लेन से बहुत अच्छे से जुड़े हुए हैं, इनके बीच आवाजाही में बड़ा कम समय लगता है, और तीनों ही शहरों में पर्यटकों के हिसाब से रहने, घूमने-खाने का इंतजाम अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। फिर इन तीन जगहों पर पर्यटक इतिहास, हस्तकला, खानपान की विविधता, और भारत के इतिहास के पिछले कई सौ बरसों की झलक पाते हैं, और सीमित बजट में, सीमित समय के लिए भारत आने वाले पर्यटकों के लिए इतना काफी भी होता है। इन तीनों में से किसी भी शहर जाएं, वहां चेहरे-मोहरे, और पोशाक से विदेशी दिखने वाले सैलानियों की भीड़ दिखती है।

अब अगर भारत आकर इसी त्रिकोण से होकर अगर करीब आधे, या उससे अधिक सैलानी लौट जाते हैं, तो यह जाहिर है कि वे इन तीन में से दो शहरों, दिल्ली, और जयपुर को महिलाओं के लिए असुरक्षित देखकर लौटते हैं। हर कुछ दिनों में किसी गोरी-विदेशी पर्यटक महिला का ऐसा वीडियो सामने आता है जिसे घेरकर हिन्दुस्तानी उसके साथ बलपूर्वक सेल्फी ले रहे हैं, या उसे होली के रंग लगा रहे हैं, और कुछ मामलों में उसे दबोच भी रहे हैं। पर्यटकों और शोहदों-मवालियों की ऐसी भीड़ बताती है कि ये कोई प्रमुख पर्यटन केन्द्र ही है, और अधिक संभावना इस बात की है कि सबसे बुरे सात शहरों में ये भी शामिल हों। लगे हाथों दो और शहरों की चर्चा जरूरी है जहां पर्यटक बड़ी संख्या में जाते हैं, और ये दो शहर भी महिलाएं असुरक्षित पाती हैं, कोलकाता, और श्रीनगर भी इसी दर्जे में हैं।

अभी कुछ अरसा पहले जब अमरीकी सरकार ने भारत आने वाले अपने नागरिकों को यह नसीहत जारी की थी कि भारत में महिलाएं कई प्रदेशों में अकेले सफर न करें, उन पर कई तरह के यौन हमले होने का खतरा रहता है, तो उसे ट्रम्प की नाराजगी से जोड़कर देखा गया था। लेकिन न सिर्फ अमरीका बल्कि योरुप के कई देश भी ऐसी एक सावधानी अपने नागरिकों को भारत के बारे में जारी कर चुके हैं, करते रहते हैं कि यहां महिलाओं पर खतरा रहता है। और इस बात में कोई दुर्भावना भी नहीं है। न केवल विदेशी महिलाओं को, बल्कि देशी महिलाओं को भी तरह-तरह के शोषण झेलने पड़ते हैं, और सीमित समय के लिए भारत आने वाली महिलाओं से यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि वे अपने हर बुरे तजुर्बे की शिकायत पुलिस तक करें। ऐसा करने पर उन्हें गिने-चुने दिनों में से दो-चार दिन इसी पर बर्बाद करने होंगे, और ऐसा तो देश के भीतर भारतीय पर्यटक भी करना नहीं चाहते। नतीजा यह होता है कि छेड़छाड़ या शोषण करने वाले अधिकतर लोगों को अपने बच जाने का भरोसा रहता है, और वे यह सिलसिला जारी रखते हैं। भारत के किसी शहर या प्रदेश में जाने वाले विदेशी पर्यटकों को हर बार अपनी सरकार की सलाह या चेतावनी की जरूरत नहीं पड़ती। किसी प्रदेश के अखबारों को एक नजर देख लिया जाए, या इंटरनेट पर खबरों को ढूंढ लिया जाए, तो भी आसानी से पता लग जाता है कि किस शहर, या प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ कितने जुर्म हो रहे हैं।

ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि सर्वेक्षण में शामिल हर तीन में से दो महिलाएं उत्पीड़न की शिकायत नहीं करती हैं, जिसका मतलब यह है कि एनसीआरबी (राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो) के पास अधिकांश घटनाएं दर्ज ही नहीं होतीं।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि सुरक्षा को केवल कानून-व्यवस्था के मुद्दे के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि यह महिलाओं के जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है, चाहे वह उनकी शिक्षा हो या स्वास्थ्य, कार्य के अवसर अथवा आवागमन की स्वतंत्रता हो।

उन्होंने कहा कि जब महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं, तो "वे खुद को सीमित कर लेती हैं, और महिलाओं का खुद को सीमित कर लेना न केवल उनके अपने विकास, बल्कि देश के विकास के लिए भी ठीक नहीं है। नारी पूज्यन्ते वाले देश मे नारी असुरक्षित होना शर्मनाक है इस से भी अधिक शर्मनाक यह है कि ऐसे हालात में भी देश के एक चर्चित धर्म उपदेशक सौ में से सिर्फ दो चार महिलाओं के सच्चरित्र होने का बयान देकर देश के नारी समाज के चरित्र पर लांछन लगा रहे हैं।

## एक नजर

### न्यायालय में 5 सितम्बर को अवकाश रहेगा

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश कुलदीप कुमार ने बताया कि जनपद न्यायालय सीतापुर में पूर्व घोषित 6 सितम्बर को बारावफात का स्थानीय अवकाश परिवर्तित करते हुए 5 सितम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। जिसके कारण जनपद न्यायालय सीतापुर की समस्त न्यायालय एवं कार्यालय, सिविल जज (जूडि) महमूदाबाद, न्यायालय सिविल जज (जूडि) बिसवां, ग्राम न्यायालय सिधौली एवं ग्राम न्यायालय लहरपुर 5 सितम्बर को बंद रहेंगे।

### पुलिस अधीक्षक ने पीस कमेटी के साथ की बैठक



**सिधौली/सीतापुर।** कोतवाली परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बारह रबीउल अव्वल व गणपति विसर्जन की शोभायात्रा के सम्बंध में जनप्रतिनिधियों से शान्तिपूर्वक आयोजन किए जाने की अपील की। पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने कहा कि परम्परागत रूप से ही आयोजन किए जाएंगे सभी धर्मों का सम्मान करते हुए आयोजनों में किसी प्रकार की अराजकता न फैलाई जाए अराजक तत्वों की पहचान कर उनके बारे में तत्काल पुलिस को सीयूजी नम्बर पर सूचित करें इस दौरान एडिशनल एसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह, क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार, कोतवाली प्रभारी बलवंत सिंह शाही, सपा नेता हसीन खान, प्रधान अमान खान, प्रधान जलीस अंसारी, सभासद प्रतिनिधि वकील हाशमी, सलीम खान, सैय्यद अहमद, जमाल अहमद, सभासद संजय गुप्ता, सौरभ सिंह, फजल अहमद, सभासद मुन्नन शुक्ला, अजीत सक्सेना व सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### जुआ खेलते छह गिरफ्तार

**लहरपुर सीतापुर।** कोतवाली पुलिस ने नगर में छह लोगों को जुआ खेलते हुए बनाया बंदी। पूरा जानकारी के अनुसार मंगलवार को नगर चौकी प्रभारी विजय शंकर पांडे व पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर नगर के मोहल्ला शाहकुलीपुर स्थित फुलवारी में जुआं खेलते हुए पुलिस ने छापामार कर छह लोगों को बंदी बनाया, पुलिस ने उनके पास से ताश व ₹4600 नकद बरामद किए। बंदी बनाए गए लोगों में नगरके मोहल्ला मीरा टोला निवासी राज, मोहल्ला भूलनपुर निवासी सरताज व मोहल्ला शाहकुलीपुर निवासी मुमताज, आलम, जावेद व एकलाख शामिल हैं। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि छह लोगों को जुआ खेलते हुए बंदी बनाया गया है जिनके विरुद्ध 13 जुआं अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### कोतवाली पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार



**मिश्रित सीतापुर।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चलाए जा रहे वांछित वारंटियों के विरुद्ध अभियान के तहत आज प्रभारी निरीक्षक अरविन्द के निर्देशन में पुलिस टीम में शामिल उपनिरीक्षक करतार सिंह, का. नरेन्द्र कुमार, का. कमल सिंह, का. प्रदीप कुमार, का. रामब्रज सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर मजरा गोपालपुर निवासी उत्तम सिंह पुत्र नत्थू सिंह व ग्राम आंट निवासी मुस्तकीम पुत्र कल्लू को गिरिफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की है।

### सत्संग कार्यक्रम में बाबा जयगुरुदेव के अनुयायियों की उमड़ी भीड़

**लहरपुर सीतापुर।** क्षेत्र के ग्राम टपा अकैचनपुर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में बाबा जयगुरुदेव के अनुयायियों की भारी भीड़ उमड़ी। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को ग्राम टपा में एक सत्संग कार्यक्रम का किया गया आयोजन जिसमें भारी संख्या में बाबा जयगुरुदेव के अनुयायियों ने प्रतिभाग कर शाकाहारी रहने का संकल्प लिया। जय गुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था मथुरा के उपदेशक अंगद ने उपस्थित अनुयायियों को शाकाहारी, सदाचारी रहने का संदेश दिया, उन्होंने सभी को मानव जीवन को सार्थक बनाने के लिए संत महात्माओं की शरण में जाने कि अपील की और कहा कि नशा मानव समाज के लिए अभिशाप है और वर्तमान समय में बढ़ती हिंसा और अपराधों के लिए जिम्मेदार है उन्होंने सभी से प्रतिदिन पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाते हुए भगवान का भजन करने एवं मांस मदिरा से दूर रहने की सलाह दी, उन्होंने कहा कि मानव जीवन एक अनमोल उपहार है जो आपको परमात्मा की कृपा से मिला है उन्होंने कहा कि मानव शरीर किराए का मकान है इसे कब छोड़ना पड़ेगा यह केवल प्रभु ही जानते हैं उन्होंने कहा की मृत्यु के बाद सारी शान शौकत मान मर्यादा यहीं रह जाएगी, इसलिए आप सभी लोग सत्कर्म करते हुए सन्मार्ग पर चलें और मांस मदिरा से दूर रहें। इस मौके पर खंड अध्यक्ष अमर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष राजबहादुर, नगर अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता, राकेश, दिनेश सहित भारी संख्या में बाबा जयगुरुदेव के अनुयायी उपस्थित थे।

### रमना फॉर्म गुरुद्वारा कमेटी ने पंजाब में बाढ़ प्रभावितों के लिए एकत्र की राहत सामग्री



**लहरपुर सीतापुर।** पंजाब में बाढ आपदा से जूझ रहे लोगों के लिए स्थानीय रमना फॉर्म गुरुद्वारा कमेटी द्वारा बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता हेतु एकत्रित की गई राहत सामग्री। अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण परिषद के जिला प्रभारी सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने भी 50 पीड़ितों के लिए कपड़े व राहत सामग्री गुरुद्वारा रमना फॉर्म कमेटी को दी जिससे वह राहत सामग्री बाढ़ से पीड़ित पंजाब के लोगों तक पहुंच सके। हसीन अंसारी ने बताया की हम सभी लोगों को सिख समुदाय से सीख लेनी चाहिए कि वह किस तरह से भूखे को खाना खिलाना और आपदाओं में लोगों की मदद के लिए गुरुद्वारा कमेटी सबसे आगे जाकर बढ़-चढकर हिस्सा लेती है इस मौके पर तरनजीत सिंह, बलविंदर सिंह, देवेंद्र सिंह की पूरी टीम एक ट्रक राहत सामग्री लेकर पंजाब रवाना हुई।

# शावक ने कुत्ते को किया लहूलुहान

## कठिघरा के खेतों में मिले बाघ व शावक के फुटमार्क, ट्रैक्टर फंसने से टीम हताश, नहीं कर सकी ट्रंकुलाइज

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**महोली (सीतापुर)।** दूसरे दिन भी तड़के बाघ वन विभाग के ड्रोन कैमरे में कैद हो गए लेकिन खेत में ट्रैक्टर फंसने से बाघ को ट्रंकुलाइज नहीं किया जा सका।

टीम अब उसी स्थान के इर्दगिर्द वॉच टावर बनाकर अब बाघ को ट्रंकुलाइज करने की रणनीति बना रही है। उधर दूसरी तरफ बाघ के शावक ने कठिघरा गांव के दक्षिण सुधीर सिंह के कुत्ते के पिछले हिस्से को नोच लिया जिससे कुत्ता लहूलुहान हो गया। मौके पर थोड़ी दूरी में खून बिखरा हुआ पड़ा है। खेतों में बाघ व शावक के ताजा निशान मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ड्रोन से खेतों में छिपे बाघ को ट्रैक करने की कोशिश भी की। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि ड्रोन में बाघ कैद हो गया। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर कठिघरा गांव के दक्षिण एक पेड़ में





टीम ने ट्रैप कैमरा लगाया है। टीम ने ग्रामीणों को सतर्क किया खेतों की तरफ जरूरत पड़ने पर ही ग्रुप में जाएं और सावधानी बरतें।

पसिगवां गांव के पास लोगों ने बाघ होने की सूचना दी जिस पर वन विभाग की एक टीम मौके पर पहुंची और उसने मौके पर सियार को देखा। टीम को सियार के पगचिह्न भी वहां से मिले हैं। एसडीओ ब्रजेश पांडेय ने बताया कि बाघ जिस खेत में मृत पड़वा पड़ा था वहां बाघ आया जिसे ड्रोन कैमरे में देखा गया। टीम खेत में दो ट्रैक्टर लेकर खेत में घुसी लेकिन दोनों ट्रैक्टर खेत में फंस गए जिसके कारण बाघ को ट्रंकुलाइज नहीं किया जा सका।

# बाघ के हमले से नहीं हुई राकेश की मौत : डीएफओ

» पोस्टमार्टम रिपोर्ट से भी हुई पुष्टि, अफवाह न फैलाने की अपील

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** डीएफओ नवीन खण्डेलवाल ने बताया कि बसारा निवासी किसान राकेश वर्मा (50) का शव मिलने पर मौके पर टीम व वह स्वयं पहुंचे। मृतक के शरीर पर किसी भी प्रकार के पंजे, दांत, नाखून या जंगली जानवर के हमले के निशान मौजूद नहीं थे। शव पर न तो गहरे घाव थे और न ही खरोंच के ऐसे साक्ष्य जो बाघ या किसी अन्य जंगली जानवर के हमले की पुष्टि करते हों। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण बाघ अथवा किसी अन्य जंगली जानवर का हमला नहीं है, बल्कि मृत्यु अन्य चिकित्सीय कारणों से हुई प्रतीत होती है।

वन विभाग की टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्र में कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। इस दौरान किसी भी प्रकार के पगमार्क, बाल, खून के धब्बे या जंगली जानवर की गतिविधियों के प्रमाण नहीं मिले। घटनास्थल के आसपास दो कैमरा ट्रैप भी लगाए गए जिनमें अभी तक की निगरानी में किसी भी बाघ या अन्य जंगली जानवर की मौजूदगी नहीं मिली है। ग्रामीणों से अफवाह न फैलाने की अपील की गई।

नरनी, ब्रहमावली, पसगवां, रघुवर दयालपुर, कोल्हौरा एवं कठिघरा में बाघ के मूवमेंट पर निगरानी हेतु में सात टीमों द्वारा ट्रैप कैमरा स्थापित कर नजर रखी जा रही है। ड्रोन कैमरे से प्रभावित क्षेत्रों की निगरानी जा रही है। लाउडस्पीकर का उपयोग कर आस पास के क्षेत्र में हिंसक वन्य जीव के हमले से बचाव सुरक्षा हेतु आम जनमानस को सचेत करते हुये हैण्डबिल व पम्पलेट वितरित किए गये हैं।

## श्री मद्भागवत कथा में प्रभु श्री राम जन्म की मंगलमयी कथा का सुंदर वर्णन



**लहरपुर सीतापुर।** नगर के मोहल्ला काजी टोला पाटन दीन चौराहा स्थित श्री योगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्री मद्भागवत कथा में साध्वी शिवांगी शास्त्री ने श्री मद्भागवत कथा की अमृत वर्षा करते हुए प्रभु श्री राम जन्म की मंगलमयी कथा का सुंदर वर्णन किया उन्होंने कहा कि, जब जब पृथ्वी पर पाप कर्म, अत्याचार, अनाचार बढ़ जाता है तब तब पृथ्वी का कष्ट हरने और अपने भक्तों की रक्षा के लिए प्रभु अवतार लेते हैं, उन्होंने कहा कि रावण के अत्याचारों से देवता, साधु संत, पृथ्वी कराह रही थी, राक्षसों व रावण के अत्याचारों से पृथ्वी को मुक्त करने के लिए प्रभु श्री राम ने अवतार लिया। अयोध्या धाम में प्रभु का जन्म होते ही सभी तरफ आनंद व्याप्त हो गया। प्रभु श्री राम जन्म की मंगलमयी कथा को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इस पावन अवसर पर, भये प्रकट कृपाला दीन दयाला, कौशल्या हितकारी भजन को सुनकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। साध्वी शिवांगी शास्त्री ने कहा कि, प्रभु तो अंतर्यामी है और उनकी महिमा कण-कण में व्याप्त है, निश्चल प्रेम से वह कहीं भी प्रकट हो जाते हैं। इस मौके पर राजेंद्र राजपूत, श्री राम कपूर, प्रमोद टंडन, पंकज पुरी, रामशरण पुरी, विरेंद्रपुरी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

## दधीच कुंड मार्ग क्षतिग्रस्त

**मिश्रिख सीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास से दधीच कुंड तक जाने वाला मार्ग जल भराव और गड्ढा युक्त होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है इस मार्ग पर ऊंची नाली बना दिए जाने के कारण बरसात का पानी हर समय भरा रहता है इसी मार्ग से नगर मैं लगने वाली साप्ताहिक बाजार और कई विद्यालय पढ़ते हैं। विद्यालय जाने वाले स्कूली बच्चों को जाने में काफी परेशानी होती है। इसी मार्ग से दाधीच कुंड से सीताकुंड तीर्थ को जाने वाले पर्यटक और श्रद्धालुओं को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अधिकांश पर्यटक पीपल चौराहा होते हुए सीताकुंड तीर्थ पहुंच रहे हैं। जल जीवन मिशन द्वारा पूरे नगर की सड़कों को खोज कर पाइपलाइन डाले जाने के बाद ठीक ढंग से मरम्मत नहीं की गई है। नगर वासियों ने नवनियुक्त अध्यक्ष सीमा भार्गव से नगर की सभी सड़कों की मरम्मत और चलने लायक बनाए जाने की मांग की है।

# बीडीसी के घर से 10 लाख की चोरी

» तहरीर मिलने के बाद भी नहीं दर्ज की प्राथमिकी

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**बिसवां (सीतापुर)।** थाना कोतवाली के टिकरा में क्षेत्र पंचायत सदस्य के घर में रात आधा दर्जन शातिर चोर घुस गए और दस लाख रुपए के जेवर तथा 26 हजार रुपए उठा ले गए। सूचना मिलने के बाद भी चोरी की घटना की प्राथमिकी दर्ज नहीं की है। चोरी की इस बड़ी घटना के बाद क्षेत्र के लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेंद्र वर्मा का मकान ग्राम टिकरा में बना हुआ है। मकान में वह अपने परिवार के साथ रहते हैं। बीडीसी ने बताया कि जब रात में पूरा परिवार सो रहा था तभी चोर पीछे की दीवार से छत पर चढ़कर नीचे आंगन में उतर गए



और कमरों में घुसकर अलमारी तथा बक्सों में रखे जेवर जिसकी कीमत लगभग 10 लाख रुपए है तथा 26 हजार रुपये उठा ले गए। चोर सारा सामान मकान के पीछे खेत में ले गए वहीं पर कीमती गहने व रुपये निकाल लिए और कपड़े व अन्य सामान छोड़कर फरार हो गए।

गृहस्वामी ने बताया कि घटना की तहरीर कोतवाली पुलिस को दे दी है। चोरी की इस बड़ी घटना को लेकर पूरे गांव में दहशत का माहौल है। प्रभारी निरीक्षक मुकुल वर्मा ने बताया कि सूचना मिली है मामले की जांच चल रही है। इससे पूर्व भी बिसवां में कई बड़ी चोरियां हो चुकी है जिनका खुलासा अभी तक पुलिस नहीं कर सकी है।

# पुलिस अधीक्षक ने फीता काटकर किया पुलिस चौकी का शुभारंभ

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**थानगांव (सीतापुर)।** पूर्व में तैनात थानाध्यक्ष उमेश चन्द्र चौरसिया के कार्यकाल से निर्माणाधीन पुलिस चौकी शंकरपुर झिसनी का भवन निर्माण वर्तमान थानाध्यक्ष विमल गौतम व जिला पंचायत सदस्य सुरेश प्रकाश मिश्र (पप्पू बघैया) व बद्री विशाल मिश्र के निरंतर प्रयास से निर्माण कार्य पूरा किया जा सका।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिवत पूजन अर्चन के साथ चौकी का शुभारंभ किया। उक्त पुलिस चौकी का निर्माण वर्ष 2006 में शंकरपुर झिसनी में हुए नरसंहार में 16 ग्रामीणों के मारे जाने के कुछ समय बाद निर्धारित किया गया था। नव निर्मित पुलिस चौकी का निर्माण क्षेत्र भ्रमण की सड़क सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आन रोड़ चकदहा में किया गया है। इस चौकी



क्षेत्र में कुल 11 ग्राम सभाओं के करीब 75 मंजरों की निगरानी होगी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा पूर्व में हुई घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो किसी भी विवाद के शुरुवाती दौर से जिम्मेदार निपटारे का प्रयास करेंगे। साथ ही उपस्थित गणों से समय रहते क्षेत्रीय पुलिस को समस्या से अवगत करवायें जिससे तत्काल प्रभाव से पुलिस कार्यवाही कर सके। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद वेदप्रकाश श्रीवास्तव थानाध्यक्ष थानगांव विमल गौतम रामपुर मथुरा से संजय कुमार पाण्डेय सकरन से राजेश कुमार उपनिरीक्षक अतिबल सिंह रामदुलार रावत अतबल सिंह व क्षेत्रवासी गण सरवन सिंह, बौर सिंह, रवि मिश्रा, विकास शुक्ला, शिवकुमार बाजपेई, प्रदीप बाजपेई, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, रमेश भार्गव व पुनीत रस्तोगी आदि सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## एक ही परिवार के दस लोग बीमार, चार गंभीर

**तंबौर सीतापुर।** मंगलवार देर। शाम एक ही घर में एक साथ दस लोग अचानक बीमार हो गए जिन्हें सीएचसी लाया। जहाँ चार लोगों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्रामपंचायत नरना के मजरा पकौरी निवासी अमरेन्द्र के घर पर पकौड़े बने थे जिन्हें पूरे परिवार के लोगों ने खाया था। उनके खाने के बाद परिवार के लोगों को चक्कर आने के साथ बेहोशी महसूस होने लगी। जिन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल लाया गया। बीमार पड़ने वालों में श्यामवती 65, अनीता 30, शिवा 13, अमरेन्द्र 35, ललित 13, शिवांकी 16, कुशमा 30, सुनीता 31 व 3 वर्षीय आदर्श शामिल हैं। इनमें से श्यामवती, शिवा, शिवम व अनीता की हालत गंभीर है। इन्हें इलाज के लिए सीतापुर भेजा गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि लक्षणों के आधार पर फ़ूड प्वाईजनिंग मालूम देता।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की तालाब में डूब कर मौत



**तालगांव, सीतापुर।** तालगांव कोतवाली क्षेत्र के कस्बा तालगांव मे स्थित तालाब (झील) से निकली ड्रेन मे एक 40 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में डूब कर मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक बीते कई माह से तालाब में पली मछलियों की निगरानी कर रहा था और बीते कई दिनों से काम पर नही आया रहा था मंगलवार की शाम तालाब मालिक को बगैर सूचित किये और टॉर्च भी नही ले गया था सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। उधर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। दरअसल तालगांव स्थित तालाब (झील) में समिति द्वारा मछली पालन का कार्य किया जाता है। बीती मंगलवार रात मृतक लल्लन पुत्र नारायण निवासी कस्बा तालगांव तालाब की रखवाली कर रहा था। सुबह खेत गए ग्रामीणों ने युवक का शव ड्रेन में देखा जिसकी सूचना पुलिस को दी।

ग्रामीणों के मुताबिक तालाब (झील) की रखवाली के लिए समिति द्वारा आधा दर्जन से अधिक लोगों को तालाब में पल रही मछलियों की रखवाली के लिए मजदूरी पर रखा है। उसी मे से मृतक युवक लल्लन भी था। मृतक युवक मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी दीपक कुमार राय ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिलाओं को स्व लंबी बनाना इनर व्हील क्लब की प्राथमिकता

**बिसवां सीतापुर।** चैयरमैन विजिट पर श्रीमती प्रिया नारायण का इनरव्हील क्लब ऑफ बिसवां उड़ान के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा महिलाओं को स्वालंबी बनाना इनर व्हील क्लब की प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर इनरव्हील क्लब ऑफ बिसवां उड़ान ने एक ब्रेस्ट फीडिंग रूम और एक स्वरोजगार हेतु सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन करवाया। तीन बच्चियों की वर्ष भर की फीस अनुमोदित करवाई, साथ ही पांच बच्चियों के ब्यूटी पार्लर कोर्स के सार्टिफिकेट से सम्मानित करवाया। दुर्गेश्वरन मंदिर में भी राधा-कृष्ण मंदिर के लिए टाइल्स लगवाने का सहयोग दिलवाया। क्लब की अध्यक्षा सीमा रस्तोगी ने ये सभी प्रोजेक्ट क्लब की बड़ी उपलब्धि बताया और साथ ही चैयरमेन प्रिया नारायण जी और कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा जी ने इन सभी कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की, क्लब के सभी सक्रिय सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में हिस्सेदारी निभाई।

# विशेष पुरूस्कार से नवाजा गया डीजे कॉलेज का होनहार छात्र

» पूर्व प्रवक्ता स्व. गिरीश चन्द्र मिश्र की स्मृति में मेधावी का हुआ सम्मान

» स्व.सूरज प्रसाद त्रिपाठी की स्मृति में शिक्षक का हुआ सम्मान

» सशक्त भारत की पहचान बनेगी मेघा : ऊषा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** जेएलएमडीजे इण्टर कॉलेज खैराबाद में बुधवार का दिन कुछ खास रहा। कॉलेज का होनहार छात्र अभिषेक विशेष पुरस्कार से नवाजा गया। इसी विद्यालय के प्रवक्ता रहे स्व. गिरीश चन्द्र मिश्र की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी ऊषा मिश्रा एवं सुपुत्र आशीष मिश्रा 'गीतू' ने वर्ष 2024-25 हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी विषय में सर्वाधिक 89 अंक लाने वाले अभिषेक कुमार मिश्र को पाँच हजार रूपये का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ऊषा मिश्रा ने कहा कि भारत सर्वाधिक युवाओ का देश है। यहाँ की मेघा सशक्त भारत की पहचान बन रही है। उन्होने कहा कि मेरे पति स्व. गिरीश चन्द्र मिश्रा ने सम्पूर्ण जीवन जेएलएमडीजे इण्टर कॉलेज में प्रवक्ता रहते हुए गरीब व बेसहारा छात्रो को आगे बढ़ाया है। उन्ही की सोंच को जीवन्त रखने के लिये मेरा परिवार इस तरह के आयोजन विगत दस वर्षो से करता आ रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए स्व. गिरीश चन्द्र मिश्र के पुत्र आशीष मिश्रा 'गीतू' ने बताया कि उनके पिता ने अपने सफल सम्पादकीय कार्यों के साथ ही 1959 से 1988 तक डीजे कॉलेज खैराबाद में अंग्रेजी प्रवक्ता के रूप में शिक्षण कार्य किया। इस बार छात्र के साथ ही अंग्रेजी विषय के अध्यापक शिवमूर्ति का सम्मान हुआ। यह सम्मान विद्यालय के छात्र रहें स्व.सूरज प्रसाद त्रिपाठी के नाम



पर उनके पुत्रद्वय भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश त्रिपाठी व सूरज त्रिपाठी मेडिकल स्टोर के संचालक पंकज त्रिपाठी के द्वारा अंग्रेजी अध्यापक को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया।

इस अवसर पर राकेश त्रिपाठी ने कहा कि श्रद्धेय गिरीश चन्द्र मिश्र हम लोगो के प्रेरणास्त्रोत व मार्गदर्शक थे। आज इस अवसर पर मुझे भी अपने पिता की यादों को संजोने का अवसर मिला है। हम सभी भाग्यशाली है, इस विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर यहाँ की यशकीर्ति जनपद व प्रदेश में फैला रहें है। उन्होंने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है और माता-पिता के साथ ही गुरू का सम्मान हम सभी के लिये गर्व की बात है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पुरस्कार छात्रों का उत्साहवर्धन करते हैं। मेधावी छात्रों के लिये पुरूस्कार आभूषण के समान होते हैं। पुरस्कार पाने वाले विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ता है। स्व.मिश्र के परिवार द्वारा प्रत्येक वर्ष दिया जाने वाला यह पुरूस्कार समाज के लिये प्रेरणादायी कृत्य है। आज इसी श्रृखंला में शिक्षक के सम्मान से हम सभी गौरवान्वित है। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के शिक्षक शिवमूर्ति ने किया।

इस दौरान भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री ओम प्रकाश मिश्र, खैराबाद सभासद आलोक बाजपेयी, वैष्णो ग्रुप संचालक धीरेन्द्र शुक्ला 'मोनू', वरिष्ठ छायाकार योगेश श्रीवास्तव सहित विद्यालय के अध्यापक डा. नंदीस मिश्र, स्मृति शुक्ला, विपिन कुमार यादव, सुनील कुमार सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र मौजूद रहे।

**प्रशिक्षण** डीएम की अध्यक्षता में परीक्षा से जुड़े अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

# पेट परीक्षा में लापरवाही पर होगी कार्यवाही : अभिषेक

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सभी केंद्र व्यवस्थापकों, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं परीक्षा से जुड़े अधिकारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

यह परीक्षा 6 व 7 सितम्बर को दो पालियों में जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर होना प्रस्तावित है। जिसमें 21 हजार 600 सौ अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। प्रशिक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा के सम्बन्ध में उपलब्ध कराई गयी बुकलेट में दिए गए निर्देशों एवं परीक्षा प्रक्रिया का भली-भांति अध्ययन कर लें तथा निर्धारित ड्यूटी स्थल पर समय से पहुंच जाए। ड्यूटी में तैनात किये जाने वाले सभी कक्ष निरीक्षकों का बेहतर प्रशिक्षण कराने तथा परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं




की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। प्रवेश के समय परीक्षार्थियों की जांच की जाए। परीक्षा कक्षों में उजाले की समुचित व्यवस्था तथा परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक प्रबन्ध भी किए जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा को लेकर शासन अत्यंत गंभीर है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं इसकी समीक्षा की गयी है, इसलिए इसमें किसी भी स्तर में कोई भी लापरवाही न की जाए। किसी भी समस्या अथवा संशय की स्थिति में तत्काल उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लें। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही करने अथवा गड़बड़ी का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाहर से आने वाले एवं बाहर जाने वाले अभ्यर्थियों के आवागमन में कोई असुविधा हो, इसके लिये बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क एवं मेडिकल टीमों की तैनाती की जाये। हेल्पडेस्क पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाये। सभी संबंधित मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चले, इसके लिये समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, एएसपी आलोक सिंह, डीआईओएस राजेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी, आयोग के समन्वीय पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# डीएम ने जिलास्तरीय बैठक में अफसरों को दिए निर्देश

» परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइने समयबद्ध हटाये जाने के निर्देश

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सीतापुर।** जनपद में संचालित परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से जा रही हाईटेंशन/एल.टी.लाइन हटाये जाने के सम्बन्ध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विकास खण्डों से प्राप्त सूचनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिफ्टिंग का कार्य नियमानुसार निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाय। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रेषित की गयी सूचनाओं के संबंध में प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करें।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्युत आपूर्ति की स्थिति, विद्युत विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति एवं विद्युत आपूर्ति में आ रही समस्याओं आदि की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मानकों के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने हेतु समुचित प्रबन्ध किए जाये। विद्युत बिल सुधार से संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि संचालित योजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाय। समय से विद्युत बिल जारी किये जाये।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि विद्युत व्यवस्था सम्बंधी शिकायतों का भी प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित किया जाये। आई.जी.आर.एस. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

### बाल वाटिकाओं के संचालन के संबंध में डीएम ने दिए निर्देश

शासन द्वारा बाल वाटिकाओं के संचालन के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर की गयी कार्यवाही की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिए कि बाल वाटिकाओं में आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण किए जाय। बच्चों के बैठने के लिए फर्नीचर के साथ आकर्षक सजावट आदि का भी प्रबंध किया जाय। मिड डे मील हेतु भी समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश भी डीएम ने दिए। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत ललित कृष्ण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सहित सभी अधिशासी अभियंता, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# हाईकोर्ट के आदेश पर चकेरी थानाध्यक्ष समेत कई पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज

» सभी पर 1.5 करोड़ की डकैती समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** इंस्पेक्टर और दरोगा के खिलाफ उनके ही थाने में डकैती, चोरी और दंगा कराने सहित 7 गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराया गया है। लाल बंगला की रहने वाली महिला की तहरीर पर इंस्पेक्टर व अन्य पुलिसकर्मियों पर तोड़फोड़ कर कब्जा कराने, करीब डेढ़ करोड़ का सामान व गहने ट्रक में भरकर उठा ले जाने के आरोप में एफआईआर दर्ज किया गया है। महिला ने बताया कि उनकी एक जमीन का मामला हाईकोर्ट में है। कोर्ट में ट्रॉयल चल रहा है। फिर भी पुलिसवालों ने कब्जा कराया, उनका डेढ़ करोड़ के सामान ट्रक में भरकर ले गए। उनके परिवारीजनों से मारपीट की गई और शांति भंग में चालान कर दिया गया। महिला ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर पुलिस के आला अधिकारियों से शिकायत की थी। जांच के बाद पुलिस कमिश्नर ने एफआईआर का आदेश दिया था। चकेरी थाने में 2 सितंबर को आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। कानपुर के लाल बंगला चंद्रनगर में संगीता जायसवाल का प्लांट है। उनके प्लांट में कई दुकानें हैं। संगीता जायसवाल ने बताया कि वह अपनी इस प्रॉपर्टी का हाउस टैक्स लगातार नगर निगम को देती रही हैं। हालांकि, उस प्लांट और दुकानों के मालिकाना हक को लेकर उनका विवाद सुशील वार्ष्णेय और अभिषेक वार्ष्णेय से काफी पहले से चल रहा है। साल 2023 से यह मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट सीनियर डिवीजन में ट्रायल पर है। इसको लेकर एक रिट हाईकोर्ट में भी दाखिल है।

संगीता जायसवाल का आरोप है कि मामला कोर्ट में होने के बाद भी विपक्षी से मिलकर चकेरी थाने के इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला सहित कई पुलिसवालों ने उनकी जमीन पर बीते 29 मार्च को कब्जा करा दिया। महिला ने कहा कि मामला हाईकोर्ट में है। फिर भी 29 मार्च को चकेरी इंस्पेक्टर संतोष कुमार शुक्ला, तत्कालीन सनिगवां चौकी प्रभारी अंकित खटाना, योगी बिल्डर, ग्वालटोली के धर्मेंद्र यादव समेत करीब 30 से 40 अज्ञात और पुलिसकर्मी उनके प्लॉट पहुंचे। मेन गेट और दीवार तोड़ कर जबरन अवैध रूप से कब्जा करा दिया। महिला ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने मेरे भतीजे अभिषेक जायसवाल, भतीजी ज्योति जायसवाल, ललित, आशीष जायसवाल, बुआ विनीता जायसवाल को लाठी डंडों से जमकर पीटा।

# जिलाधिकारी ने ओटीडी सेल की बैठक कर सुधार को चेताया, अंडे और मछली की मंडी के लिए शासन को प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उन्नाव।** बुधवार जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में माह सितंबर 2025 की जिला ओ टी डी सेल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राथमिक क्षेत्र कृषि में फसलें वर्ष वार क्षेत्रफल, उत्पादन, उत्पादकता उद्यान विभाग कि फसलें क्षेत्रफल उत्पादन और उत्पादकता, पशु जन्य पदार्थ मत्स्य / टिंबर के उत्पादन, वन प्रभाग सहित अन्य संबंधित विभागों की स्वाट एनालिसिस के संबंध में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मक्का उत्पादन का क्षेत्रफल कम है। इसको अधिक से अधिक प्रमोट करने के लिए कार्यशाला आयोजित कर लोगों को इसके प्रति जागरूक करें और क्षेत्रफल बढ़ाएं। इसी प्रकार मत्स्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में मत्स्य और अंडे की बड़ी मंडी बनाए जाने के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा जाए। इसके लिए आवश्यक कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने वन प्रभाग की स्वाट एनालिसिस के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि आरा मशीनों सूची तैयार किया जाए। साथ ही आरा मशीन के संचालकों के साथ बैठक कर यह जानकारी लिया जाए की किस तरह की लकड़ी वह ज्यादा प्रयोग कर रहे हैं। फर्नीचर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए किस तरह के पेड़ लगाया जाए इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई किया जाए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ओ टी डी सेल से संबंधित अन्य विभागों के संबंध में विस्तार से जानकारी लेकर प्राथमिकता के साथ कार्य करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी विभाग में लापरवाही न बरती जाए पूरी गंभीरता से साथ ओटीडी से संबंधित बिंदुओं पर प्राथमिकता से कार्यवाही कर प्रगति सुधारी जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री कृति राज, परियोजना निदेशक जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## एक नजर

### विद्युत विभाग के कार्यशैली से परेशान उपभोक्ताओं ने उपजिलाधिकारी से की शिकायत

**पाटन उन्नाव।** पाटन पावर में रोजाना विद्युत कटौती से परेशान उपभोक्ता ने उपजिलाधिकारी बीघापुर को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है। बीघापुर से 33 केवी विद्युत पाटन पावर हाउस के लिए दी जाती है जोकि ज्यादातर ब्रेक डाउन ही रहती हैं। यहां तक कि आये दिन रात में भी ब्रेक डाउन हो जाती है उसके बाद पूरी पूरी रात बिजली गायब रहती है। जिसकी शिकायत पाटन पावर हाउस क्षेत्र के ही निवासी जीतेन्द्र सिंह ने सम्पूर्ण समाधान दिवस बीघापुर में की थी लेकिन विद्युत विभाग के एसडीओ बीघापुर प्रेम चन्द्र यादव द्वारा बिना जांच किये व बिना बयान लिये ही गलत आख्या लगा दी जाती है। कई बार तो ऐसा होता है कि एसडीओ बीघापुर प्रेम चन्द्र यादव फोन भी नही उठाते हैं जनता परेशान होती रहती है। लेकिन विद्युत अधिकारियों की कार्यशैली में किसी भी प्रकार का कोई सुधार नही हो रहा है।

### जंगली बबूल के रोड किनारे दे रहे मौत को दावत



**असोहा उन्नाव।** हादसे का सबब बन रहे मार्ग की पटरियो पर खड़े जंगली बबूल व झाड़ झंखाड़ क्षेत्र को राष्ट्रीय मार्ग से जोड़ने वाला कालूखेड़ा भल्ला फार्म मार्ग पर कालूखेड़ा से भल्ला फार्म तक लगभग 24 किलोमीटर मार्ग की दोनों पटरियों के किनारे जंगली बबूल व अन्य पेड़ के साथ झाड़ झंखाड़ खडा होने के चलते मार्ग के दोनों किनारे अवरुद्ध हों गए। वही बरसात के कारण मार्ग के किनारे लगे अन्य पेड़ की शाखाएं बड़ी होकर मार्ग के किनारों पर लटक गई है। मार्ग व्यस्त होने के चलते रातों दिन मार्ग चलता है। जिसकी वजह से कभी भी कोई हादसा हो सकता है। पीडब्लूडी विभाग के कर्मचारी महज खाना पूर्ति करके चले जाते है। क्षेत्र के सुंदर गोस्वामी, नीरज त्रिपाठी, अभिषेक त्रिपाठी, सूरज कश्यप, पुनीत यादव आदि उक्त मार्ग का रोज प्रयोग करने वाले लोगो ने उक्त मार्ग के किनारे की पटरियां साफ कराए जाने की मांग की है।

### अपराधी के नाम पर धमकी देने पर पुलिस ने शातिर शूटर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

**कानपुर।** कोतवाली पुलिस ने शूटर टायसन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि टायसन ने दूसरे जिले में तैनात एक एसीपी के खिलाफ तहरीर देने वाले मनोहर शुक्ला को रोककर धमकी दी है। उसने कहा कि टायसन की गोली नाम और पता नहीं पूछती है, पंडित जी अपनी शिकायत वापस ले लो। इसके बाद मौके से भाग निकला। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके शूटर की तलाश शुरू कर दी है। तेजाब मिल कैंपस रायपुरवा में रहने वाले प्रवीण कुमर शुक्ला उर्फ मनोहर शुक्ला ने बताया कि उन्होंने ऑपरेशन महाकाल में एक एसीपी और उसके गैंग के खिलाफ पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। इसकी एसआईटी जांच कर रही है। इसी शिकायत को लेकर वह 27 अगस्त को एसआईटी में अपने बयान दर्ज कराकर घर लौट रहे थे। कोतवाली थाना क्षेत्र में उनकी कार के सामने एक मोटरसाइकिल आकर रुकी व एक बाइक कार के बगल में रूकी। प्रार्थी ने कार रोकने का कारण पूछा तो उक्त मोटरसाइकिल सवार बोले टायसन की गोली नाम नही पूछती है, पंडित जी शिकायत वापस ले लो, नही तो जान चली जायेगी। टायसन और उसके लोग डी टू गैंग के शार्प शूटर है। प्रार्थी ने उन लोगों के विरुद्ध अपने साथ हुई घटना के सन्दर्भ में एफआईआर लिखवाने हेतु पुलिस कमिश्नर से शिकायत की। उन लोगों ने प्रार्थी को जान से मारने की डर दिखाकर शिकायत वापस लेने हेतु धमकाया है। मामले का संज्ञान लेते हुए कोतवाली थाने की पुलिस ने टायसन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसकी जांच शुरू कर दी है। धमकी देने के बाद से टायसन घर छोड़कर भाग निकला है।

### काम के दौरान सप्लाई चालू किये जाने से लाइनमैन झुलसा

**कानपुर।** महाराजपुर में विद्युत विभाग के एक संविदा लाइनमैन के साथ लापरवाही का मामला सामने आया है। सिकठिया गांव के हरिश्चंद्र ने बताया कि तीन दिन पहले वह 11000 वोल्ट की लाइन पर काम कर रहा था। इसी दौरान ऑपरेटर उमाशंकर ने बिना सूचना के बिजली चालू कर दी। हरिश्चंद्र 15 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया। इस हादसे में उसके हाथों की उंगलियां और शरीर का कुछ हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। यह इस महीने का दूसरा मामला है जब उमाशंकर की लापरवाही से हरिश्चंद्र की जान खतरे में पड़ी। महोली बिजली घर में तैनात ऑपरेटर उमाशंकर पर कई गंभीर आरोप हैं। उनका फोन अक्सर व्यस्त रहता है। शट डाउन लेने या सप्लाई चालू करवाने के लिए लाइनमैन को घंटों इंतजार करना पड़ता है। हरिश्चंद्र ने विभागीय अधिकारियों से कई बार शिकायत की। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। पीड़ित का आरोप है कि विभाग में संविदा लाइनमैनों के साथ सौतेला व्यवहार किया जाता है। लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जाती है।

# किसान यूनियन की शिकायत पर सीवीओ पहुंचे गौशाला जहां दो बीडीओ को ली क्लास, गौशाला बना नरक शाला

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**बीघापुर उन्नाव।** तहसील बीघापुर थाना बारासगवर क्षेत्र के ग्राम बारा पशु गौशाला में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (भानू) के मंडल महासचिव लखनऊ फसल चिकित्सक उद्यान पति किसान भवन गनेशी खेड़ा डॉक्टर बृजेंद्र प्रताप सिंह (राजू) की शिकायत पर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का दौरा बीघापुर विकासखंड की बारा हरदो गौशाला में सुबह 10:00 बजे हुआ।

गौशाला की स्थिति देखते ही सीवीओ डॉक्टर महावीर सिंह बिफर उठे उन्होंने बीडीओ बीघापुर / सुमेरपुर पंकज गौतम, डॉ. सचान, डॉ. रामजीत प्रजापति, पंचायत सचिव वेद प्रकाश, प्रधान मनोज कुमार की क्लास लगा दी पीने के पानी में गंदगी व कीड़े मिले पूरी गौशाला में महीनों का गोबर बिखरा हुआ था। कंपोस्ट (गोबर खाद) की बिक्री चोरी से की जा रही है। 99% गोवंश को टैग नहीं लगाया गया। भूसा केवल गौशाला में दो दिन के लिए ही है दो दिन बाद क्या होगा हरे चारे की व्यवस्था नहीं है। प्रधान के पास चोकर व मिनरल गौशाला में नहीं मिला। गाय इलाज के अभाव में तड़प रही है डिमांड रजिस्टर सचिव के पास नहीं मिला चीफ वेटरनरी डॉक्टर महावीर सिंह ने कहा जो स्थितियां आज गौशाला की हैं। उसके लिए हमारे विभाग स्वयं जिम्मेदार हैं एक सप्ताह के भीतर पूरी गौशाला व गौवंशो की स्थिति पर सुधार हो जाएगा साथ ही बीडीओ बीघापुर को निर्देश दिया कि एक टीन शेड व चरही की व्यवस्था तत्काल करें डॉक्टर महावीर सिंह ने कहा कि किसान है तभी हम हैं यह बात हमारे अधिकारी व कर्मचारियों को समझनी चाहिए किसान संगठन हमारे मित्र व सहयोगी है। बीडीओ बीघापुर, सुमेरपुर पंकज गौतम चीफ वेटनरी की सूचना पर गौशाला पहुंचे उनसे गौशाला की अव्यवस्था पर जब पत्रकारों ने प्रश्न किया जवाब ना देते हुए मीटिंग की बात कह कर गाड़ी में बैठकर निकल गए बीडीओ की इस हरकत से किसान व किसान संगठन ने नाराजगी व्यक्त की है और चेतावनी दी है कि यदि बीडीओ का यही मनमाना रवैया रहा तो बहुत जल्द बीडीओ बीघापुर, सुमेरपुर के खिलाफ धरना प्रदर्शन होगा।

# साढ़े तीन कुंतल लहन नष्ट करते हुए 42 लीटर शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र के कुशल नेतृत्व में आज निशांत सिंह आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4 पुरवा मय हमराह व स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ तहसील-पुरवा अंतर्गत ग्राम खानपुर, छोटी खेड़ा व धनोखर थाना मौरावां में एक बारगी दबिश देते हुए कुल 42 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना मौरावां में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही की गई व लगभग 350 किग्रा लहन महुआ मौके पर नष्ट किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्ता सुलोचना पत्नी मोती निवासी धनोखर थाना मौरावां, सीमा पत्नी राम प्रसाद निवासी छोटी खेड़ा थाना मौरावां साथ ही अवैध मदिरा के परिवहन की रोकथाम हेतु उन्नाव रायबरेली लखनऊ हाईवे पर स्थित गदन खेड़ा बाईपास पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

# शिवालय निर्माण रद्द के फैसले का मायावती ने किया स्वागत

**कानपुर।** इंद्रा नगर में स्थित बुद्धा पार्क में प्रस्तावित 12 ज्योतिर्लिंगो का निर्माण कार्य फिलहाल रद्द होने का बसपा प्रमुख मायावती ने स्वागत करते हुए प्रदेश सरकार को इसके लिए धन्यवाद दिया है।

मायावती ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि कानपुर के प्रसिद्ध बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाने का यह अति- विवादित प्रस्ताव रद्द किये जाने की आज मीडिया में ख़बर छपी है, जिसका स्वागत है व यूपी सरकार को इसके लिये धन्यवाद भी है।

उम्मीद है कि सरकार आगे अन्यत्र कहीं भी ऐसा कोई विवाद खड़ा करने के षडयंत्र को गंभीरता से लेकर इसके विरुद्ध सख़्ती करेगी ताकि समाज में शान्ति-व्यवस्था, आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का वातावरण बिगड़ने न पाये।

# बुद्धा पार्क मामले में दलित पैंथर के सदस्यों की ओर से उग्र प्रदर्शन का ऐलान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**कानपुर।** इंद्रानगर में बने बुद्धा पार्क में शिवाला बनाए जाने के मामले में भारतीय दलित पैंथर के प्रदेश अध्यक्ष धनीराम पैंथर ने कहा ये बुद्ध की धरती है, संपूर्ण विश्व मे बौद्ध बड़ी संख्या में हैं। यह उनकी आस्था पर करारी चोट हैं।

धनीराम पैंथर ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब विदेश जाते हैं तो कहते है कि हम बुद्ध की धरती से आए हैं। अगर कानपुर के बुद्धा पार्क में शिवाला बनाया जाएगा तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। धनीराम पैंथर ने कहा कि मुख्य सचिव, सुप्रीम कोर्ट का साफ आदेश है कि पार्क में कोई भी अवैध चीज न बनाई जाए। पार्क की पूरी बाउंड्री बनी हैं। उसके अंदर अगर शिवाला बनाया जाएगा तो विरोध किया जाएगा।अगर इसे बाहर बनाया जा रहा है तो नगर आयुक्त पहले बताए कि कहां पर बनाया जा रहा हैं। हमको ये लिखित में चाहिए कि कहां पर शिवाला बनेगा। पैंथर ने कहा कि ये एक षड्यंत्र हैं। इसको किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मंदिर पूरे देश में बने हैं। मंदिरों की तो भरमार हैं, इसे आप हमारे बुद्धा पार्क में ही क्यो बनाने जा रहे हैं। धनीराम पैंथर ने कहा कि पहले बुद्ध गया में कब्जा किया। फिर संकिसा में कब्जा हुआ, अब कानपुर में करने जा रहा हैं। इसे हमारा समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। सारे अंबेडकरवादी, मानववादी, बुद्धिष्ट लोग प्रदर्शन करेंगे। यदि समस्या का निदान न हुआ तो ये प्रदर्शन और उग्र होगा। इस मामले में महापौर प्रमिला पांडेय ने कहा है कि इंदिरा नगर स्थित बुद्धा पार्क को लेकर मैं स्पष्ट कर देना चाहती हूं कि इन्दिरा नगर स्थित बुद्धा पार्क में शिवालय पार्क बनाए जाने का कोई प्रस्ताव तैयार नहीं किया जा रहा है।

# अवैध प्राइवेट बस अड्डे संचालित भूसे की तरह सवारियां बैठने पर मजबूर

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**हसनगंज उन्नाव।** मुख्यमंत्री के सख्त दिशा निर्देशों का पालन परिवहन विभाग और पुलिस विभाग कितनी जिम्मेदारी के साथ करता है इसका उदाहरण मियागंज चौराहे पर देखने को मिल रहा है जहां गैर प्रांतों के लिए प्राइवेट बसों के आठ अड्डे संचालित हो रहे हैं। इन बसों में छमता से अधिक सवारियों को बिठाया जाता है। और उनसे मनमाना किराया तो वसूला ही जाता है साथ ही सीटों के बीच में लकड़ी की बेंच डाल कर सवारियां बिठाई जाती हैं। जिसका विरोध करने पर यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार किया है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार आंख बंद कर खुलेआम छूट दे रखी है।

आसीवन थाना क्षेत्र में मियागंज चौराहे पर बांगरमऊ मार्ग लखनऊ मार्ग संडीला मार्ग पर आठ अवैध प्राइवेट बस अड्डे संचालित हो रहे हैं। जोकि मियागंज चौराहे से सवारियां बिठा कर चंडीगढ़, लुधियाना, पंजाब तक जाती है जिससे राजस्व की हानि तो होती ही है साथ ही इन प्राइवेट बसों में छमता से दोगुनी सवारियां भरी जाती हैं जबकि मुख्यमंत्री का सख्त निर्देश है कि कहीं भी प्राइवेट बस टैम्पो अड्डे संचालित नहीं होगें और ऐसा करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी लेकिन मियागंज चौराहे पर मुख्यमंत्री का आदेश बेअसर है। यहां सड़क किनारे खुलेआम अवैध अड्डे संचालित हो रहे हैं। जिसकी जानकारी परिवहन विभाग और पुलिस विभाग को भी है लेकिन क्या कारण है कि वह इन पर कार्रवाई नहीं करते हैं।

# सैकड़ों वाहनों व हजारों भक्तो व झांकियों के साथ नर सेवा नारायण सेवा ने निकाली श्री गणेश विसर्जन यात्रा



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**उन्नाव।** आज नर सेवा नारायण सेवा, हिन्दू जागरण मंच द्वारा श्री गणेश चतुर्थी पर स्थापित लोक नगर के महराजा श्री गणेश जी की विशाल विसर्जन यात्रा सैकड़ों वाहनों, हजारों भक्तो व झांकियों के साथ पूरी भव्यता से निकाली गयी।

संस्था के संस्थापक व हिन्दू वादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने बताया कि गत माह 27 सितम्बर को श्री गणेश चतुर्थी लोक नगर मे हिन्दू जागरण मंच के सह संयोजक राकेश राजपूत के आवास पर श्री गणेश जी की स्थापना की गई। जिसका विसर्जन आज पूरी भव्यता व हजारों भक्तो व झांकियों के साथ किया गया। विसर्जन से पूर्व 151 कन्याओं का कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया गया व पूर्व संध्या पर विशाल जागरण का आयोजन किया गया था। विसर्जन यात्रा लोक नगर चौधरी खजान सिंह महाविद्यालय के पास से गंगा बैराज तक निकाली गयी जिसमे राधा कृष्ण व भोले नाथ की झांकियां रही मुख्य आकर्षण का केंद्र। यात्रा का शुभारम्भ नर सेवा नारायण सेवा के संस्थापक विमल द्विवेदी व प्रदेश अध्यक्ष अनीता विमल द्विवेदी व कार्यक्रम का संयोजन हिन्दू जागरण मंच के सह संयोजक राकेश राजपूत व हिन्दू जागरण मंच की वीरांगना वाहिनी अध्यक्ष ज्योति राजपूत ने किया।

यात्रा में प्रमुख रूप से हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, अभिषेक तिवारी, एके दीक्षित, कमलेश बाजपेई, योगेंद्र तिवारी, शिवसेवक त्रिपाठी, सुनील भदोरिया, अखिल मिश्रा, अभी तिवारी, मनीष मिश्रा, सुरेश राजपूत, धर्मेंद्र शुक्ला, आलोक शुक्ला, परिमल मिश्रा, राजेंद्र राजपूत, दीपा त्रिपाठी, पवित्रा उपाध्याय, बड़ी संख्या महिलाओं सहित हजारों भक्त शामिल हुए।

# युवती ने बलात्कार करने वाले 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कानपुर।** बिधनू में एक महिला द्वारा रची गई साजिश में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने पांच नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। हमीरपुर की रहने वाली पीड़िता की शादी इसी साल जनवरी में हुई थी। पति से विवाद का मामला कोर्ट में चल रहा है। उसकी कोर्ट में आते जाते बिधनू की एक महिला से दोस्ती हो गई। 8 जुलाई को महिला ने युवती को अपने घर बुलाया। खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती को बेहोश कर दिया गया।

आरोप है कि महिला के घर में पहले से मौजूद सजेती के धिरिजापुर निवासी जोगेंद्र यादव, अफजलपुर के अशोक यादव, हमीरपुर के योगेंद्र सचान और तीन अज्ञात लोगों ने युवती से सामूहिक दुष्कर्म किया। महिला और उसकी बहन ने इस दौरान वीडियो बनाकर व्हाट्सएप पर वायरल कर दिया।

17 जुलाई को महिला ने फिर युवती को बुलाया। वीडियो डिलीट करने के बदले दो लाख रुपये की मांग की। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने 30 जुलाई को डीसीपी साउथ के कार्यालय में शिकायत की।

बिधनू थाना प्रभारी के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

## एक नजर

### करेंट की चपेट में युवक की हुई मौत

**नवाबगंज उन्नाव।** अजगैन कोतवाली के मलाव गांव में बीती रात करेंट से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। मलाव गांव निवासी विनीत दीक्षित पुत्र स्व हरिशंकर दीक्षित 35 वर्ष का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व हुआ था। जिसके दो वर्ष की लड़की है। विनीत की पत्नी रक्षा बंधन को अपने मायके गई थी। माता लक्ष्मी लखनऊ अपनी बेटी के घर गई थी। विनीत घर पर अकेले रह रहा था। बीती रात वह घूम फिर कर घर आया था। सुबह देर तक न निकलने और दरवाजा खुला होने से पास पड़ोस के लोग अंदर गये। तो देखा विनीत रसोई के अंदर मृत पड़ा था। और हांथ पंखे से चिपका था। पास ही थाली में आटा सना हुआ रखा था। लोगो ने इसकी सूचना मृतक के ससुराली जनों को दिया। पत्नी और मां के पहुंचते ही कोहराम मच गया। मां लक्ष्मी ने सूचना पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### महिला का शव झील स्थिति नर्सरी में मिला

**पुरवा उन्नाव।** ग्राम लंगर पुर बड़ईला बकनई झील स्थित नर्सरी में 32 वर्षीया अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। जहां कोतवाली पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम लंगर पुर निवासी लक्ष्य रावत पुत्र राम प्रसाद के मुताबिक वह स्थानीय बड़ैला बकनई झील का ठेकेदार है। जिसमें वह मछली पालन का कार्य करता है। वहीं बुधवार की दोपहर कालूखेड़ा के राकेश व मोती खेड़ा के बृजपाल जलकुंभी की सफाई का काम कर रहे थे। जिसमें एक 32 वर्षीया अज्ञात महिला का कई दिन पुराना शव दिखाई दिया।

# साइबर अपराधों की रोकथाम हेतू पुलिस द्वारा वीरेन्द्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर मगरवारा में कार्यशाला का किया आयोजन

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**उन्नाव।** आज पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के कुशल निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के कुशल पर्यवेक्षण में दीपक यादव सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर की साइबर थाना टीम द्वारा डॉक्टर वीरेन्द्र स्वरुप एजुकेशन सेंटर मगरवारा जनपद उन्नाव में डिजिटल अरेस्टिंग साइबर क्राइम, डिजिटल वारियर्स, साइबर सुरक्षा एवं आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित अपराधों के संदर्भ में कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में दीपक यादव सहायक पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर महोदय व साइबर क्राइम थाना की टीम द्वारा साइबर क्राइम में किस प्रकार से लोग शिकार बनते हैं,साइबर क्राइम से बचने के उपाय, साइबर क्राइम हो जाने पर तत्काल किये जाने वाले उपाय, साइबर क्राइम से सम्बन्धित हेल्पलाइन नम्बर व वेबसाइट, सोशल मीडिया पर किस प्रकार से अपराधी शिकार बनाते हैं, सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियां, सोशल मीडिया पर साइबर क्राइम का शिकार हो जाने पर तत्काल किये जाने वाले उपाय के संदर्भ में विस्तृत जानकारी सभी छात्र-छात्राओं को दी गई।

इसके साथ ही पुलिस प्रशासन से सम्बन्धित हेल्पलाइन नम्बर की जानकारी, किसी भी प्रकार की फेक न्यूज व्हाट्सएप या सोशल मीडिया से प्राप्त होने पर कैसे रिपोर्ट करें व कैसे फैक्ट चेक करने हेतु प्रशासन के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विवरण साझा करें, इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संपूर्ण प्रदेश में फेक न्यूज से बचाव एवं जागरुकता हेतु डिजिटल वारियर बनाने का कैम्पेन चलाया जा रहा है। जिसकी पूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई एवं अवगत कराया गया कि जो भी छात्र-छात्राएं डिजिटल वारियर बनने के इच्छुक हों वो साइबर टीम को शपथ पत्र दे सकते हैं, मोबाइल फोन इस्तेमाल करते समय क्या-क्या सावधानियां बरती जाये जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई व छात्रों द्वारा साइबर के सम्बन्ध में पूछे जाने वाले सवालों को सहजता से समझ कर उनके जवाब दिये गये। कॉलेज के स्टाफ को भी साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। छात्र-छात्राओं को सतर्कता और जागरूकता के महत्व पर जोर दिया गया।

# छत से घुसे चोरों ने किया नगदी समेत लाखों का माल पार

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**कानपुर।** घाटमपुर के साढ़ क्षेत्र के हिरनी गांव में छत के रास्ते से घुसे चोर घर से 35 हजार की नगदी समेत लाखों के कीमत के जेवरात चोरी कर ले गए है। चोर सामान से भरे बक्शे को घर से दो सौ मीटर दूर उठाकर ले गए, इसके बाद समान लेकर भाग निकले। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ चोरों की तलाश शुरू की है।

साढ़ थाना क्षेत्र के हिरनी गांव निवासी श्याम सिंह चोकर की दुकान चलाकर घर का भरण पोषण करते है। घर पर पत्नी नीलम सिंह और उनका बेटा रोशन सिंह, दो बेटियां रोशनी, कृष्णा है। परिवार बरामदे में सो रहा था, कमरे में उनका बेटा रोशन सिंह सो रहा था। देर रात घर में छत के रास्ते से घुसे चोरों ने कमरे अंदर रखे बक्शे का ताला तोड़कर उसमें रखे 35 हजार रुपए की नगदी समेत दो जोड़ी पायल, टॉप्स, मंगलसूत्र, तोड़िया, अंगूठी, समेत अन्य जेवरात चोरी कर ले गए है।

चोर घर के सामने लगभग दो सौ मीटर दूरी पर स्थित तालाब के पास बक्शा छोड़कर भाग निकले है। ग्रामीणों ने बक्शे में कागजात पड़े देखे तो परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिजनो को घर में चोरी होने की जानकारी हुई। परिजनो ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ परिजनो से घटना की जानकारी जुटाई है। साढ़ थाना प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी, घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। चोरी की घटना के बाद मौके पर पहुंची साढ़ पुलिस ने परिजनो से घटना की जानकारी जुटाई तो सामने आया कि परिजन घर के आंगन में बने बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। इसके बावजूद चोर बरामदे के पास बने कमरे में पहुंचे और बक्शे को उठाकर बाहर लेकर आए। पुलिस को प्राथमिक जांच में घटना संदिग्ध लग रही है। पुलिस घटना की गहनता से जांच पड़ताल कर रही है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर फिर हुआ भीषण हादसा

## ट्रक व कार की भिड़ंत में कारोबारी दोस्तों समेत तीन की मौत

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आगे दिन हो रहे भीषण हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार बीर हुए भीषण हादसे में तीन की मौत हो गई है। बुधवार तड़के करीब दो बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ब्रेजा कार कैंटीन कट के पास हरियाणा नंबर के ट्रक से टकरा गई। भीषण टक्कर में कार सवार दो कारोबारी दोस्तों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन कार पूरी तरह पिचक जाने से शव निकालना संभव नहीं हो पाया। करीब दो घंटे की मशक्कत और क्रेन की मदद से शवों को बाहर निकाला जा सका। हादसा शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के 60.1 किलोमीटर



पॉइंट पर तड़के साढ़े तीन बजे हुआ। जानकारी के अनुसार कार सवार तीनों लोग आजमगढ़ से लखनऊ लौट रहे थे। रास्ते में कैंटीन कट पर चाय पीने के लिए कार मोड़ रहे थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक से कार साइड से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार आधी पिचक कर ट्रक के नीचे घुस गई। एयरबैग खुलने के बावजूद किसी की जान नहीं बच पाई। हादसे में कानपुर के बर्रा निवासी अर्पित विश्वकर्मा (32), विनय दुबे (32) और लखनऊ पराग डेयरी निवासी विमल पांडेय (40) की मौत हो गई। विनय दुबे एक कंपनी चलाते थे, जो विभिन्न शहरों में प्रदर्शनियों के लिए कैनोपी और साइड वॉल लगाने का ठेका लेती थी। विमल पांडे उनके बिजनेस पार्टनर और पुराने दोस्त थे। दोनों आजमगढ़ में एक प्रदर्शनी साइट का निरीक्षण करने गए थे। मंगलवार रात लौटते समय उनके साथ ड्राइवर अर्पित भी था, जो हादसे का शिकार हो गया। पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि विनय दुबे तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। उनकी शादी 2010 में हुई थी। पिता रामकिशोर दुबे, मां शकुंतला, पत्नी आकांक्षा और आठ साल का बेटा सूर्यांश इस हादसे के बाद गहरे सदमे में हैं। बड़े भाई अजय और छोटे भाई अभय भी कारोबार से जुड़े हैं। विमल पांडे का बेटा हर्षित (20) भी पिता का शव लेने कानपुर से अमेठी पहुंचा। व्यवसाय के साथ विनय दुबे सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों से भी जुड़े थे। वे कानपुर स्थित गायत्री मंदिर संस्थान के उपाध्यक्ष थे। उनके निधन की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और अमेठी सांसद स्मृति ईरानी ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। क्षतिग्रस्त कार और ट्रक को क्रेन से हटाकर यातायात सामान्य कराया गया है।

# घायल हिस्ट्रीशीटर की इलाज के दौरान मौत

**एक दिन पहले पड़ोसी के घर पर फेंका था हथगोला**

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** कमरौली थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर कठौरा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार हिस्ट्रीशीटर गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के दादरा गांव निवासी दीपक सिंह के रूप में हुई है। वह कमरौली इलाके में सक्रिय हिस्ट्रीशीटर था और उस पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। हादसे के समय उसकी बाइक की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक बताई जा रही है। इलाज के दौरान तोड़ा दम स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल दीपक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमरौली भेजा। डॉक्टरों ने उसकी नाजुक हालत देखते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक मृतक दीपक सिंह ने सोमवार को अपने ही गांव दादरा में पड़ोसी के घर पर हथगोला फेंका था। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया था। हालांकि बाद



में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया और पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर विवाद को खत्म कर दिया। थाना कमरौली और मुसाफिरखाना पुलिस के अनुसार दीपक सिंह क्षेत्र का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था। उस पर हत्या के प्रयास, मारपीट, धमकी, अवैध असलहे रखने और गैंगेस्टर एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। उसकी दबंगई के कारण क्षेत्र में लोग भयभीत रहते थे। कमरौली थाना अध्यक्ष ने बताया कि मृतक हिस्ट्रीशीटर था और उस पर कई गंभीर मामले दर्ज थे। हादसे की जानकारी परिजनों को दे दी गई है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। दीपक की मौत की खबर से दादरा गांव और आसपास के क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उसके आपराधिक कृत्यों से लोग लंबे समय से परेशान थे।

## एक नजर

### 35 प्राथमिक स्कूलों में भरा पानी, छात्रों को आने-जाने में परेशानी



**अमेठी।** जिले में पिछले पांच दिनों से हो रही लगातार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। जिले के करीब 35 प्राथमिक विद्यालयों में पानी भर गया है। इससे छात्रों को स्कूल पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कक्षा पांच के छात्र अभिषेक ने बताया कि पिछले तीन दिनों से स्कूल में पानी भरा हुआ है। उन्हें पानी से होकर स्कूल तक पहुंचना पड़ता है। कई छात्रों ने बताया कि पानी की वजह से डर लगता है, लेकिन पढ़ाई के लिए स्कूल आना जरूरी है। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के अनुसार, अधिक बारिश के कारण विद्यालयों के खेल मैदान और खाली जगहों में पानी जमा हो गया है। उन्होंने बताया कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित नहीं हो रही है। प्रशासन जल्द ही प्रभावित विद्यालयों से पानी की निकासी की व्यवस्था कर रहा है। बारिश का असर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखा जा रहा है। स्थानीय प्रशासन स्थिति को नियंत्रित करने के लिए कार्य कर रहा है।

### 9 से 13 सितम्बर तक प्रशिक्षु लेखपालों की होगी अर्हकारी परीक्षा : अपर जिलाधिकारी

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि राजस्व परिषद द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित किए गए लेखपालों की दिनांक 09 .09 .2024 से चल रहे प्रशिक्षण सत्र की अर्हकारी परीक्षा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके क्रम में उन्होंने बताया कि जनपद अमेठी में प्रशिक्षु लेखपालों की परीक्षा 9 से 13 सितंबर के मध्य कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर को नियम एवं कर्तव्य विषय के लिए प्रातः 8 से 11 तक, नियोजन एवं विकास विषय के लिए सांय 2 से 5 : तक, 10 सितंबर को कागजात तैयारी विषय के लिए प्रातः 8 बजे से 11 तक, अधिनियम व प्रक्रिया विषय के लिए सांय 2 से 5 तक, 11 सितंबर को क्षेत्रमिति व अंकगणित विषय के लिए 8 से 11 तक, भूचित्र कार्य के लिए 2 से 5 तक, 12 सितंबर को सर्वेक्षण विषय के लिए प्रातः 8 बजे से तथा 13 सितंबर को सदाचार एवं व्यवहार विषय की परीक्षा प्रातः 8 बजे से कराई जाएगी। इसके लिए उन्होंने सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित/नियुक्त किए गए प्रशिक्षु लेखपालों को निर्देश दिए हैं कि राजस्व परिषद द्वारा निर्धारित उपरोक्त समय सारणी के अनुसार 9 सितंबर 2025 से प्रारंभ हो रही परीक्षा में समय से उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### रंजिश में रिंच मारकर युवक का सिर फोड़ा

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के पास बुधवार शाम पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान एक युवक ने रिंच से हमला कर दूसरे युवक का सिर फोड़ दिया। रानीपुर गांव निवासी जालिम सिंह ने बताया कि वह मुबारकपुर चौराहे के निकट खड़ा था। तभी गांव के ही एक युवक ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर रिंच से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिए। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

# प्रधानमंत्री ने किया था उद्घाटन, डीएम ने दिलाया नागरिकों को परिणाम

## दरारों से अटका था रास्ता, डीएम हर्षिता माथुर के निर्देश से राह हुई शुरू, राहगीरों वाहनों के लिए सफर हुआ आसान

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** राष्ट्रीय राजमार्ग-232 पर स्थित लालगंज रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) को छह वर्षों की लापरवाही और तकनीकी खामियों के बाद अंततः आमजन के लिए खोल दिया गया है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि 3 सितंबर, 2025 की मध्यरात्रि से इस आरओबी को यातायात हेतु पुनः चालू कर दिया गया है। यह वही महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका लोकार्पण दिसंबर 2018 में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रायबरेली दौरे के दौरान किया था। लेकिन उद्घाटन के महज छह माह के भीतर इस ब्रिज में दरारें आ गईं और इसे सुरक्षा कारणों से बंद कर दिया गया। इसके बाद वर्षों तक मरम्मत, गैडरिंग और फेब्रिकेशन का कार्य कछुआ गति से चलता रहा। एनएचएआई और रेलवे विभाग की आपसी खींचतान, तकनीकी उदासीनता

» लालगंज बाईपास 6 वर्षों बाद आमजन के लिए हुआ बहाल

» जाम, धूल और परेशानी की राह अब खत्म, नागरिकों को मिली बड़ी राहत



और ठेकेदारों की कार्यप्रणाली के चलते यह आरओबी पूरे छह साल तक जनता के लिए यातनाग्रस्त प्रतीक बना रहा।

यह ब्रिज रायबरेली-बांदा मार्ग के फायर ब्रिगेड स्टेशन से शुरू होकर सिमरपाहा गांव के पास निकलने वाले बाईपास का हिस्सा है, जो पूरे लालगंज क्षेत्र को ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से राहत देने वाला था। लेकिन इसके बंद हो जाने से प्रतिदिन करीब 15,000 से अधिक वाहनों, भारी ट्रकों और आम नागरिकों को नगर के भीतर से होकर गुजरना पड़ता था, जिससे यातायात जाम, धूल-मिट्टी, सड़क दुर्घटनाओं और पर्यावरणीय संकट जैसी समस्याएं चरम पर थीं। क्षेत्रीय नागरिकों की लगातार मांग और जनप्रतिनिधियों के ज्ञापनों के बावजूद वर्षों तक यह मार्ग चालू नहीं हो सका। अंततः जब जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इस गंभीर जनहित के विषय को प्राथमिकता में लिया, तो उन्होंने अपने लगभग दो वर्षों के कार्यकाल में कई बार मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, एनएचएआई और रेलवे के अधिकारियों को बार-बार बुलाकर निर्माण कार्यों की समीक्षा की और आरओबी को शीघ्र चालू करने के सख्त निर्देश दिए। उनके अथक प्रयासों और प्रशासनिक सक्रियता का ही परिणाम है कि यह मार्ग अब पुनः चालू हो गया है। डीएम ने जानकारी दी है कि ओवरब्रिज का शेष फिनिशिंग कार्य भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब नागरिकों को राहत मिलेगी और भारी वाहन भी बाईपास मार्ग से सुरक्षित रूप से गुजर सकेंगे। लंबे समय से इस रूट पर जाम से त्रस्त लालगंज के व्यापारियों, विद्यार्थियों, मरीजों और राहगीरों के लिए यह एक बड़ी सौगात है। कर्मठ, जुझारू और ईमानदार डीएम हर्षिता माथुर की मेहनत रंग लाई, जिस पर नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने डीएम हर्षिता माथुर के इस जनहितकारी निर्णय और सक्रिय प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें साधुवाद दिया है।

# जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में गर्भवती महिलाओं को मिली सौगात

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** जगदीशपुर ट्रामा सेंटर में बुधवार को गर्भवती महिलाओं के लिए बड़ी सुविधा की शुरुआत हुई। यहां नए अल्ट्रासाउंड कक्ष का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी ने किया। अब गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड जांच उपलब्ध कराई जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. संजय कुमार ने बताया कि इस सेवा से मातृत्व स्वास्थ्य को और मजबूती मिलेगी। समय पर जांच और इलाज मिलने से गर्भवती महिलाओं को काफी राहत मिलेगी।

खासतौर पर गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगी।स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि मुफ्त अल्ट्रासाउंड से प्रसव पूर्व देखभाल



» अल्ट्रासाउंड की मुफ्त सुविधा शुरू, विधायक ने किया उद्घाटन

में सुधार होगा और गर्भावस्था की जटिलताओं को समय रहते पहचाना जा सकेगा। चिकित्सा विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम क्षेत्र में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

### ऐहार गांव में 6 सितंबर को जल विहार, जवाबी कीर्तन

**लालगंज, रायबरेली।** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर ऐहार गांव में आगामी 6 सितंबर शनिवार को 61वां जलविहार और जवाबी कीर्तन का भव्य आयोजन होगा। माली जलविहार कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे प्रख्यात आल्हा गायक जयशंकर त्रिवेदी के आल्हा गायन से होगी। इसके बाद भगवान श्रीकृष्ण और बलराम की आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। यह झांकी दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

शाम सात बजे से मध्यप्रदेश के भिंड की सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना दुबे और प्रयागराज के रंजीत राज के बीच विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन होगा। समिति के अनुसार यह आयोजन 60 वर्षों से धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को जीवित रखे हुए है। इस बार भी क्षेत्र के हजारों लोग इसमें शामिल होंगे।

# जिलेभर में मनाया गया 'हमारा विद्यालय – हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम

## 1325 विद्यालयों में गूंजा स्वाभिमान का उद्घोष, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने साझा किया संकल्प

» 2304 में से 1325 विद्यालयों में हुआ आयोजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बढ़ाई शोभा

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** जिले में बुधवार को 'हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम बेहद उत्साह और गर्व के वातावरण में मनाया गया। भारी बारिश के कारण दो दिन विलंब से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जिले के 2304 विद्यालयों में से 1325 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। परिषदीय और निजी दोनों तरह के विद्यालयों में कार्यक्रम को शिक्षकों, छात्रों और अभिभावकों के साथ मिलकर भव्य रूप से संपन्न किया गया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन में शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों की भागीदारी ने शिक्षा के प्रति समाज की जागरूकता को दर्शाया। कार्यक्रम संयोजक एवं जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है, बल्कि यह हमारे स्वाभिमान, सम्मान और सामाजिक पहचान का प्रतीक भी है। इसी विचार के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ और जिले के शिक्षकों द्वारा 'हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम को परिषदीय से लेकर निजी विद्यालयों तक व्यापक स्तर पर आयोजित किया गया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में कुल 2304 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से 1325 विद्यालयों में यह कार्यक्रम पूरे उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग छह हजार शिक्षकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई, वहीं करीब डेढ़ लाख विद्यार्थियों और 16 हजार अभिभावकों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर



विद्यालयों के प्रति अपना भावनात्मक जुड़ाव दर्शाया। सभी प्रतिभागियों ने मिलकर विद्यालय की गरिमा, स्वाभिमान, शिक्षा और संस्कार के मूल्यों को आत्मसात करने हेतु पांच संकल्पों की प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य अभिभावकों की भागीदारी को बढ़ावा देना था, जिसमें उनकी सक्रिय उपस्थिति इस अभियान की सफलता को दर्शाती है। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महामंत्री संजय कनौजिया ने बताया कि 'हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान' कार्यक्रम अखिल भारतीय स्तर पर एक सितंबर को आयोजित किया गया। रायबरेली में यह आयोजन भारी वर्षा के कारण दो दिन पश्चात आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि गोहन्ना, हिलगी, हरदासपुर सहित जिले के कई विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत, कविता, नाटक आदि के माध्यम से कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग में रंगा गया। संगठन मंत्री मधुकर सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं होता, बल्कि वह चरित्र, संस्कार और राष्ट्र निर्माण की नींव रखता है। विद्यालय शिक्षक के लिए केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक तीर्थ है, जहां से प्रेरणा, अनुशासन और सामाजिक चेतना का विकास होता है। यह दिन शिक्षकों के लिए गौरव का प्रतीक है, जब वे समाज के समक्ष अपने विद्यालय की संस्कृति, गरिमा और उद्देश्य को प्रदर्शित करते हैं। अमावां ब्लॉक में कार्यक्रम की संयोजिका एवं जिला मंत्री शशि देवी ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय में बैनर के माध्यम से पांच प्रतिज्ञाएं लिखी गईं, जिन्हें विद्यार्थियों और अभिभावकों के समक्ष पढ़ा गया।

# पशु चिकित्सा एंबुलेंस सेवा लागू, ग्रामीण पशुपालकों के लिए बनेगी संजीवनी : विधायक राहुल लोधी

## हरचंदपुर विधायक राहुल लोधी के प्रयासों से खीरों ब्लॉक को मिला पशु चिकित्सा एंबुलेंस वाहन

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**हरचंदपुर, रायबरेली।** हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र के पशुपालकों के लिए राहत भरी और अच्छी खबर है।वर्षों से लंबित मांग आखिरकार पूरी हो गई है। इंसान के लिए ही नहीं बल्कि अब घायल या बीमार पशुओं के इलाज के लिए क्षेत्रीय विधायक राहुल लोधी के अथक प्रयासों से खीरों ब्लॉक को पशु चिकित्सा एंबुलेंस सेवा की सौगात मिल गई है।

विधायक के श्रेय से इस सुविधा के लागू होने से ग्रामीणों को इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। स्थानीय पशुपालकों ने लंबे समय से इस समस्या को लेकर विधायक से शिकायत की थी कि क्षेत्र में किसी भी पशु के बीमार या

» अब घायल व बीमार पशुओं को मिलेगा त्वरित उपचार का

» लाभ, पशुपालकों को मिली बड़ी राहत

घायल होने पर तत्काल इलाज की सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिससे पशुओं की जान जोखिम में पड़ती थी। इस जनसमस्या की गंभीर समस्या को देखते हुए विधायक राहुल लोधी ने हाल ही में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से भेंट की और खीरों ब्लॉक में एंबुलेंस सेवा प्रारंभ कराने हेतु एक औपचारिक ज्ञापन सौंपा। विभाग ने इस मांग को स्वीकृति



देते हुए पशु चिकित्सा वाहन (UP 32 EG 3705) खीरों ब्लॉक के पशु चिकित्सालय को आवंटित कर दिया है। यह सेवा क्षेत्र के पशुपालकों के लिए राहत की सांस लेकर आई है, जिससे अब पशुओं का समय पर उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। विधायक राहुल लोधी ने इस सुविधा के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित पशुपालन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सेवा क्षेत्र के ग्रामीण पशुपालकों के लिए संजीवनी साबित होगी। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं और आश्वासन दिया कि जनहित से जुड़ी हर सुविधा को क्षेत्र में उपलब्ध कराने के लिए वह लगातार प्रयासरत रहेंगे। यह सुविधा न सिर्फ पशु कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में भी सहायक सिद्ध होगी।

# पार्टी में संगठन व जिम्मेदारी सर्वोपरि : जिला अध्यक्ष

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**अमेठी।** बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित कांग्रेस कार्यालय के राजीव गांधी सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने की। इसमें सभी ब्लॉक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि पार्टी में संगठन और जिम्मेदारी सर्वोपरि है। उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को नसीहत देते हुए कहा कि हर कांग्रेसजन अपने आसपास की जनता के सुख-दुःख से सीधा जुड़ा रहे और उनकी समस्याओं को सांसद कार्यालय तक पहुँचाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरते। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओं की सक्रियता है और जनता की आवाज़ बनना ही





कांग्रेस कार्यकर्ता की पहली जिम्मेदारी है।

श्री सिंघल ने बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मज़बूत बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि "आज जब भाजपा लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रही है, तब कांग्रेस कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे बूथ-बूथ तक पहुँचें और जनता से सीधे संवाद करें।" उन्होंने विशेष रूप से ध्यान दिलाया कि मतदाता सूची पर भी नज़र रखें और बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) के साथ समन्वय स्थापित करें ताकि एक भी मतदाता, सूची से वंचित न रहे। बैठक में आगामी जनसंपर्क अभियान, सदस्यता विस्तार और संगठनात्मक कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कार्यकर्ता गांव-गांव तक कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को पहुँचाने के लिए सक्रिय रहेंगे।

### बैठक का संचालन शत्रुहन सिंह ने किया

कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय राज नारायण यादव की दिवंगत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में प्रवक्ता अनिल सिंह, तुलसीराम पासी, गोपी चंद्र बाजपेई, अजहरुल हक, रामदत्त यादव, शकील इदरिशी, सर्वेश सिंह, अकमल, मतीन, जगन्नाथ यादव, वीरेंद्र मिश्र, किरन देवी, महिला अध्यक्ष ममता पाण्डेय व युका अध्यक्ष शुभम सिंह, सेवा दल अध्यक्ष रामबरन कश्यप ने सम्बोधित किया वीरेंद्र सिंह राजा, सीमाभारती, कुलवंत सिंह, आशिफ छोटू अवनीश मिश्र, राछस अध्यक्ष सुमित तिवारी, सुरेश श्रीवास्तव, श्रद्धा सिंह, सौरभ मिश्र, विधानसभा प्रभारी, ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का 32वां स्थापना दिवस पर भव्य सम्मान समारोह आयोजन

# सैकड़ों गणमान्य नागरिक हुए सम्मानित, स्वदेशी और एक राष्ट्र-एक चुनाव पर लिया संकल्प

» व्यापारियों के स्वाभिमान और संघर्ष की 32 वर्ष की यात्रा का उत्सव

**विश्ववार्ता संवाददाता**

**रायबरेली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल और उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल का 32वां स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह बुधवार को शहर के होटल गणेश में अत्यंत भव्यता, उत्साह और आत्मगौरव के वातावरण में मनाया गया। समारोह में शहर और जिले के व्यापारियों, उद्यमियों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अमृता सिंह थीं, वहीं विशिष्ट







अतिथियों में नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, डिप्टी कमिश्नर शिखा गुप्ता, डिप्टी कमिश्नर परमहंस लाल श्रीवास्तव, सरेनी के पूर्व विधायक अशोक सिंह, खाद्य निरीक्षक शेफाली रस्तोगी, कंचन तिवारी और शहर कोतवाल राजेश सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता ने की, जबकि जिला अध्यक्ष प्रभाकर गुप्ता, जिला महामंत्री संदीप शुक्ला और कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत बैज और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया।

इस आयोजन ने न केवल व्यापारियों की संगठनात्मक शक्ति का प्रदर्शन किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि व्यापारी समाज अब केवल कारोबार तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाने को तैयार है। समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता ने कहा कि मंडल का 32 वर्षों का संघर्ष अब परिणाम देने लगा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल का स्पष्ट संकल्प था कि व्यापारी समाज को जो सम्मान और सुरक्षा दशकों से नहीं मिली, उसे दिलाना ही हमारा उद्देश्य है। आज प्रदेश सरकार द्वारा 29 जून को भामाशाह जयंती के अवसर पर 'व्यापारी कल्याण दिवस' घोषित किया जाना इस संकल्प की जीत है। श्री गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर के सभी जिलों में एक साथ मंडल का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया और व्यापारियों को दो महत्वपूर्ण संकल्प दिलाए गए-पहला, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कदम बढ़ाना, और दूसरा, 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' की अवधारणा को समर्थन देना जिससे देश की संसाधन और समय की बचत हो सके।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष केके गुप्ता ने मंच संचालन करते हुए कार्यक्रम को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण में 'जमुना प्रसाद गुप्ता स्मृति सम्मान' का आयोजन रहा, जिसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इनमें मासूमीन फाउंडेशन से ताहिर नकवी, डॉ. संजय रस्तोगी, डॉ. मनीष त्रिवेदी, डॉ. बरखा भारती, इंजीनियर राकेश बाजपेई, विकास सिंह, गुलाम अहमद सिद्दीकी, आलोक श्रीवास्तव, तारीख खान, राम पांडेय, अनुभव श्याम श्रीवास्तव, धीरज सिंह चौहान, अमन, विवेक मिश्रा, उमाशंकर त्रिवेदी, प्रदीप पांडे, भगवान दीन यादव, जितेंद्र सिंह, राजेश मिश्रा, राजेश पांडे, अनमोल मोदनवाल, आकाश बारी, पहमऊ से गंगाचरण पाल, बछरावां से सौरमंडल शुक्ला, महाराजगंज से विनोद कुमार वैश्य, सलोन से कंचन साहू, मुंशीगंज से मनीष त्रिपाठी, गिन्नी लाल मोदनवाल, मुरई के बाद से बृजेश कुमार, घनश्याम जायसवाल, ऊंचाहार से राम प्रकाश साहू, नसीराबाद से मोहम्मद शकील राइनी और जमुनापुर से शिवा शुक्ला प्रमुख रहे।

### अमेठी की नहरों में फिर बंद करना पड़ा पानी

**अमेठी।** अधिशासी अभियंता, शारदा सहायक खंड-41 मनीष रंजन ने जनपद के सभी कृषकों को सूचित किया है कि शारदा बैराज का डिस्चार्ज 1,60,000 क्यूसेक से अधिक हो जाने के कारण नहर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शारदा बैराज की रेगुलेशन मैनुअल के अनुसार नहरों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 02 सितम्बर 2025 की प्रातः 8:00 बजे से शारदा सहायक पोषक नहर को शीर्ष से बंद कर दिया गया है। इसके फलस्वरूप आगामी दिवसों में जनपद अमेठी की नहरों में पानी का संचालन बंद रहेगा। सिंचाई विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि नहर संचालन से संबंधित अगली सूचना पृथक से जारी की जाएगी। कृषक भाई अपनी सिंचाई संबंधी शिकायतों और मांगों के लिए सिंचाई विभाग के टोल फ्री नंबर 1800-180-55450 पर संपर्क कर सकते हैं।

## एक नजर

### जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा नंबर-1 वनडे ऑलराउंडर

जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा नंबर–1 वनडे ऑलराउंडर बन गए हैं। बुधवार को जारी ICC रैंकिंग में रजा ने अफगानी ऑलराउंडर अजमतुल्लाह ओमरजई को पीछे छोड़ा। रजा ने करियर की बेस्ट रेटिंग हासिल की। उनके अब 302 रेटिंग पॉइंट्स हों गए हैं। टीम रैंकिंग की बात की जाए तो भारत वनडे और टी–20 में पहले नंबर पर है। वहीं ऑस्ट्रेलिया टेस्ट में नंबर–1 पर है। बैटर्स की वनडे, टेस्ट और टी–20 के टॉप–10 रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बॉलर्स की टेस्ट रैंकिंग में न्यूजीलैंड के मैट हेनरी नंबर–3 पर आ गए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर बने हुए हैं। टी–20 बॉलर्स रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया

शारजाह में खेले गए ट्राई सीरीज टी–20 मैच में अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 18 रन से हराया। अपने देश में हाल ही में हुई त्रासदी के बीच यह जीत अफगान खिलाड़ियों के लिए बेहद खास रही। टीम की जीत में बल्लेबाज इब्राहिम जादरान और सिदीकुल्लाह अतल की 113 रन की साझेदारी और फिर स्पिन गेंदबाजों की घातक गेंदबाजी ने अहम भूमिका निभाई।

### कोहली ने लंदन में पास किया फिटनेस टेस्ट

विराट कोहली ने लंदन में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के अधिकारियों की निगरानी में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। कोहली ने BCCI से लंदन में फिटनेस टेस्ट देने की अनुमति मांगी थी। यह टेस्ट BCCI के फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच की देखरेख में हुआ। विराट से पहले 38 साल के रोहित शर्मा ने बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में फिटनेस टेस्ट पास किया था। उन्होंने यो–यो के साथ ब्रोंको टेस्ट भी पूरा किया था।

### इरफान पठान बोले-मेरी बॉलिंग की स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने अपनी बॉलिंग की स्ट्रेंथ पर कहा कि मेरा रोल बदल दिया गया था, मेरी बॉलिंग की स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई। पठान ने मंगलवार को एशिया कप से पहले सोनी स्पोर्ट्स के मीडिया–डे दौरान मीडिया से वर्चुअल बातचीत की। इस दौरान पठान ने अपने गेंदबाजी करियर और भूमिका को लेकर उठने वाले सवालों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, मेरी स्ट्रेंथ कभी कम नहीं हुई।

### साउथ अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता लीड्स वनडे

साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को पहले वनडे में 7 विकेट से हराकर सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली। लीड्स के हेडिंग्ले स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लिश टीम 131 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने 20 .5 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। हेडिंग्ल स्टेडियम में साउथ अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। इंग्लैंड ने तीसरे ओवर में ही बेन डकेट का विकेट गंवा दिया। वे 5 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें नांद्रे बर्गर ने कैच करा दिया। नंबर–3 पर उतरे जो रूट ने फिर जैमी स्मिथ के साथ टीम को 50 के करीब पहुंचा दिया। रूट 17 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें लुंगी एनगिडी ने विकेटकीपर रायन रिकेलटन के हाथों कैच करा दिया। कप्तान हैरी ब्रूक ने फिर स्मिथ के साथ टीम को 100 के करीब पहुंचा दिया। टीम ने 80 रन तक 2 ही विकेट गंवाए थे, लेकिन फिर ब्रूक 12 रन बनाकर रन आउट हो गए।

# हॉकी एशिया कप में भारत Vs कोरिया

## भारत ने ग्रुप स्टेज के सभी मैच जीते, कोरिया 2 मैच जीतकर सुपर–4 में पहुंची

एजेंसी

**नई दिल्ली।** हॉकी एशिया कप 2025 के सुपर-4 में भारत की भिड़ंत कोरिया से होगी। बिहार के राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मैच शाम 7:30 बजे से शुरू होगा। भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज में अपने तीनों मैच जीते। टीम ने चीन को 4-3 और जापान को 3-2 से हराया। भारत ने आखिरी ग्रुप मैच में एकतरफा अंदाज में कजाकिस्तान को 15-0 से हराकर जीत हासिल की। हॉकी एशिया कप में कोरिया की टीम इस बार अपने बेस्ट फॉर्म से दूर दिखी है। पूल मैच में मलेशिया ने कोरिया 4-1 से हरा दिया था। पूल-बी टीम 2 मैच जीतकर दूसरे स्थान पर रही। भारत की वर्ल्ड रैंकिंग साउथ कोरिया से कहीं बेहतर है। भारत 7 और कोरिया 15वें स्थान पर है। लेकिन कोरिया इस टूर्नामेंट को सबसे ज्यादा 5 बार जीतने वाली टीम है। 2022 का खिताब भी कोरिया के नाम रहा था।




भारत और कोरिया के बीच अब तक कुल 21 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से भारत ने 10 में जीत दर्ज की है, जबकि सिर्फ 2 में उसे हार मिली है। 9 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। पिछली बार एशिया कप में इन दोनों टीमों का मुकाबला 4-4 से बराबरी पर खत्म हुआ था।

कोरिया ने भारत के खिलाफ आखिरी जीत 2021 में सुल्तान अजलान शाह कप के फाइनल में शूटआउट के जरिए दर्ज की थी।

**दोनों टीमों के स्क्वॉड**

भारतः हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), गोलकीपरः कृष्ण पाठक, सूरज करकेरा, डिफेंडरः सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, मिडफील्डरः राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, फॉरवर्डः मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह

**रिजर्वः नीलम संजीव जेस, सेल्वम कार्थी।**

कोरियाः जुंगजुन ली (कप्तान), डी अंग (गोलकीपर), जिहुन यांग, चियोलियोन पार्क, जिनकांग रिम, डेन सोन, जोंगसुक बाए, सियोग ओह, जेवोन सिम, सुंगह्युन बाएक, सूंग मिन बाए, जाएहान किम, जियोनहो जिन, हियोनहोंग किम, सियुंगवू ली, मिन सू चियोन, यूनहू कोंग, येसियुंग ली।

**भारत ने चीन को हराया**

हॉकी एशिया कप 2025 में मेजबान भारत ने अपना पहला मैच जीत लिया है। बिहार के राजगीर में खेले गए पूल-ए के मुकाबले में भारत ने चीन को 4-3 से हराया। पढ़ें पूरी खबर...

भारतीय टीम एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट के सुपर-4 में प्रवेश कर गई है। भारत ने रविवार को जापान को 3-2 से हराया।

# जोकोविच US ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे



## जिमी कोनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की, अब अल्काराज से होगा सामना

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच US ओपन 2025 के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उन्होंने मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज को 6–3, 7–5, 3–6, 6–4 से हराया। यह उनका 14वां US ओपन सेमीफाइनल है। उन्होंने इस जीत के साथ जिमी कोनर्स के सबसे ज्यादा 14 बार US ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वहीं, स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने भी सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली है। जहां उनका सामना जोकोविच से होगा। जोकोविच का यह कुल 53वां ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है। फ्रिट्ज के खिलाफ उनका अब तक का रिकॉर्ड 11–0 का हो गया है। मैच के दौरान उन्होंने दर्शकों की ओर से शोरगुल पर नाराजगी जताई, लेकिन अपनी लय बनाए रखी। जीत के बाद जोकोविच ने अपनी बेटी तारा के आठवें जन्मदिन पर खास अंदाज में डांस किया। अब सेमीफाइनल में उनका सामना स्पेन के युवा स्टार अल्कराज से होगा।

## रियलमी 15टी 50मेगापिक्सल कैमरा के साथ भारत में मिलना शुरू हुआ



विश्ववार्ता संवाददाता

**नई दिल्ली।** भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने अपना नया स्मार्टफोन रियलमी 15टी लॉन्च किया है। यह 50 मेगापिक्सल के फ्रंट और 50 मेगापिक्सल के रियर एआई कैमरा सेटअप वाला अपने सेगमेंट का एकमात्र स्मार्टफोन है। इसके अलावा, रियलमी 15टी में 7.99मिमी की स्लीक बॉडी में 7000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी दी गई है, जो फ्लैगशिप ग्रेड की एमोलेड क्लैरिटी और एडवांस्ड ड्यूरेबिलिटी प्रदान करती है।

4000निट 4आर कम्फर्ट+ एमोलेड, मीडियाटेक डायमेंसिटी 6400 मैक्स 5जी प्रोसेसर, उद्योग में अग्रणी आईपी66/68/69 वॉटर रज़स्टिेंस और प्रो-ग्रेड के ड्युअल एआई कैमरा के साथ रियलमी 15टी ने अपने सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं।

**प्रीमियम और मिनिमलिस्ट डिज़ाईन**

रियलमी 15टी में नैनो-स्केल माईक्रोक्रिस्टेलाईन फिनिश के साथ टैक्सचर्ड मैट 4आर डिज़ाईन दिया गया है, जो प्रीमियम फील और फिंगरप्रिंट रज़स्टिेंस प्रदान करता है। इसकी थिकनेस केवल 7.99 मिमी है। 181 ग्राम का यह स्मार्टफोन भारत में जबरदस्त बैटरी के साथ मिलने वाले सबसे स्लिम और लाईटवेट स्मार्टफोंस में से एक है। ब्लेड-शेप का स्टीरियो सेंटर फ्रेम इसके स्लीक सिल्हुएट को और अधिक आकर्षक बना देता है। इसके फ्लोईंग सिल्वर वैरिएंट में कैमरा का उभारत केवल 1.44 मिमी है, जो अपने सेगमेंट में सबसे कम है। रियलमी 15टी प्रीमियम मिनिमलिज़्म के साथ सूट टाईटेनियम, सिल्क ब्लू और फ्लोईंग सिल्वर में उपलब्ध है।

**स्लिम बॉडी में जबरदस्त शक्ति वाली बैटरी**

रियलमी 15टी में 7000एमएएच की टाईटन बैटरी दी गई है। यह स्मार्टफोन शक्तिशाली बैटरी डिज़ाईन के साथ उद्योग का सबसे स्लिम स्मार्टफोन है। इसकी बैटरी पूरे दिन चलने के बाद भी आधी बची रहती है।

**एआई इमेजिंग के साथ 50 मेगापिक्सल का ड्युअल कैमरा**

रियलमी 15टी अपने सेगमेंट का एकमात्र स्मार्टफोन है, जिसके फ्रंट और रियर, दोनों में 50 मेगापिक्सल का कैमरा दिया गया है। यह दोनों तरफ से शार्प और स्थिर इमेजिंग प्रदान करता है। इसमें फ्लैगशिप लेवल के एआई फीचर्स जैसे एआई एडिट ज़ेनी, एआई स्नैप मोड, एआई लैंडस्केप, एआई ईरेज़र, और एआई

# स्काईस्कैनर ने सूर्यकुमार को भारत में अपना ब्रांड बनाया

## 47 प्रतिशत भारतीय लाईव मैच देखने के यात्रा करना पसंद करते हैं,

विश्ववार्ता संवाददाता

सूर्यकुमार यादव उर्फ 'स्काई' के साथ स्काईस्कैनर का यह सहयोग भारत में कंपनी की बढ़ती प्रासंगिकता और यात्रियों के साथ मजबूत संबंध बनाने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है।

भारत, 3 सितंबर, 2025ः अग्रणी ग्लोबल ट्रैवल ऐप, स्काईस्कैनर ने आज सूर्यकुमार यादव उर्फ 'स्काई' को भारत के लिए अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। अपने ऑल-राउंड खेल के लिए 'मि. 360' के रूप में मशहूर 'स्काई' स्काईस्कैनर के साथ साझेदारी में यात्रा में भी वही उत्साह पेश करेंगे और यात्रा के लिए अनुभवों की खोज करने को बढ़ावा देंगे। सूर्यकुमार आगामी एशिया कप में भारतीय टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जिनके साथ स्काईस्कैनर का यह ऐतिहासिक सहयोग उनके सांस्कृतिक प्रभाव और पूरे देश में उनकी



लोकप्रियता की मदद से स्काईस्कैनर की पहुँच का विस्तार करेगा।

स्काई का जीवंत व्यक्तित्व स्काईस्कैनर के डिजिटल-फर्स्ट, जीवनशैली से प्रेरित यात्रियों के अनुरूप है, जो नए अनुभव लेना पसंद करते हैं। इसलिए यह सहयोग काफी विश्वसनीय एवं रणनीतिक हो गया है। उनकी ऊर्जा, जीवनशैली और एडवेंचर के प्रति प्रेम यात्रा को सरल, स्मार्ट एवं प्रेरणाप्रद बनाने के ब्रांड के मिशन के अनुरूप है।

स्काईस्कैनर की 'पिच परफेक्ट जर्नीज़' रिपोर्ट में सामने आया कि लगभग आधे (47%) भारतीय लाइव क्रिकेट देखने के लिए यात्रा करने के लिए तैयार हैं। खेल लाइव देखने के लिए की जाने वाली यात्रा देश में बढ़ रही है। यह रूझान इस साझेदारी को और अधिक महत्वपूर्ण बना रहा है, जिसकी मदद से स्काईस्कैनर लोगों के बीच क्रिकेट के जुनून का लाभ लेने के लिए मजबूत स्थिति में आ गया है। इसके द्वारा यात्रा के अनुभव में अवकाश और क्रिकेट, दोनों का उत्साह शामिल हो जाएगा।

इस साझेदारी की शुरुआत स्काईस्कैनर इंडिया और स्काई के सोशल मीडिया पेजों पर एक रोमांचक प्रतियोगिता के साथ हुई है। इसमें लोगों को स्काईस्कैनर के फीचर्स का उपयोग करके स्काई के लिए यात्रा की एक व्यक्तिगत योजना बनाने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

# सेंसेक्स 410 अंक चढ़कर 80,568 पर बंद :निफ्टी में 135 अंक की तेजी

**मुंबई।** शेयर बाजार में बुधवार, 3 सितंबर को गिरावट के बाद तेजी रही। सेंसेक्स 410 अंक चढ़कर 80,568 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 135 अंक की तेजी रही, ये 24,715 के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के 30 में से 22 शेयरों में तेजी और 8 में गिरावट रही। टाटा स्टील का शेयर 5.87% चढ़कर बंद हुआ। टाइटन, महिंद्रा और जोमैटो समेत कुल 10 शेयरों में 1% से ज्यादा की तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 26 में तेजी और 24 में गिरावट रही। NSE का मेटल इंडेक्स सबसे ज्यादा 3.11% चढ़ा। फार्मा, बैंकिंग और हेल्थकेयर में भी 1% से ज्यदा की तेजी रही। IT और मीडिया इंडेक्स गिरकर बंद हुए।

**ग्लोबल मार्केट में मिलाजुला कारोबार–** एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.88% नीचे 41,939 पर



और कोरिया का कोस्पी 0.38% चढ़कर 3,184 पर बंद हुआ।

हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.60% नीचे 25,343 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.16% गिरकर 3,814 पर बंद हुआ। 2 सितंबर को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.55% गिरकर 45,296 पर बंद हुआ। नैस्डेक कंपोजिट में 0.82% और S&P 500 में 0.69% की गिरावट रही। 2 सितंबर को घरेलू निवेशकों ने ₹2,550 करोड़ के शेयर्स खरीदे

# जोमैटो व स्विगी से खाना मंगाना हुआ महंगा

## फेस्टिव सीजन से पहले प्लेटफॉर्म फीस 20% बढ़ाई, अब ₹10 की जगह ₹12 चार्ज लगेगा

**मुंबई।** ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से खाना मंगाना अब थोड़ा और महंगा हो गया है। कंपनी ने प्लेटफॉर्म चार्ज में 20% का इजाफा किया है। जोमैटो ने ऑर्डर पर लगने वाली फीस को 10 रुपए से बढ़ाकर 12 रुपए कर दिया है।

**क्यों हुई फीस में बढ़ोतरी?**

त्योहारी सीजन, जैसे दीवाली, नवरात्रि और अन्य उत्सवों के दौरान, लोग बाहर से खाना ऑर्डर ज्यादा करते हैं। इस दौरान जोमैटो की ऑर्डर्स की संख्या काफी बढ़ जाती है।

इस बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए कंपनी को अपने डिलीवरी सिस्टम, कर्मचारियों और तकनीकी संसाधनों पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। इस खर्च को संतुलित करने के लिए कंपनी ने प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाने का फैसला किया है। जोमैटो ने पहले भी समय-समय पर




अपनी फीस में बदलाव किए हैं। पिछले साल त्योहारी सीजन में कंपनी ने फीस को 6 रुपए से बढ़ाकर 10 रुपए किया था। उससे पहले यह 5 रुपए से 6 रुपए हुई थी। इस बार की 20% की बढ़ोतरी से ग्राहकों को हर ऑर्डर पर 2 रुपए अतिरिक्त देने होंगे।

**स्विगी ने भी प्लेटफॉर्म फीस 1 रुपए बढ़ाई–** जोमैटो के बाद स्विगी ने भी आज प्लेटफॉर्म फीस में 1 रुपए यानी 7% का इजाफा किया है। अब स्विगी के कस्टमर्स को हर ऑर्डर पर 15 रुपए प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी।


तीन हफ्ते में यह तीसरी बार है, जब कंपनी ने अपनी प्लेटफॉर्म फीस बढ़ाई है। 19 दिन पहले कंपनी ने अपनी प्लेटफॉर्म फीस 2 रुपए यानी करीब 17% बढ़ाकर 14 रुपए की थी। इससे पहले यह फीस 12 रुपए थी।

**जोमैटो के शेयर ने एक साल में 30% का रिटर्न दिया**

जोमैटो का शेयर आज 323 रुपए पर फ्लैट कारोबार कर रहा हूं। कंपनी के शेयर ने इस साल अब तक करीब 17% का रिटर्न दिया है। वहीं बीते 6 महीने में 45% और एक साल में 30% का रिटर्न दिया है। दीपिंदर ने 2008 में बनाई थी फूडीबे- दीपिंदर गोयल और पंकज चड्ढा ने मिलकर साल 2008 में फूडीबे नाम से अपनी फूड डायरेक्टरी वेबसाइट लॉन्च की थी।

# शक्ति कपूर@73, मिथुन चक्रवर्ती ने काटे बाल

## लता मंगेशकर की भांजी से भागकर की शादी, एक्सीडेंट ने बदली किस्मत




शक्ति कपूर... एक ऐसा नाम, जिसने हिंदी सिनेमा में कभी खलनायक बनकर डराया, तो कभी अपनी कॉमिक टाइमिंग से लोगों का दिल जीत लिया। फिर चाहे वो नंदू सबका बंदू हो या क्राइम मास्टर गोगो, हर किरदार में उन्होंने जान डाल दी। बचपन से शक्ति कपूर को क्रिकेट खेलने का शौक था, लेकिन उनके पिता चाहते थे कि वह कपड़ों की दुकान संभालें। इस बात से वह खुश नहीं थे और अक्सर परेशान रहने लगे। ऐसे में उनके दोस्तों ने चुपचाप फिल्म इंस्टीट्यूट का फॉर्म भर दिया और यहीं से शुरू हुई बॉलीवुड का सबसे बड़ा खलनायक बनने की कहानी। मिडिल क्लास फैमिली से थे, पिता चाहते थे कपड़ों की दुकान संभालें शक्ति कपूर एक मिडिल क्लास परिवार से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता दिल्ली के कनॉट प्लेस में एक कपड़ों की दुकान चलाते थे। कपड़े तैयार करने के लिए उनके पास अलग–अलग यूनिट्स थीं। उनके पिता चाहते थे कि पढ़ाई पूरी करने के बाद वह दुकान को संभालें, क्योंकि उन्हें लगता था कि शक्ति इसे अच्छी तरह चला सकते हैं। हालांकि, शक्ति की रुचि बचपन से ही खेलों में थी, खासकर क्रिकेट में। उन्होंने स्टेट लेवल तक क्रिकेट खेला था और स्पोर्ट्स कोटे के तहत ही उनका किरोड़ीमल कॉलेज में एडमिशन हुआ था। शक्ति कभी भी दुकान पर बैठना नहीं चाहते थे। वे टूर एंड ट्रैवल का बिजनेस करना चाहते थे, जिसकी वजह से अक्सर उनका अपने पिता से झगड़ा हो जाता था। दोस्तों की बदौलत फिल्मों में आए, बिना पूछे भर दिया एडमिशन फॉर्म शक्ति के मन में हमेशा यही चलता रहता था कि उन्हें अपने पिता की दुकान संभालनी पड़ेगी। यही सोचकर वे अक्सर परेशान रहने लगे थे। ये बात उन्होंने दोस्तों को भी बताई। उनके कुछ दोस्त फिल्म संस्थान 'FTII' (फिल्म एंड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) का फॉर्म भर रहे थे, तो उन्होंने शक्ति कपूर का फॉर्म भी भर दिया। उस समय तक शक्ति को एक्टिंग में कोई खास रुचि नहीं थी।



# बिना इजाजत ब्रांड्स ने इस्तेमाल कीं सोनाक्षी की फोटोज

## सोनाक्षी ने दी धमकी, कहा– मैं आपके खिलाफ एक्शन लूं उससे पहले मेरी तस्वीरें हटा दो

सोनाक्षी सिन्हा ने हाल ही में उन ब्रांड्स को लताड़ लगाई है, जो बिना इजाजत एक्ट्रेस की तस्वीरें अपनी ऑफिशियल वेबसाइट में इस्तेमाल कर रहे हैं। सोनाक्षी ने साफ कहा है कि उनकी तस्वीरें डिलीट की जाएं, वर्ना वो इसके खिलाफ एक्शन लेंगी। सोनाक्षी सिन्हा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, 'क्योंकि मैं अक्सर ऑनलाइन शॉपिंग करती हूं, मैंने देखा कि मेरी तस्वीरें कई ब्रांड वेबसाइट्स पर दिखाई दे रही हैं, बिना किसी अनुमति के या कम से कम मुझसे पूछे बिना। यह कैसे सही है? जब कोई कलाकार आपके आउटफिट्स या ज्वेलरी पहनता है, तो एक पोस्ट की जाती है जिसमें आपके ब्रांड को पूरा क्रेडिट दिया जाता है। लेकिन उन्हीं तस्वीरों को आपकी ऑफिशियल वेबसाइट पर दिखाना? यह कुछ ज्यादा ही हो गया। चलिए चीजों को नैतिक बनाए रखते हैं, ठीक है?' आगे एक्ट्रेस लिखती हैं, 'मूल रूप से मैं यह कह रही हूं कि मेरी तस्वीरें हटा दें, इससे पहले कि मैं आपके खिलाफ सार्वजनिक रूप से एक्शन लेना शुरू करूं।



# धमकियां मिलने पर विवेक रंजन अग्निहोत्री की सिक्योरिटी टाइट:कहा- कोलकाता में हुई घटना के बाद सिक्योरिटी टीम बढ़ाई

विवेक रंजन अग्निहोत्री की अपकमिंग फिल्म द बंगाल फाइल्स विवादों में है। कोलकाता में फिल्म के ट्रेलर लॉन्च पर जमकर हंगामा हुआ था, जिसके बाद डायरेक्टर विवेक रंजन अग्निहोत्री ने अपनी सिक्योरिटी बढ़ा दी है। हाल ही में गलाटा प्लस को दिए इंटरव्यू में विवेक से पूछा गया था कि पहले धमकियां मिलने से आप सिक्योरिटी में रहते थे, अब इसकी स्थिति क्या है। इस पर डायरेक्टर ने कहा, नंबर (सिक्योरिटी के) बढ़ा दिए गए हैं। मेरे पास अभी भी सुरक्षा है, और शायद अब कोलकाता की घटना के बाद और भी ज्यादा। आगे विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कोलकाता में हुए हंगामे पर बात की। उन्होंने कहा कि उनकी फिल्म द बंगाल फाइल्स डायरेक्ट एक्शन डे पर आधारित है, जो 16 अगस्त 1946 की कोलकाता में घटित घटना है। यही वजह रही कि उन्होंने 16 अगस्त को कोलकाता में ही फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने का फैसला किया था। वो उस समय UK में थे, तो उन्होंने वहीं से कोलकाता का एक मल्टीप्लेक्स बुक किया था। आमतौर पर ट्रेलर लॉन्च इवेंट थिएटर में ही होते हैं। वो इस इवेंट के लिए UK से सीधे कोलकाता पहुंचे थे। यहां पहुंचकर उन्हें पता चला कि मल्टीप्लेक्स ने ट्रेलर लॉन्च करने से इनकार कर दिया है और राजनीतिक अशांति का हवाला दिया। इसके बाद उनकी टीम ने दूसरे मल्टीप्लेक्स में ट्रेलर लॉन्च करने के लिए बुकिंग की, लेकिन एक घंटे बाद हर जगह से यही जवाब मिला कि अगर ऐसा किया जाता है तो उनका कोलकाता में सर्वाइव करना मुश्किल होगा।



# बंद होगा शिल्पा शेट्टी का बैस्टियन रेस्टोरेंट

## 60 करोड़ की धोखाधड़ी के लगे हैं आरोप



शिल्पा शेट्टी के पॉपुलर रेस्टोरेंट बैस्टियन को बंद किया जा रहा है। ये रेस्टोरेंट मुंबई के बांद्रा में स्थित है। एक्ट्रेस ने खुद ये घोषणा करते हुए इसे एक युग का अंत कहा है। शिल्पा शेट्टी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से बैस्टियन के बंद होने की घोषणा करते हुए भावुक अंदाज में लिखा है, 'इस गुरुवार एक युग का अंत होगा, जब हम मुंबई की सबसे आइकॉनिक डेस्टिनेशन्स में से एक बैस्टियन बांद्रा को अलविदा कहेंगे। यह वह जगह है जिसने हमें अनगिनत यादें, कभी न भूलने वाली रातें और ऐसे पल दिए जिन्होंने शहर की नाइट लाइफ को आकार दिया। अब यह जगह अपना अंतिम पर्दा गिरा रही है।'आगे एक्ट्रेस ने लिखा, 'इस लीजेंड्री जगह का सम्मान करने के लिए, हम अपने सबसे करीबी मेहमानों के लिए एक खास शाम का आयोजन कर रहे हैं, एक रात जो पुरानी यादों, एनर्जी और जादू से भरपूर होगी, जिसमें बैस्टियन द्वारा अब तक दी गई हर चीज का जश्न मनाया जाएगा। जब हम बैस्टियन बांद्रा को अलविदा कहेंगे, तो हमारी थर्सडे नाइट का खास आर्कन अफेयर इवेंट अगले हफ्ते बैस्टियन एट द टॉप में जारी रहेगा, जहां यह विरासत एक नए अध्याय और नए अनुभवों के साथ आगे बढ़ेगी।' अपनी इस पोस्ट में शिल्पा शेट्टी ने रेस्टोरेंट के बंद होने का कारण नहीं बताया है। शिल्पा शेट्टी ने साल 2016 में रंजीत बिंद्रा के साथ मिलकर इस रेस्टोरेंट की शुरुआत की थी। ये जगह मुंबई नाइट लाइफ में काफी पॉपुलर थी। साल 2023 में इसे री–लोकेट किया गया था। अगस्त में बिजनेसमैन दीपक कोठारी ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा पर 60 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में शिकायत दर्ज करवाई है। दीपक कोठारी के मुताबिक, उनकी मुलाकात 2015 में एजेंट राजेश आर्या के जरिए शिल्पा और कुंद्रा से हुई थी। उस समय दोनों बेस्ट डील टीवी के डायरेक्टर थे और शिल्पा के पास कंपनी के 87% से ज्यादा शेयर थे। एक मीटिंग में तय हुआ कि शिल्पा और राज कुंद्रा की कंपनी को दीपक लोन देंगे। कंपनी के लिए 75 करोड़ रुपए का लोन मांगा था, जिस पर 12% सालाना ब्याज तय हुआ। दीपक कोठारी का आरोप है कि बाद में शिल्पा और कुंद्रा ने उनसे कहा कि लोन पर टैक्स की परेशानी आ सकती है, इसलिए इसे इन्वेस्टमेंट के रूप में दिखाते हैं और हर महीने रिटर्न

## एक नजर

### विवाहिता की मौत मामले में पति समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**कादीपुर-सुलतानपुर।** गायत्री विश्वकर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे गायत्री विश्वकर्मा का शव कमरे के अंदर बिस्तर पर पड़ा मिला था। तहरीर के अनुसार, मृतका गायत्री पुत्री लालजी विश्वकर्मा निवासी रोहियावा जलालपुर थाना दोस्तपुर की शादी करीब डेढ़ वर्ष पूर्व कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा (झगड़िया) निवासी पुद्दन के पुत्र अवधेश विश्वकर्मा से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन दहेज में बाइक की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। मंगलवार की सुबह मृतका के पिता लालजी को मोबाइल पर सूचना मिली कि बाइक की मांग को लेकर ससुरालीजन उनकी पुत्री से मारपीट कर रहे हैं। आनन-फानन में जब वे बेटी के ससुराल पहुंचे तो देखा कि पुत्री मृत पड़ी है। इस घटना पर पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर पति अवधेश विश्वकर्मा, ससुर पुद्दन, सास और जेठानी रोली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार गायत्री की मौत हार्ट अटैक से हुई है और शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।

### सिपाही की दबंगई, पिता-पुत्र से अभद्रता कर दी जान से मारने की धमकी

**मोतिगरपुर-सुलतानपुर।** थाने में तैनात डायल 112 के एक सिपाही द्वारा बुधवार सुबह पिता-पुत्र से अभद्रता करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई और उसका लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है। मोतिगरपुर पठखौली निवासी अनिल कुमार पाठक ने आरोप लगाया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे उनका बेटा सौरभ पाठक किसी कार्य से थाने पहुंचा था। इसी दौरान डायल 112 पर तैनात सिपाही रोहित कुमार पल्सर बाइक से आया और गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने धमकी दी डेढ़ घंटे में लड़कों को बुलाकर तुम्हारा घर फुकवा दूँगा, मेरे पास लाइसेंसी पिस्टल है, गोली मार दूँगा। छह महीने में दो बार ट्रांसफर हो चुका हूँ, तीसरी बार भी हो जाएगा तो फर्क नहीं पड़ेगा। अनिल पाठक का कहना है कि करीब तीन महीने पहले दोस्तपुर रोड स्थित उनकी दुकान के पीछे हुए विवाद में एक महिला की शिकायत पर रात में डायल 112 पहुँची थी। उसके बाद सिपाही रोहित मौके पर पहुंचा और महिला से अभद्रता की थी। उस समय महिला की लिखित शिकायत पर थानाध्यक्ष ने उसे फटकार लगाई थी। उसी रंजिश के चलते अब उनके बेटे और उन्हें थाने में धमकाया गया। साथ ही बेटे को एससी/एसटी एक्ट में फँसाने की धमकी भी दी गई। इंचार्ज थानाध्यक्ष भरत सिंह ने बताया कि सिपाही के विरुद्ध शिकायत मिली है। मामले की जानकारी क्षेत्राधिकारी को दे दी गई है, जांचकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षक दिवस पर होगा सम्मान समारोह, गूंजेगा आल्हा गायन

**सुलतानपुर।** कुड़वार ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक रामचंद्र मिश्रा के सौजन्य से होने वाले इस आयोजन में शिक्षक सम्मान समारोह और आल्हा गायन मुख्य आकर्षण रहेंगे। श्री मिश्रा ने बताया कि समारोह सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें इसौली विधानसभा के शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। आल्हा सम्राट सज्जन मिश्रा अपने आल्हा गायन से समां बांधेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कुड़वार में होने वाले इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

### शादी से इंकार पर बौखलाया युवक, कर रहा अभद्र टिप्पणी

**कादीपुर-सुलतानपुर।** शादी से इंकार किए जाने पर एक युवक द्वारा सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणियां करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के दमोदरपुर गांव निवासी अंजलि निषाद की शादी उसके पिता राम आशीष ने अंबेडकर नगर जिले के अकबरपुर थाना क्षेत्र के पीरपुर गांव निवासी लल्लन के पुत्र चंद्रेश के साथ तय की थी। शादी तय होने के बाद जानकारी मिली कि चंद्रेश बदमाश और शराबी प्रवृति का व्यक्ति है। इसे देखते हुए पिता ने विवाह करने से इनकार कर दिया। आरोप है कि शादी टूटने के बाद चंद्रेश ने अंजलि को मोबाइल पर गालियां दीं और इंस्टाग्राम व फेसबुक पर अभद्र टिप्पणियां पोस्ट करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं, वह अंजलि के चाचा के मोबाइल पर भी गलत मैसेज भेज रहा है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी चंद्रेश के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी देखने गए युवक की बाइक चोरी

**कादीपुर-सुलतानपुर।** अज्ञात चोरों ने बाइक पर हाथ साफ कर दिया। दोस्तपुर थाने के बेथरा गांव के अखिलेश कुमार बीते 28 सितंबर को सूरापुर बाजार में श्री कृष्ण जन्माष्टमी देखने के लिए गए थे। उन्होंने अपनी बाइक सूरापुर बाजार में सनराइज लाइब्रेरी एवं वर्मा इलेक्ट्रॉनिक मार्केट के बगल खड़ी कर दिया था। जन्माष्टमी देखने के बाद जब वह लौटा तो उसकी बाइक नदारद रही। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला। तो पीड़ित ने मंगलवार को कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात चोर के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

### कोर्ट के आदेश पर जौनपुर सीएमओ हुईं हाजिर

**सुलतानपुर।** जौनपुर की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह बुधवार को एफटीसी राकेश की कोर्ट में हाजिर हुईं। दुराचार के एक मामले में कोर्ट ने उनका साक्ष्य दर्ज किया। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी का अपहरण, दुराचार और गाली गलौज कर अपमानित करने का मुकदमा आरोपी राजू पुत्र विन्ध्यादीन पर विचाराधीन है। 25 अक्टूबर 2017 की रात हुई घटना के बाद तत्कालीन गायनोलॉजिस्ट लक्ष्मी सिंह ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण किया था। वह इस समय जौनपुर की मुख्य चिकित्सा अधिकारी हैं। बुधवार को अदालत में हाजिर आने पर उनका बयान दर्ज किया गया।

### अनूप सण्डा के केस में नहीं आया गवाह

**सुलतानपुर।** आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा पर चल रहे मुकदमे में बुधवार को गवाह नहीं आने से सुनवाई 18 सितम्बर के लिए टल गई है। पूर्व विधायक और सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप सण्डा पर साल 2022 में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान केएनआईटी परिसर में बिना अनुमति जनसभा करने का आरोप है।

### चिकित्सक हत्याकांड में दर्ज हुआ बयान

**सुलतानपुर।** संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी हत्याकांड में बुधवार को अपर सेशन जज संतोष कुमार की कोर्ट में बुधवार को चिक लेखक कांस्टेबल स्नेह कुमार की गवाही दर्ज हुई। 10 सितंबर को शेष साक्ष्य के लिए तारीख नियत कर विवेचक श्रीराम पांडेय को कोर्ट ने गवाही में फिर तलब किया है। 23 सितंबर 2023 की शाम हुए हत्याकांड के मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह आरोपी हैं।

# प्रतिमा से उठा सियासी तूफ़ान, एमएलए और एमएलसी हुए आमने-सामने

## पूर्व विधायक इन्द्रभद्र सिंह की प्रतिमा हटाने की शिकायत पर भड़का बवाल

**विश्ववार्ता संवाददाता**





**सुलतानपुर।** जिले का माहौल इन दिनों बेहद गरम है। पूर्व विधायक स्व. इन्द्रभद्र सिंह की धनपतगंज बाजार में लगी प्रतिमा को हटाने की शिकायत ने पूरे जनपद में सियासी आग लगा दी है।

गोरखपुर-फ़ैजाबाद स्नातक क्षेत्र से एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने डीएम को पत्र लिखकर चेतावनी दी है कि इस तरह की दुर्भावनापूर्ण शिकायतों से जनपद का राजनीतिक और सामाजिक वातावरण जहरीला हो गया है। एमएलसी ने साफ कहा कि इन्द्रभद्र सिंह एक लोकप्रिय जननेता रहे हैं, जिनके प्रति जिलेभर की जनता की गहरी आस्था है। प्रतिमा हटाने की साजिश ने लोगों की भावनाओं को गहरी ठेस पहुंचाई है और अब जनता का गुस्सा चरम पर है। हालात इतने बिगड़ सकते हैं कि स्थिति किसी भी वक्त विस्फोटक हो सकती है। देवेंद्र प्रताप सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता लगातार आरटीआई के जरिए स्व. इन्द्रभद्र सिंह के पुत्र की निजी जानकारियाँ निकालने की कोशिश कर रहा है, जबकि यह कानून और निजता के अधिकार का खुला उल्लंघन है। एमएलसी ने चेताया प्रशासन किसी के "टूलकिट" का हिस्सा न बने और तत्काल ऐसी शिकायतों को खारिज करे, वरना जिले में शांति और सौहार्द पर संकट खड़ा हो जाएगा।

गौरतलब हो कि विगत दिनों सुल्तानपुर विधायक विनोद सिंह ने प्रतिमा हटाने की मांग करते हुए डीएम को पत्र लिखा था। जिसको लेकर एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह अब खुलकर उसके खिलाफ मोर्चा खोल चुके हैं। बिना नाम लिए डीएम को भेजे पत्र में एमएलसी ने विनोद सिंह पर सीधा निशाना साधा। एमएलसी खुले तौर पर पूर्व विधायक सोनू सिंह और पूर्व प्रमुख मोनू सिंह के पक्ष में खड़े नजर आ रहे हैं। सियासी खींचतान के बीच धनपतगंज और आसपास के इलाकों में माहौल तनावपूर्ण और खौफनाक बना हुआ है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने दूध-पनीर उत्पादों के लिए सैंपल



**विश्ववार्ता संवाददाता**

**सुलतानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के लिए बुधवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की विशेष टीम ने अभियान चलाया।

एसडीएम सदर बिपिन कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में ईदगाह रोड स्थित मिल्क पोर्ट (आजाद डेयरी) पर छापामारी की गई, जहां से दूध और घी के नमूने लिए गए। इसी क्रम में पयागीपुर स्थित रेलिस्टो रेस्टोरेंट पर छापामारी कर पनीर और छेना रसगुल्ला सहित मिठाई उत्पादों के नमूने सील कर प्रयोगशाला भेजे गए।

टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भी शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए मिलावटी खाद्य सामग्री की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षक दिवस पर रक्तदान कर समाज को देंगे सेवा का संदेश देंगे शिक्षक

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर इस बार जिले के शिक्षक शिक्षक दिवस को अनोखे अंदाज़ में मनाएंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन न केवल शिक्षा जगत के मार्गदर्शक थे बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में भी अग्रणी थे। उनकी प्रेरणा से शिक्षक आज सिर्फ सम्मान की अपेक्षा नहीं करते, बल्कि समाज की सेवा को प्राथमिकता देने लगे हैं।

संघ के जिला प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार पांडेय के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने रक्तदान के लिए अपना नाम दर्ज कराया है। उनका मानना है कि रक्तदान से जहां जीवन बचाने में मदद मिलेगी, वहीं समाज को भी सकारात्मक संदेश जाएगा।

शिविर की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिक्षकों के उत्साहवर्धन के लिए जिलाधिकारी को आमंत्रित किया गया है, जबकि उद्घाटन वरिष्ठ चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ. एके सिंह करेंगे। शिक्षक संघ का यह अनूठा प्रयास न केवल शिक्षक दिवस की गरिमा बढ़ाएगा, बल्कि समाज में सेवा और सहयोग का सशक्त संदेश भी देगा।

इस अवसर पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण मिश्रा, जिला मंत्री डॉ. हृषिकेष भानु सिंह, संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय, उपाध्यक्ष विनोद यादव, डॉ. रीतेश सिंह, अखिलेश सिंह, नरेंद्र पांडेय, कांशी नाथ तिवारी, संजय सिंह, मुजफ्फर कलीम खान सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप संचालकों पर एक्शन, चार पंपों को कारण बताओ नोटिस

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** जिले में नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान को सफल बनाने और सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए जिला पूर्ति अधिकारी जीवेश कुमार मौर्य व सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल लिया है। अधिकारियों के सख्त रुख से पेट्रोल पंप संचालकों में हड़कंप मच गया है।

अचानक की गई छापेमारी में शहर और आसपास के कई पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि कुछ पंप संचालक बिना हेलमेट लगाए दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दे रहे थे। मौके पर ही उन्हें कठोर चेतावनी देते हुए भविष्य में शासन के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान मेसर्स सेठ ब्रदर्स (निकट बस स्टेशन), मेसर्स एएस फिलिंग स्टेशन (लक्ष्मणपुर), मेसर्स बजरंग फिलिंग स्टेशन (पयागीपुर) और मेसर्स अवध फिलिंग स्टेशन (गोराबारिक) पर नियमों का पालन न मिलने पर चारों संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

अधिकारियों ने सभी पंप संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि – बिना हेलमेट लगाए किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए। ₹नो हेलमेट, नो पेट्रोल – आपका जीवन है अनमोल₹ का बैनर/होर्डिंग पंप पर अनिवार्य रूप से लगाया जाए। डीएसओ के इस एक्शन से पेट्रोल पंप संचालकों में खलबली मची है और आम लोगों में सड़क सुरक्षा को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

# कांग्रेसियों ने पं. कमलापति त्रिपाठी को किया याद, दी श्रद्धांजलि

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री स्व पंडित कमलापति की जयंती मनाई गई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी व नेताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित पर उन्हें नमन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में विचार संगोष्ठी का आयोजन कर कांग्रेसियों ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि स्वर्गीय कमलापति त्रिपाठी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, इसके अलावा भारत के रेलमंत्री रहने के साथ-साथ वह लेखक, पत्रकार और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी थे। उनका पूरा जीवन देश और कांग्रेस पार्टी के लिए समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय त्रिपाठी जी का योगदान भारतीय राजनीति में कम नहीं है और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम के एक महत्वपूर्ण संघर्षशील नेता और उत्तर प्रदेश के एक प्रमुख नेता के रूप में याद किया जाता है।

शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि स्व कमलापति त्रिपाठी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बाद भी राजनीति में भाग लिया और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने सामाजिक, आर्थिक सुधार और गरीबी के खिलाफ कई महत्वपूर्ण कदम उठाया। वहीं उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए किया गया उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा।वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र शुक्ला व पीसीसी सदस्य हौशिला प्रसाद भीम ने कहा कि जिस कालखंड में पंडित कमलापति त्रिपाठी देश को अपना योगदान दिया था वह बेहद चुनौतीपूर्ण था, अंग्रेजों से लोहा देने का यह दौर उन्होंने देखा था बल्कि पंडित नेहरू के साथ मिलकर देश को आजाद करने में अपना हर हर तरह का योगदान दिया था। पंडित कमलापति त्रिपाठी से मिले संस्कारों और विचारों की ताकत पर कांग्रेस आज भी खड़ी है।

इस मौके पर आरबी पांडेय, मोहित तिवारी, आवेश अहमद,ममनून आलम शीतला प्रसाद साहू अंबरीष पाठक जिगर आदि लोग उपस्थित रहें।

### हिस्ट्रीशीटर के खौफ़ से गांव छोड़ भागा परिवार, इंसाफ़ की गुहार

**दोस्तपुर-सुलतानपुर।** ग्राम मुरैनी निवासी कौशिल्या सिंह पत्नी अभय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए पत्र में सनसनीखेज आरोप लगाया है कि कुख्यात हिस्ट्रीशीटर आज़ाद सिंह उर्फ बंटी और उसका परिवार उन्हें लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता ने खुलासा किया कि बंटी पर थाना बेवाना और दोस्तपुर में कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, लेकिन पुलिस कार्रवाई से बचकर वह खुलेआम दबंगई कर रहा है।

धमकियों से परेशान होकर पूरा परिवार अपना पैतृक घर छोड़ जयसिंहपुर के बगिया गांव में शरण लेने को मजबूर हो गया है। इसके बावजूद फोन पर आए दिन उन्हें चेतावनी दी जा रही है गांव लौटे तो जान से हाथ धो बैठोगे। पीड़िता ने एसपी से गुहार लगाई है कि बंटी की हिस्ट्रीशीट खोलकर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और गांव में दबंगई का खौफ़ खत्म हो।

# गणेश महोत्सव में अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु सिंह देंगे प्रस्तुति

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** श्री मंगल मूरति फाउंडेशन की ओर 30 अगस्त से 6 सितंबर 2025 तक श्री गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव में प्रतिदिन धार्मिक, सांस्कृतिक एवं भक्ति से ओतप्रोत विविध कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिनमें आने वाले कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से भक्तों को भाव-विभोर करेंगे।

महोत्सव के अंतर्गत 05 सितंबर 2025 की सायंकालीन भजन संध्या विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस अवसर पर उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भजन गायक दीनबंधु सिंह अपनी संपूर्ण टीम सहित प्रस्तुति देंगे।

भजन गायक दीनबंधु सिंह ने कहा कि अयोध्या में श्री गणेश महोत्सव में भजन प्रस्तुति करना मेरे लिए अत्यंत गौरव और सौभाग्य का विषय है। संगीत और भक्ति के माध्यम से भगवान गणेश के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करने का यह अवसर अविस्मरणीय है। मैं श्री मंगल मूरति फाउंडेशन और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज का हृदय से आभार प्रकट करता हूँ।

संस्था के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी जी ने बताया कि इस बार का श्री गणेश महोत्सव अयोध्या की संस्कृति, अध्यात्म और भक्ति का अद्वितीय संगम होगा। महोत्सव का उद्देश्य समाज में भक्ति, सद्भावना और भारतीय संस्कृति के मूल्यों का प्रसार करना है। यह आयोजन न केवल भक्ति और श्रद्धा का अनुपम अवसर होगा, बल्कि समाज में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और संगीत की गूंज को और अधिक प्रखर करेगा।

# रेल मजदूरों के मसीहा की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

» सामूहिक रक्तदान कर जेपी चौबे को रेलकर्मियों ने किया याद

**विश्ववार्ता संवाददाता**




**सुलतानपुर।** ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन के पूर्व महामंत्री और रेल मजदूरों की आवाज रहे कामरेड जेपी चौबे की 17वीं पुण्यतिथि पर यूनियन कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सहायक मंडल मंत्री कामरेड अशोक चौबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व शाखा मंत्री कामरेड टीएन शुक्ला, पूर्व शाखा अध्यक्ष कॉम महावीर प्रसाद यादव, कॉम अनिल श्रीवास्तव, पूर्व शाखा मंत्री कॉम वाईएस द्विवेदी समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि सभा के उपरांत सभी एनआरएमयू कार्यकर्ता जुलूस की शक्ल में जिला अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचे और चौबे जी को श्रद्धांजलि स्वरूप रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में राकेश मणि यादव, शीतला प्रसाद दुबे, कमलेश कुमार, राहुल अवस्थी, अरुणजय कुमार, इंद्रजीत दुबे, कैलाश चंद्र मीना, हरि मोहन चौबे शामिल रहे।

कार्यक्रम में सहायक शाखा मंत्री कामरेड केशव गुप्ता, कामरेड हिमांशु चौबे, कामरेड ज्योति स्वरूप श्रीवास्तव, कॉम यशवंत सिंह, कामरेड भूपेंद्र सिंह, कामरेड आसमीन बानो, कामरेड संदीप यादव, कॉम केदारनाथ सिंह, कॉम गणेश्वर चौबे, सुनील कुमार यादव, विनोद कुमार, सर्वेंद्र कुमार सिंह, अनुराग श्रीवास्तव, संतोष मौर्य, देवमणि, सपना मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। शाखा मंत्री आसिम सज्जाद ने चौबे जी को श्रद्धांजलि देते हुए उनके व्यक्तित्व और संघर्षशील जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने सभी को चौबे जी के बताए रास्ते पर चलने और अधिक से अधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

### मंदिर की 52 बीघा जमीन पर कमेटी विवाद, अवैध गठन का आरोप

**सुलतानपुर।** बल्दीराय तहसील क्षेत्र के मिझूटी गांव स्थित प्राचीन बाबा मौलेश्वर नाथ मंदिर की लगभग 52 बीघा जमीन पर कमेटी विवाद गहराता जा रहा है। मंदिर से जुड़े पुजारी उमा शंकर तिवारी ने आरोप लगाया है कि मान्यता प्राप्त पुरानी कमेटी को मृतक दिखाकर नई कमेटी गठित कर कब्जे की कोशिश हो रही है। पुजारी उमाशंकर तिवारी ने उपजिलाधिकारी बल्दीराय और थानाध्यक्ष को दी शिकायत में कहा कि वर्ष 1963 में स्व. गिरिजा प्रसाद पांडेय (पूर्व आईएएस) द्वारा गठित कमेटी अब तक मंदिर और संपत्ति की देखरेख कर रही है। इस कमेटी के अध्यक्ष व संरक्षक स्वयं उमा शंकर तिवारी रहे हैं, जिनके नेतृत्व में मंदिर का निरंतर विकास हुआ।

शिकायत पत्र में कहा गया कि यूपीसीएलडीएफ लखनऊ द्वारा निर्माण कार्य के बाद देखरेख की जिम्मेदारी कमेटी सदस्य अशोक कुमार यादव को सौंपी गई थी, लेकिन कुछ लोगों ने अवैध तरीके से नई कमेटी बनाकर शिव कुमार यादव को अध्यक्ष घोषित कर दिया। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से अवैध कमेटी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए आवश्यक दस्तावेज भी सौंपे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि प्रशासन हस्तक्षेप कर प्राचीन मंदिर ट्रस्ट को पहले की तरह सुचारू रूप से संचालित करने में मदद करेगा।

# दबिश में 46 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**जयसिंहपुर-सुलतानपुर।** आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार चल रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत बुधवार को जिले में बड़ी कार्रवाई की गई। जिलाधिकारी सुल्तानपुर एवं उप आबकारी आयुक्त, अयोध्या प्रभार के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में गठित टीम ने मोतीगहपुर थाना क्षेत्र के कई संदिग्ध गांवों में दबिश दी।

आबकारी निरीक्षक डॉ. संजय कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक संजय कुमार चौबे व श्रीराम मिश्रा की संयुक्त टीम ने दियरा, खैरहा, महमूदपुर, जंगलिया, मीरपुर, सरिया, नटवा व बेलहरी गांवों में दबिश देकर 46 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की। साथ ही मौके से करीब 600 किलोग्राम लहान नष्ट किया गया।

टीम ने इस संबंध में आबकारी अधिनियम के तहत चार मुकदमे दर्ज किए हैं।कार्रवाई के दौरान क्षेत्र के ईंट-भट्ठों व कबाड़ की दुकानों की भी चेकिंग की गई।

टीम ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अवैध शराब का सेवन न करें, क्योंकि यह स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकती है। रामगढ़, बेलहरी व दियरा की आबकारी दुकानों की भी सघन चेकिंग की गई, जहां किसी तरह की अनियमितता नहीं पाई गई। कार्रवाई में प्रधान आबकारी सिपाही दिनेश सिंह, सिपाही अभिनव कुमार सिंह, अनुराग वर्मा तथा वाहन चालक कलीम आदि शामिल रहे।

**प्रतियोगिता** भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता 2025 में दिखाया कौशल

# कमला नेहरू संस्थान के रोवर्स-रेंजर्स हुए सम्मानित

**विश्ववार्ता संवाददाता**



**सुलतानपुर।** बुधवार को कमला नेहरू संस्थान के आठ रोवर्स-रेंजर्स को प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह ने सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें भारत स्काउट गाइड ज्ञान प्रतियोगिता 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त करने पर दिया गया।

संस्थान की रोवर्स-रेंजर्स संयोजिका प्रोफेसर सुनीता राय ने बताया कि फरवरी 2025 में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में संस्थान के आठ विद्यार्थियों धर्मवीर, सुभाष, रोशन गौतम, प्रिंस, महिमा, दीपिका, अनन्या और रिया ने प्रतिभाग किया था। सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब हासिल किया।

प्रतियोगिता में रोवर्स संवर्गः धर्मवीर (प्रथम), सुभाष (द्वितीय), रोशन गौतम एवं प्रिंस (संयुक्त तृतीय) रेंजर्स संवर्गः महिमा (प्रथम), दीपिका एवं अनन्या (संयुक्त द्वितीय), रिया (तृतीय) रहे।

सभी विजेताओं को प्रमाणपत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान केवल शैक्षणिक गतिविधियों ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक व सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों की इस उपलब्धि को संस्थान के लिए प्रेरणादायी बताया। प्रोफेसर सुनीता राय ने विजेताओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत और समर्पण का प्रतिफल है।

रोवर्स-रेंजर्स छात्रों में समाज व राष्ट्र निर्माण के प्रति गहन चिंतन और संकल्प जगाते हैं। इस मौके पर संस्थान के उपप्राचार्य डॉ. शक्ति सिंह और बर्सर अनिल सिंह ने भी विजेता छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### गैंगस्टर मैनपाल कंबोडिया से भारत लाया गया



**नयी दिल्ली।** हरियाणा के मोस्टवांटेड गैंगस्टर मैनपाल बदली को गुरुग्राम स्पेशल टास्क फोर्स और केंद्रीय एजेंसियां मंगलवार को भारत लेकर आई है। मैनपाल को 10 दिन पहले कंबोडिया में हिरासत में लिया गया था। मैनपाल पर 7 लाख रुपए का इनाम है। उसे कंबोडिया से भारत लाने के लिए एसटीएफ ने सीक्रेट मिशन शुरू किया था। मैनपाल साल 2018 में पैरोल पर जेल से बाहर आया और विदेश भाग गया था और 7 सालों से विदेश से अपनी गैंग ऑपरेट कर रहा है। हरियाणा पुलिस की मोस्टवांटेड की सूची में मैनपाल पहले नंबर पर है। साल 2000 में उस पर अपने चाचा की हत्या का आरोप लगा था। पुलिस के मुताबिक वह ड्रग्स तस्करी और हथियारों के अवैध व्यापार में शामिल था।

### इलेक्ट्रिक वाहनों की सब्सिडी जल्द दें

**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को दिल्ली राज्य सरकार को आदेश दिया कि इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वाले ग्राहकों को सब्सिडी तुरंत जारी करें। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि सरकार यह नहीं कह सकती कि दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2020 में सब्सिडी जारी करने की कोई तय समय सीमा नहीं है। दिल्ली इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2020 के तहत दो–पहिया, ई–रिक्शा, ई–ऑटो व मालवाहक को 30,000 और पहली 1,000 इलेक्ट्रिक कारों को 1.5 लाख तक की मदद का वादा था।

### जेएमएम बिहार में चुनाव लड़ेगा

**पटना।** झारखंड मुक्ति मोर्चा महासचिव बिनोद पांडेय ने बुधवार को कहा कि पार्टी इंडिया ब्लॉक के साथ बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेगी। अभी सभी पार्टियों के साथ बातचीत चल रही है। शुरू में जेएमएम ने 12 सीटें मांगी थीं, अब सात–आठ सीटों पर समझौते की तैयारी है। तरापुर, कटोरिया, बांका, पूर्णिया, धमदाहा और चकाई सीटों पर फोकस रहेगा। 2005 और 2010 के विधानसभा चुनावों में जेएमएण ने एक सीट जीती थी। लेकिना उसके बाद किसी भी चुनाव में पार्टी सीट नहीं जीत पाई।

### असम में तीन लोगों को सीएए के तहत नागरिकता

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को बताया कि असम में अब तक केवल तीन विदेशी नागरिकों को सीएए के तहत नागरिकता मिली, जबकि 12 आवेदन आए थे। बाकी 9 आवेदनों पर अभी हम विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कहा जा रहा था कि 20–25 लाख लोगों को नागरिकता मिल जाएगी। अगस्त 2024 में 50 वर्षीय दुलोन दास असम में सीएए के तहत नागरिकता पाने वाले पहले व्यक्ति बने थे। केंद्र ने 11 मार्च 2024 को नियम जारी कर यह कानून लागू किया था।

### फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग स्कीम में 24.76 करोड़ की ठगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के एर्नाकुलम में फर्जी स्टॉक ट्रेडिंग स्कीम के जरिए 24.76 करोड़ रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। कोच्चि की साइबर क्राइम पुलिस ने पीड़ित निमेश की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि बाद 15 मार्च 2023 से 29 अगस्त 2025 के बीच डैनियल नामक शख्स ने फेक वेबसाइट www.capitalix.com और टेलीग्राम अकाउंट @capitalix_bot के जरिए निमेश से किश्तों में 24.76 करोड़ रुपए ट्रांसफर कराए। लेकिन जब पीड़ित को निवेश की राशि वापस नहीं मिली तो उसे धोखाधड़ी का पता चला। अधिकारियों ने बताया कि साइबर पुलिस ने धनराशि का पता लगाने के लिए बैंकों से मदद मांगी है।

### इंडिगो फ्लाइट में क्रू मेंबर-पैसेंजर में बहस

**नयी दिल्ली।** दिल्ली–कोलकाता इंडिगो फ्लाइट में 1 सितंबर को क्रू मेंबर्स और एक यात्री के बीच बहस का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को घटना की जानकारी दी। क्रू मेंबर्स ने पैसेंजर पर धार्मिक नारे लगाने, फ्लाइट में शराब पीने और यात्रियों को उकसाने की शिकायत दर्ज कराई है। वहीं, यात्री ने भी क्रू मेंबर्स के खिलाफ केस किया और अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते हुए एयरलाइन स्टाफ पर उत्पीड़न और बुनियादी सेवाएं न देने का आरोप लगाया। पैसेंजर पेशे से एक वकील है। पुलिस के मुताबिक, एक एयर होस्टेस ने अपनी शिकायत में बताया कि 31डी सीट पर बैठा यात्री नशे की हालत में विमान में चढ़ा और साथी यात्रियों से 'हर हर महादेव' का नारा लगाने को कहने लगा। आरोप है कि टेकऑफ के बाद, यात्री ने सॉफ्ट ड्रिंक की एक बोतल छिपाने की कोशिश की। उसमें से शराब की गंध आ रही थी। क्रू ने जब उससे पूछताछ की, तो वह बोतल में रखी पूरी शराब पी गया। कोलकाता में लैंडिंग के बाद क्रू ने यात्री को सुरक्षाकर्मियों को सौंप दिया। हालांकि, वकील ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उसने बिना किसी का धर्म जाने, 'हर हर महादेव' कहकर क्रू का अभिवादन किया था। यात्री ने यह भी कहा कि उसने शराब नहीं पी थी। हालांकि, बोर्डिंग से पहले दिल्ली एयरपोर्ट पर एक बोतल बीयर पी थी, जिसका उसके पास बिल भी था। पुलिस दोनों पक्षों के आरोपों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### भाजपा नेता राकेश सिंह कोलकाता में गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने शहर के तंगरा इलाके में एक फ्लैट में आधी रात को छापेमारी के बाद भाजपा नेता राकेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राकेश सिंह पर पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के गेट पर तोड़फोड़ करने का आरोप है। पुलिस ने बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद पिछले पांच दिनों से राकेश सिंह फरार थे। वह बार–बार अपने आवास पर छापेमारी से बचते रहे और सोशल मीडिया पर पुलिस के खिलाफ वीडियो मैसेज जारी कर रहे थे।

### नासिक में 6 हजार से ज्यादा जिलेटिन स्टिक बरामद

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में पुलिस ने 6,000 से ज्यादा जिलेटिन स्टिक और 2,200 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर बरामद किए हैं। इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई सोमवार को सरुल शिवर गांव में की गई। पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर 1 सितंबर को छापेमारी में 6,125 जिलेटिन स्टिक भरे 49 बॉक्स, 2,200 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और 150 मीटर DF वायर बरामद किए गए। इनकी कीमत करीब 95,750 आंकी गई है। जांच में सामने आया कि जिलेटिन स्टिक (अमोनियम नाइट्रेट मिश्रण) और डेटोनेटर आरोपियों के घरों और घरों के पीछे बने टिन शेड्स में लापरवाही से रखे गए थे।

# 'आइए मिलकर तय करें भारत और यूपी का भविष्य'

## सीएम ने की 'समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047' महाअभियान की शुरुआत

विश्ववार्ता ब्यूरो



लोकभवन, लखनऊ में ₹समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047₹ महाअभियान की शुरुआत करते सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और यूपी का भविष्य कैसा हो, यह हमें तय करना है। हमें अपने युवाओं को तैयार करना है, क्योंकि हम जिस मनोदशा में जिएंगे, उसी दिशा में आगे बढ़ेंगे। हमें कैसा भारत और उत्तर प्रदेश चाहिए, यह हमारे विजन में होना चाहिए। सीएम योगी लोक भवन सभागार में ₹समर्थ उत्तर प्रदेश – विकसित उत्तर प्रदेश @2047₹ अभियान के शुभारंभ के अवसर पर कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'समर्थ उत्तर प्रदेश' पोर्टल का शुभारंभ किया। यह पोर्टल प्रदेशवासियों को अपने सुझाव देने का मंच प्रदान करेगा, जो 12 प्रमुख सेक्टरों- कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी-टेक्नोलॉजी, पर्यटन, नगर व ग्राम्य विकास, आधारभूत संरचना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा व सुशासन- पर केंद्रित विजन डॉक्यूमेंट का हिस्सा बनेंगे। विजन डॉक्यूमेंट 'अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति₹ थीम पर आधारित है। कार्यशाला में प्रशासन, पुलिस, वन सेवा, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि क्षेत्रों से सेवानिवृत्त 400 से अधिक अधिकारियों और प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला की शुरुआत में 2017 के बाद उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा और विजन@2047 पर आधारित एक लघु फिल्म दिखाई गई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि ₹विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश" शताब्दी संकल्प अभियान के क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। इस अभियान में 25 करोड़ जनता को भागीदार बनाना है। आप सभी प्रबुद्धजनों का सहयोग युवाओं को जागरूक करने और आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण होगा।

**योगी ने कहा– 2047 तक अवश्य बनेगा विकसित उत्तर प्रदेश**

रिटायर्ड होने का मतलब टायर्ड होना नहीं है। आपका अनुभव इस अभियान को गति देगा। उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 16वीं-17वीं शताब्दी में भारत वैश्विक जीडीपी में 25% हिस्सा रखता था, जो 1947 तक 2% रह गया। 2014 में भारत 11वीं अर्थव्यवस्था था, लेकिन आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक तीसरी बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अगर यही गति रही, तो 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य संभव है।

सीएम ने कहा कि 1947 और 1960 तक यूपी का राष्ट्रीय जीडीपी में यूपी का योगदान 14% था, लेकिन 2016-17 तक यह 8% हो गया और यूपी आठवीं अर्थव्यवस्था बन गया। बीते आठ वर्षों में हमने निराशा को उत्साह में बदला। आज उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रकृति और परमात्मा की कृपा से यूपी के पास सब कुछ है, बस संकल्प की जरूरत है।

सीएम ने प्रख्यात वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का जिक्र करते हुए कहा कि जैसी मनोदशा होगी, वैसा विकास होगा। बसु ने दो पौधों पर प्रयोग किया, एक को प्रेरित किया, तो वह बड़ा वृक्ष बना, जबकि दूसरे को धिक्कारा, तो वह मुरझा गया। उन्होंने कहा कि यह जीव मात्र पर लागू होता है। मनुष्य ईश्वर की सर्वश्रेष्ठ कृति है। यूपी और भारत की स्थिति भी यही थी। नकारात्मकता से निराशा बढ़ी, लेकिन अब उत्साह का माहौल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2016-17 से पहले यूपी बीमारू कहलाता था, लेकिन अब सकारात्मक बदलाव आया है। जीएसडीपी 13 लाख करोड़ से बढ़कर इस वर्ष 35 लाख करोड़ होने जा रही है। प्रति व्यक्ति आय में भी वृद्धि हुई है। कोविड काल में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना से एमएसएमई को बढ़ावा मिला, जिससे निर्यात 2 लाख करोड़ तक पहुंचा। कोविड में 1 करोड़ लोगों को रहने-खाने की व्यवस्था दी गई, जिसमें 40 लाख यूपी के कारीगर थे। एक भावुक किस्सा साझा करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बिहार चुनाव के दौरान एक गरीब व्यक्ति ने खाली डिब्बा दिखाकर उन्हें धन्यवाद दिया, जो कोविड के समय में यूपी में मिले भोजन का था। उन्होंने कहा कि यह सेवा का भाव है, जो लोगों के मन में विश्वास जगाता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अभियान का पहला चरण प्रबुद्धजनों के साथ अकादमिक संस्थानों में गोष्ठियों से शुरू होगा।

# पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो वोटर आईडी कार्ड

## भाजपा ने कांग्रेस पर तेज किये हमले, राहुल गांधी को भी घेरा

विश्ववार्ता ब्यूरो



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा के पास दो मतदाता पहचान पत्र होने का आरोप लगाने के बाद अब भारतीय जनता पार्टी ने दावा किया है कि पवन खेड़ा की पत्नी के पास भी दो सक्रिय मतदाता पहचान पत्र हैं। भाजपा ने कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए राहुल गांधी को भी घेरा है। भाजपा ने कहा है कि राहुल गांधी अपनी ही पार्टी के नेताओं के आपराधिक कारनामों से खुद को अलग नहीं कर सकते।

भाजपा के नए आरोपों पर कांग्रेस, पवन खेड़ा या उनकी पत्नी कोटा नीलिमा की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। बता दें कि नीलिमा तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी की सक्रिय नेता हैं। इससे पहले मंगलवार को भाजपा के आरोपों के बाद दिल्ली निर्वाचन कार्यालय ने खेड़ा को नोटिस जारी कर दिया है। पवन खेड़ा को मतदाता सूची में 2 बार नाम दर्ज कराने को लेकर छह दिन के अंदर अपना जवाब देने के लिए कहा गया है।

भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ₹तेलंगाना के खैरताबाद (60) विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार और पवन खेड़ा की पत्नी, एक दूसरी कांग्रेस नेता कोटा नीलिमा के पास भी दो सक्रिय EPIC (मतदाता फोटो पहचान पत्र) हैं, एक खैरताबाद (तेलंगाना का विधानसभा क्षेत्र) में पंजीकृत है और दूसरा नई दिल्ली में।₹ मालवीय ने आगे कहा, "अब यह बिल्कुल स्पष्ट है कि कांग्रेस नेताओं के पास कई EPIC नंबर हैं और वे एक से ज्यादा जगहों पर पंजीकृत मतदाता हैं। यह कोई संयोग नहीं है।"

अमित मालवीय ने आगे कहा कि वोट चोरी में लिप्त लोग ही आम नागरिकों को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करने के लिए बदनाम कर रहे हैं और हमारी संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी अपने ही खेमे के भीतर, खासकर सार्वजनिक पद के इच्छुक लोगों की आपराधिक गतिविधियों से खुद को मुक्त नहीं कर सकते। मालवीय ने चुनाव आयोग से जांच शुरू कराए जाने की मांग की है।

भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता शाजिया इल्मी ने भी राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस जो खुद को मोहब्बत की दुकान कहती है, असल में फर्जीवाड़ा और फरेब का बाजार चला रही है। भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इल्मी ने आरोप लगाते हुए कि कांग्रेस ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उसका लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, ₹यह सिर्फ वोटों में धांधली और छल करने का काम करती है।" वहीं अपने ऊपर लगे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए पवन खेड़ा ने मंगलवार को कहा है कि यह आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। खेड़ा ने मालवीय की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "मुझे उनसे ही पता चला है कि मेरे पास दूसरा मतदाता पहचान पत्र भी है।

### भाजपा मुझे चुनाव नहीं लड़ायेगी : शाहनवाज

**पटना।** बिहार में भारतीय जनता पार्टी के मुस्लिम चेहरे सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि पार्टी उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़वाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि भाजपा में रहकर उनका काम क्या होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज ने एक इंटरव्यू में कहा कि वह सिर्फ मुसलमानों का चेहरा नहीं, बल्कि हिंदुओं में भी उनकी लोकप्रियता है। भाजपा उन्हें जो जिम्मेदारी देगी उसे वह बखूबी निभाएंगे।

शाहनवाज हुसैन ने कहा, ₹मुझे भाजपा पर पूरा भरोसा है कि मुझे चुनाव लड़ने को नहीं कहेगी। पार्टी मुझे प्रचार में लगाएगी। भाजपा में मेरी उपयोगिता एक कार्यकर्ता के रूप में है। मैं अपनी पार्टी का वफादार कार्यकर्ता हूं। पार्टी कहेगी दरी बिछाइए, तो दरी बिछाएंगे। पार्टी ने मुझे बहुत दिया है।₹ भाजपा का मुस्लिम चेहरा होने के सवाल पर शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वह बिहार के हिंदुओं में भी किसी से कम लोकप्रिय नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वह सिर्फ मुसलमानों का चेहरा नहीं हैं। उन्हें 18 प्रतिशत (मुस्लिम) का नेता बनकर नहीं रहना है। भाजपा में आकर भी वह हिंदु-मुस्लिम करेंगे तो फिर यहां आने का औचित्य नहीं है।

# भारत पर टैरिफ को करो जीरो और मांगो माफी

एजेंसी



**»** अमेरिका से ही उठ रहीं ट्रंप के खिलाफ आवाजें

**वाशिंगटन।** रूस से तेल आयात करने पर भारत पर नाराज अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 50 फीसदी टैरिफ लगाया है, जिसका उनके देश में ही विरोध हो रहा है। तमाम एक्सपर्ट्स ट्रंप द्वारा भारत पर भयंकर टैरिफ लगाए जाने के खिलाफ हैं। एक एक्सपर्ट ने तो ट्रंप को भारत से माफी मांगने और जीरो टैरिफ करने की सलाह दी है। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर एडवर्ड प्राइस ने कहा है कि 21वीं सदी को आकार देने में भारत का निर्णायक वोट है। ट्रंप के फैसले पर और अधिक आश्चर्य व्यक्त करते हुए भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को महत्वपूर्ण बताया।

प्राइस ने कहा, "मैं भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी को 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी मानता हूं। यह साझेदारी तय करेगी कि चीन और रूस के बीच क्या होता है। 21वीं सदी में भारत के पास निर्णायक वोट है...भारत 21वीं सदी में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है और आगे और भी शक्तिशाली बनने की ओर अग्रसर है। मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि चीन के साथ टकराव और रूस के साथ युद्ध में, अगर आप इस पर गौर करें, तो अमेरिका के राष्ट्रपति भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ क्यों लगा रहे हैं। हमें भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ हटाकर इसे कहीं अधिक उचित स्तर पर लाना होगा, मैं शून्य प्रतिशत टैरिफ लगाने का सुझाव देता हूं और माफी मांगने के लिए कहना चाहता हूं।" एडवर्ड प्राइस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा की और अमेरिका को याद दिलाया कि भारत के पास रूस-चीन गठबंधन को पूरी तरह से अपनाने के अलावा और भी विकल्प हैं, और बीजिंग की सैन्य परेड में शामिल नहीं होना चाहिए।

# पटना में जल्द ही रफ्तार पकड़ने जा रही है मेट्रो रेल

## सुरक्षा, सुविधाएं और बुनियादी ढांचे की नगर विकास मंत्री ने की समीक्षा




संजय सिंह


**पटना।** राजधानी पटना में मेट्रो रेल अब जल्द ही रफ़्तार पकड़ने वाली है। नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश कुमार ने बुधवार को पटना मेट्रो परियोजना के दो प्रमुख स्थलों मेट्रो डिपो और जीरो माइल मेट्रो स्टेशन का दौरा कर कार्य प्रगति का जायजा लिया। मेट्रो डिपो में मंत्री जीवेश कुमार ने आधुनिक रौलिंग स्टॉक (मेट्रो ट्रेनों) का निरीक्षण किया और उनके संचालन एवं रख-रखाव के लिए निर्मित विशेष सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जीरो माइल मेट्रो स्टेशन पर उन्होंने यात्री केंद्रित डिज़ाइन की भी समीक्षा की। जिसमें यात्रियों के लिए सुरक्षा प्रणालियों, सुविधाएं और सुगम एवं आरामदायक यात्रा के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचा भी शामिल है।

इस दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव और पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (पीएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक अभय कुमार सिंह ने मंत्री जीवेश कुमार को अबतक की प्रगति और आगामी परिचालन के विभिन्न चरणों की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। नगर विकास मंत्री का यह निरीक्षण इस विश्वास को पुष्ट करता है कि पटना मेट्रो शहर को सुरक्षित, विश्वसनीय और आधुनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

# मिसाइल से फाइटर जेट्स तक चीन ने दिखाया जखीरा

## पुतिन, किम जोंग और शहबाज शरीफ विक्ट्री परेड में रहे मौजूद

एजेंसी



**बीजिंग।** चीन ने दूसरे विश्व युद्ध में अपनी विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में बुधवार को एक विशाल सैन्य परेड का आयोजन किया जिसमें रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन सहित 20 से अधिक विदेशी नेताओं ने शिरकत की। इसमें पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी बतौर गेस्ट शामिल थे। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव एवं केंद्रीय सैन्य आयोग के अध्यक्ष राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने इस भारी-भरकम परेड का निरीक्षण किया और सैनिकों से सलामी ली। इस परेड में रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस और कनाडा जैसे देशों से चीन की द्वितीय विश्व युद्ध में सहायता करने वाले लोगों के प्रतिनिधियों या उनके परिवार के सदस्यों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर चीनी सेना ने कई हथियारों का सार्वजनिक प्रदर्शन किया। जिस समय चीन अपने हथियारों को सैन्य परेड में दिखा रहा था, उस समय शहबाज शरीफ भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि चीन और पाकिस्तान की दोस्ती काफी अच्छी है और हाल ही में भारत-पाकिस्तान संघर्ष के दौरान भी चीन ने पाकिस्तान की खुलकर मदद की थी। पाकिस्तान ने चीन निर्मित फाइटर जेट्स, एयर डिफेंस सिस्टम्स का ही इस्तेमाल किया था। आइए जानते हैं, चीन ने सैन्य परेड में कौन-कौन से हथियारों का प्रदर्शन किया

चीन ने परमाणु-सक्षम मिसाइलों का प्रदर्शन किया है जिन्हें समुद्र, जमीन और हवा से एक साथ लॉन्च किया जा सकता है। यह पहली बार है जब उसने अपनी परमाणु-तैयार क्षमताओं के इसका प्रदर्शन किया है।

- हवा-आधारित, लंबी दूरी की मिसाइल जिंगलेई-1
- पनडुब्बी से प्रक्षेपित अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल जुलांग-3
- भूमि-आधारित अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें डोंगफेंग-61 (डीएफ-61) और डोंगफेंग-31 - ये हथियार देश की संप्रभुता और गरिमा की रक्षा के लिए चीन की रणनीतिक 'अग्रणी' शक्ति हैं।
- डोंगफेंग-5सी (डीएफ-5सी) - 1970 के दशक में चीन द्वारा शुरू किए गए मिसाइल कार्यक्रम का लेटेस्ट वर्जन। यह मिसाइल तरल-ईंधन से चलती है और एक ही लक्ष्य पर कई स्वतंत्र वारहेड दागने में सक्षम है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, डीएफ-5सी तरल ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय सामरिक परमाणु मिसाइल की मारक क्षमता पूरी दुनिया पर है।

-हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइलें, जिनका चीन पहले अमेरिकी विमानवाहक पोतों के मॉडल के विरुद्ध परीक्षण कर चुका है। इनमें यिंगजी-19, यिंगजी-17 और वाईजे-20 शामिल हैं।

-अन्य मिसाइलों में क्रूज मिसाइलें - चांगजियान-20ए, यिंगजी-18सी, चांगजियान-1000 - और अन्य हाइपरसोनिक मिसाइलें - यिंगजी-21, डोंगफेंग-17 और डोंगफेंग-26डी शामिल हैं, जिनके बारे में चीन के सरकारी मीडिया ने कहा कि वे 'सभी मौसमों में युद्ध करने की क्षमता' से लैस हैं। परेड में जे-16डी, जे-20, जे-35ए, जे-20एस और जे-20ए लड़ाकू विमानों को दिखाया गया।

# चीन से किम जोंग का जूठा गिलास तक ले गए बॉडीगार्ड

## पुतिन से मुलाकात के बाद फिंगरप्रिंट भी मिटाये, सीक्रेट जानकारी लीक होने का खतरा

एजेंसी

**बीजिंग।** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने बुधवार को चीन की राजधानी बीजिंग में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात की। डेली मेल के मुताबिक, इस मुलाकात के बाद किम जोंग के गार्ड्स उनका जूठा गिलास अपने साथ ले गए। उन्होंने उस कुर्सी-टेबल को भी सावधानी से साफ कर दिया, जिस पर किम बैठे थे।

रूसी पत्रकार अलेक्जेंडर युनाशेव ने बताया कि मीटिंग के बाद कुर्सी, टेबल और आस पास की चीजों की इस तरह साफ किया कि उन पर किम का कोई निशान नहीं छूट जाए। एक्सपर्ट्स का अनुमान है कि ये रूस या चीन की जासूसी से बचने की कोशिश हो सकती है या फिर किम अपनी हेल्थ की जानकारी छिपाना चाहते हैं। किसी नेता के फिंगर प्रिंट और मल-मूत्र से उसके डीएनए और हेल्थ से जुड़ी सीक्रेट जानकारी पता की जा सकती है।

फिंगरप्रिंट से किसी भी इंसान के सीक्रेट दस्तावेज तक पहुंच हासिल की जा सकती है। फिंगरप्रिंट का इस्तेमाल फोन, लैपटॉप, और सीक्रेट ठिकानों में एंट्री के लिए भी होता है। किसी भी देश के नेता का स्वास्थ्य 'टॉप सीक्रेट' माना जाता है। अगर ये जानकारी बाहर आ जाए तो दुश्मन देश उसकी कमजोरियों का फायदा उठा सकते हैं।

विदेशी एजेंसियां स्वास्थ्य रिपोर्ट लीक कर यह छवि बना सकती हैं कि राष्ट्रपति कमजोर या बीमार हैं। इससे घरेलू राजनीति और जनता का भरोसा डगमगा सकता है। यही वजह है कि दुनिया के कई देशों की सिक्योरिटी एजेंसी विदेश दौरे पर अपने नेता के फिंगरप्रिंट साफ कर देती हैं और उनके मल-मूत्र वापस ले जाती है। पत्रकार युनाशेव के मुताबिक, किम और पुतिन की मुलाकात अच्छी रही। दोनों नेता खुश थे और बाद में साथ में चाय पीने गए। किम ने पुतिन से कहा- अगर मैं रूस के लिए कुछ कर सकता हूं, तो मुझे खुशी होगी। पुतिन ने उत्तर कोरिया को यूक्रेन में सैनिक भेजने के लिए शुक्रिया कहा। कोविड-19 के बाद किम जोंग का यह पहला चीन दौरा था। यहां उन्होंने पुतिन के साथ चीन की विक्ट्री डे परेड में हिस्सा लिया।



### किम की बेटी पहली बार नॉर्थ-कोरिया के बाहर दिखीं

उत्तर कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन के साथ चीन की विक्ट्री परेड में उनकी बेटी किम जू ऐ भी पहुंची। यह पहला मौका था जब किम जू को देश के बाहर देखा गया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किम जू ऐ को किम जोंग का उत्तराधिकारी माना जाता है। जू 12 साल की हैं। वह 2022 से अपने पिता के साथ सैन्य परेड, हथियार परीक्षण और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में शामिल होती रही हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक किम जोंग के तीन बच्चे हैं, जिनमें किम जू के अलावा एक बेटा है। उनकी एक और संतान है, जो लड़का है या लड़की, यह स्पष्ट नहीं है। किम जू ऐ की इस यात्रा ने कई सवाल खड़े किए हैं कि क्या किम अपनी बेटी को भविष्य के उत्तराधिकारी के तौर पर तैयार कर रहे हैं। एक्सपर्ट्स मानते हैं कि जू को को चीन ले जाना उनकी बढ़ती हैसियत का संकेत है। बीजिंग रेलवे स्टेशन पर उन्हें अपने पिता के साथ खड़ा देखकर यह साफ हो गया कि विदेश में भी उन्हें उत्तर कोरिया का नंबर 2 माना जा रहा है। इस तरह किम जोंग–उन दुनिया को संदेश दे रहे हैं कि जू–ए उनकी उत्तराधिकारी बनेंगी।

# स्वाति ने पंजाब के लिए मान ली केजरीवाल की बात

विश्ववार्ता ब्यूरो



**»** बाढ़ पीड़ितों के लिए दिया एक माह का वेतन

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल और उन्हीं के पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल के बीच संबंध कैसे हैं, किसी से छिपा नहीं है। सीएम रहते मुख्यमंत्री आवास में कथित पिटाई के बाद से तो स्वाति केजरीवाल पर और मुखर हो गई हैं। दो दिन पहले ही उन्होंने पंजाब में भयावह स्थिति पर केजरीवाल के वहां न जाने पर निशाना साधा था,लेकिन आज उन्होंने पूर्व सीएम की एक बात मान ली है। स्वाति मालीवाल अपनी 1 महीने की सैलरी बाढ़ पीढ़ितों की मदद के लिए दान देंगी। उन्होंने बकायदा एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है।

स्वाति मालीवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देश में कहीं कोई संकट आए तो पंजाबी दिल खोलकर वहां सेवा करने पहुंचते हैं। आज पंजाब बाढ़ की चपेट में है, बहुत नुकसान हुआ है। मैं अपनी एक महीने की सैलरी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए डोनेट कर रही हूं। ये बहुत छोटी पहल है लेकिन मुझे उम्मीद है और लोग इस पहल से जुड़ेंगे। वाहेगुरु जी सबकी मदद करें।

**जयेश मीडिया प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड** के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **रोहित बाजपेयी** द्वारा दि इंडियन एक्सप्रेस लि. सी-26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित और 33 कैंट रोड निकट ओडियन सिनेमा लखनऊ से प्रकाशित।
संपादक- **मनोरंजन सिंह*, उत्तराखंड कार्यालय-** जे.एन. प्लाजा कॉम्पलेक्स, तृतीय तल, जिला जज न्यायालय के सामने, हरिद्वार रोड, देहरादून
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए उत्तरदायी। समस्त विवादों का निस्तारण लखनऊ न्यायालय में मान्य होगा।
RNI No. UPHIN/2008/28657 Phone No.: (BSNL) 0522-2619671, 2619672 Phone No.: (AIRTEL) 0522-4323301, 4323302, 4323303 E-Mail: vishwavarta.response@gmail.com, dailyvishwavarta@yahoo.com dailyvishwavarta@rediffmail.com